खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 10°C

देहरादून, मंगलवार 17 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 191 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फॉर्म-7 के जरिये पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही: अखिलेश यादव पेज 2



टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने राशिद खान खेल टाइम्स



गोदी मीडिया के एप्स्टीन दस्तावेज आखिर कब बाहर आएंगे! सम्पादकीय



यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठाएगी रहमान सरकार ! पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को अब मजबूत करने का समय : सर्जियो गोर

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमांड के एडमिरल सैमुअल पापारो की भारत यात्रा से अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी का विस्तार होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को मजबूत करने का समय है। राजदूत गोर ने कमांडर पापारो का भारत में स्वागत किया और दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को और गहरा करने के महत्व पर प्रकाश डाला। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री गोर ने कहा कि अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी का विस्तार करने के लिए एडमिरल पापारो के भारत आगमन पर मुझे बहुत खुशी है। अब हमारे दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को मजबूत करने का समय है।

### 'हैमर' हथियार प्रणाली स्थापित करेंगी बीईएल और फ्रांस की एसईडी

**नई दिल्ली।** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और फ्रांस की सफरान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड डिफेंस (एसईडी) ने 'हैमर' हथियार प्रणाली के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने का समझौता किया है। यह करार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से पहले किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मुंबई में राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात करेंगे, जहां दोनों नेता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे और प्रमुख क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### उप्र में जेंडर व विषय कोड की त्रुटियों का होगा सुधार

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व परीक्षार्थियों के जेंडर कोड और विषय विवरण में पाई गई त्रुटियों को गंभीरता से लेते हुए सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और क्षेत्रीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षा 18 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो रही है और कई जनपदों से परीक्षार्थियों के जेंडर कोड तथा विषयों में त्रुटियों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

### थोक मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** सब्जियों, फलों और धातुओं के दाम बढ़ने से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो मार्च 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। दिसम्बर 2025 में थोक महंगाई दर 0.83 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी एक साल पहले की तुलना में सब्ज्यों के दाम 6.78 प्रतिशत और फलों के 1.78 प्रतिशत बढ़ गए। दूध की कीमत में 2.51 फीसदी और अंडों, मांस तथा मछलियों के दामों में 3.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# एआई इम्पैक्ट समिट का प्रधानमंत्री मोदी ने किया इनॉगरेशन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में सोमवार 16 फरवरी से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली। ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा।

समिट के साथ-साथ इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगी। यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में एआई से खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है। इंफो एज के फाउंडर और एग्जीक्यूटिव वॉइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने कहा कि एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम करने की क्षमता (प्रोडक्टिविटी) को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे एआई टूल्स को अपनाएं, वरना वे पीछे छूट सकते हैं। सिस्को सिस्टम्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश कृष्णन ने कहा कि एआई आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज में सुधार कर रहा है और इंसानी क्षमताओं को बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ विनीत नायर बोले कि एआई का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के मौके भी पैदा करेगा।

- दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 नई दिल्ली में शुरू
- 300 से ज्यादा कंपनियां दिखा रहीं एडवांस गैजेट्स, खेती, पढ़ाई और सेहत पर फोकस रहेगा

### स्टार्टअप्स लीडर्स से मुलाकात

देश-विदेश के स्टार्टअप्स अपने अनोखे प्रोडक्ट्स पेश करेंगे। आम लोग इन इनोवेटर्स से सीधे बात कर सकेंगे और समझ सकेंगे कि भविष्य की तकनीक कैसी होगी। एक्सपीरिएंस जोन- समिट में कई थीमैटिक पवेलियन बनाए गए हैं।

यहां लोग खुद एआई पॉवर्ड मशीनों और सॉफ्टवेयर का अनुभव ले सकेंगे, जैसे स्मार्ट हेल्थ मॉनिटरिंग और एआई ट्यूटर।

### गुजरात के 32 स्कूलों को बमों से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के 32 स्कूलों में ईमेल के जरिये बम की धमकी दी गई है। इसमें वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूल शामिल हैं। ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा। जानकारी सामने आते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और बच्चों को वापस ले आए। बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में तलाशी शुरू कर दी है। फिलहाल स्कूलों को खाली करा लिया गया है और वाहनों व स्कूल परिसरों की जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर वडोदरा के उर्मी स्कूल के छात्रावास को भी खाली करा लिया गया है।

# हिमंता शूटिंग मामला: सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार

## कहा: चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया, इसे प्लेग्राउंड मत बनाइए

- असम के सीएम पर कार्रवाई की मांग
- याचिकाओं पर कोर्ट ने पूछा: पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के वायरल वीडियो मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूछा कि पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। कोर्ट ने हाईकोर्ट की अधिकारिता को कमतर न आंकने की सलाह दी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि हर चुनावी विवाद सीधे सुप्रीम कोर्ट में लाना एक चिंताजनक प्रवृत्ति बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि असम में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कई राजनीतिक मुद्दे अदालत तक पहुंच रहे हैं, जो उचित नहीं है। अदालत ने पक्षकारों से संवैधानिक मर्यादा और संयम बनाए रखने की नसीहत दी। अब इस मामले में -शेष पृष्ठ दो पर

### सबरीमाला में महिलाओं के साथ भेदभाव मामले में नौ जजों की पीठ गठित, सात अप्रैल से होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की 9 न्यायाधीशों की बेंच 7 अप्रैल से धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के भेदभाव के मामलों पर सुनवाई शुरू करेगी। इस मामले में प्रमुख रूप से केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सभी पक्ष अपनी लिखित दलीलें 14 मार्च तक जमा करें। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह सबरीमाला फैसले की समीक्षा का समर्थन करते हैं। बेंच में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील परमेश्वर और शिवम सिंह को एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया है, ताकि न्यायालय को आवश्यक मार्गदर्शन और पक्षों की दलीलों का विश्लेषण प्रदान किया जा सके।



### सुप्रीम कोर्ट में अबू सलेम की रिहाई याचिका खारिज

#### कहा: आपने कोई नेकी नहीं की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट के दोषी अबू सलेम को कोई राहत नहीं दी। कोर्ट ने रिहाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार करते हुए कहा कि आपने समाज के लिए कोई नेक काम नहीं किया है। आपको टीएडीए के तहत दोषी ठहराया गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने अबू सलेम को हाईकोर्ट का रुख करने की सलाह दी। कोर्ट ने कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने केवल अंतरिम राहत देने से इन्कार किया है। ऐसे में सलेम को हाईकोर्ट में ही अंतिम बहस करनी चाहिए। अबू सलेम ने अपनी याचिका में दावा किया था कि अच्छे आचरण के आधार पर मिलने वाली रिमिशन (सजा में छूट) को जोड़कर देखा जाए, तो वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और 10 महीने से अधिक समय से अवैध कस्टडी में है।

# उप्र आक्रांताओं का महिमामंडन स्वीकार नहीं करेगा: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ, न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा, विपक्ष पर कानून-व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का लगाया आरोप**

**लखनऊ।** उप्र विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए राज्य सरकार की उपलब्धियों, कानून-व्यवस्था की स्थिति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि आज का उप्र नए भारत की भावना के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और आक्रांताओं के महिमामंडन को कतई स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी माघ मेला केवल कल्पवासियों तक सीमित रहता था, जहां कुछ लाख श्रद्धालु ही आते थे। लेकिन आज 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता यह दर्शाती है कि लोगों को व्यवस्था और सुरक्षा पर पूरा विश्वास है। उन्होंने इसे सरकार की सुशासन नीति का प्रमाण बताया। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा कहते हुए उन्होंने विपक्ष पर कानून-व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि 2017 में प्रदेश पुलिस में केवल 10 हजार महिला कार्मिक थीं, जबकि आज यह संख्या बढ़कर 44 हजार से अधिक हो गई है। पहले पुलिस प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब 60 हजार से अधिक कार्मिक एक साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्रदेश में केवल दो फॉरेंसिक लैब थीं, जबकि अब 12 लैब संचालित हैं और छह अन्य निर्माणाधीन हैं। सभी 75 जिलों में दो-दो फॉरेंसिक वैन उपलब्ध -शेष पृष्ठ दो पर



# शादी से पहले फिजिकल होना समझ से बाहर: सुप्रीम कोर्ट

**कहा: लड़का-लड़की अजनबी होते हैं, हम पुराने ख्यालों वाले, लेकिन भरोसा करने से पहले सावधान रहें**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रेप के आरोपों से जुड़े एक मामले में शादी से पहले फिजिकल रिलेशनशिप को लेकर हैरानी जताई। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम यह नहीं समझ पाते कि एक लड़का और लड़की शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हो सकता है हम पुराने ख्यालों के हों, लेकिन शादी से पहले लड़का और लड़की अजनबी होते हैं। आपको बहुत सावधान रहना चाहिए। शादी से पहले किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना के साथ जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिस पर एक महिला से शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। आरोप है कि व्यक्ति पहले से शादीशुदा था और बाद में उसने दूसरी महिला से शादी कर ली। सरकारी वकील के मुताबिक, लगभग 30 साल की युवती की 2022 में एक मैट्रिमोनियल साइट पर शख्स से मुलाकात हुई थी। आरोप है कि शख्स ने युवती से शादी का वादा करके दिल्ली और बाद में दुबई में कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने दावा किया है कि शख्स के कहने पर वह दुबई गई थी। वहां उसकी सहमति के बिना आरोपी ने अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किए, और विरोध करने पर उन्हें वायरल करने की धमकी दी। शिकायतकर्ता को बाद में पता चला कि शख्स ने 19 जनवरी, 2024 को पंजाब में दूसरी शादी कर ली थी। इस मामले में निचली अदालत और दिल्ली हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि आरोपी की तरफ से किया गया शादी का वादा शुरू से ही झूठा था, क्योंकि वह पहले से ही शादीशुदा था। हाईकोर्ट के आदेश से असंतुष्ट होकर आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

# चुनाव आयोग ने प. बंगाल के 7 अफसर किए सस्पेंड

- SIR में लापरवाही: पावर के गलत उपयोग के आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरतने पर पश्चिम बंगाल के सात अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

आयोग ने सोमवार को कहा कि यह कार्रवाई तुरंत प्रभाव से लागू मानी जाएगी। आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13सीसी के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इन अधिकारियों को निलंबित कर दिया और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया। आयोग ने सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि यह कार्रवाई मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़ी कानूनी जिम्मेदारियों को निभाने में देखी गई गंभीर कमियों को देखते हुए की गई है। इस तरह का गलत काम चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को कमजोर करता है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग ने आगे निर्देश दिया कि निलंबित किए गए अधिकारियों के खिलाफ संबंधित कैडर-नियंत्रण अधिकारियों द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाए और इसकी जानकारी आयोग को दी जाए। इस मामले से संबंधित एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आयोग ने यह साफ कर दिया है कि चुनाव से जुड़े कामों में जवाबदेही सबसे जरूरी है।

### देश का व्यापार घाटा जनवरी में 10 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** वस्तुओं के आयात में तेज वृद्धि से इस साल जनवरी में देश का कुल व्यापार घाटा लगभग दोगुना होकर 10.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल जनवरी में वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर कुल व्यापार घाटा 5.39 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में वस्तुओं का निर्यात साल-दर-साल 0.6 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर और सेवाओं का निर्यात 26.33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 43.90 अरब डॉलर रहा। वस्तुओं का आयात 19.19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 71.24 अरब डॉलर हो गया। जनवरी 2025 में यह 59.77 अरब डॉलर था। सेवाओं का आयात 17.30 प्रतिशत बढ़कर 19.60 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार कुल निर्यात 80.45 अरब डॉलर और कुल आयात 90.83 अरब डॉलर दर्ज किया गया। पिछले साल जनवरी में कुल आयात 71.90 अरब डॉलर और कुल निर्यात 76.48 अरब डॉलर पर था।

# जम्मू-कश्मीर के 14 टूरिस्ट स्पॉट में लौट रही रौनक

श्रीनगर, वार्ता

- लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का किया ऐलान

**जम्मू-कश्मीर** के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का ऐलान किया। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा कि पूरी सिक्योरिटी रिव्यू और चर्चा के बाद मैंने कश्मीर और जम्मू डिवीजन में और टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोलने का ऑर्डर दिया है।

कश्मीर डिवीजन में 11 टूरिस्ट स्पॉट - यूसमर्ग, बड़गाम में दूधपथरी, कोकरनाग में दांडीपोरा पार्क, पीर की गली, शोपियां में दुबजान और पड़पावन, श्रीनगर में अस्तनपोरा, ट्यूलिप गार्डन, थजवास ग्लेशियर, गंदेरबल में हंग पार्क और बारामूला में वुलर/वतलाब को फिर से खोला जाएगा। वहीं जम्मू डिवीजन में 3 टूरिस्ट स्पॉट- रियासी में देवी पिंडी, रामबन में माहू मंगत और किश्तवाड़ में मुगल मैदान आम पब्लिक के लिए ओपन होंगे। घूमने वाली इन जगहों को पिछले साल अप्रैल में हुए पहलगाम अटैक के बाद से बंद कर दिया गया था। इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसमें से 25 टूरिस्ट थे। पिछले साल सितम्बर में कश्मीर संभाग में सात टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोला गया था। उनमें अरु घाटी, राफ्टिंग प्वॉइंट यान्नर, अक्कड़ पार्क, पादशाही पार्क और कमान पोस्ट शामिल हैं। वहीं जून में पहलगाम के कुछ हिस्सों सहित 16 पर्यटन स्थलों को फिर से खोल दिया गया था।

### 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका पर केंद्र को फिर मोहलत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कश्मीर से संबंधित 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र को और एक महीने का अतिरिक्त समय दिया है। इससे पहले 11 फरवरी के एक आदेश में न्यायालय ने कहा था कि प्रतिवादियों में से एक ने अभी तक अपनी आपत्तियां दर्ज नहीं की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका गांधी 18-19 फरवरी को असम दौरे पर रहेंगी


**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 18 और 19 फरवरी को असम के दो दिवसीय दौरे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं और पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लेंगी। पार्टी के सूत्रों के अनुसार प्रियंका गांधी 18 फरवरी को गुवाहाटी स्थित राजीव भवन पहुंचेंगी, जहां स्क्रीनिंग कमेटी, राजनीतिक मामलों की समिति और विभिन्न जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगी। इसके अलावा वह विधायकों, पूर्वोत्तर कांग्रेस समन्वय से जुड़े नेताओं और सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगी। श्रीमती वाड्रा के इस दौरे का मुख्य आकर्षण नेताओं के साथ उनकी वन-टू-वन मीटिंग होगी, जिसमें वह संगठन की मजबूती, आगामी चुनावी रणनीति और जमीनी मुद्दों पर विस्तार से बातचीत करने वाली हैं। इस दौरान 19 फरवरी को वह कार्यकारी अध्यक्षों, सांसदों और विभिन्न प्रकोष्ठों व विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

### जंगली हाथी के हमले में पुजारी की मौत

**बहराइच।** उप्र के जनपद बहराइच में कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है। रविवार रात एक जंगली हाथी ने कटियारा बाबा कुटिया में घुसकर एक पुजारी को पटक-पटककर मार डाला। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। वन विभाग के अनुसार घटना कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के अंतर्गत कटियारा बाबा कुटिया की है। मृतक की पहचान सुरेश दास (100) निवासी हजारीपुरवा गांव, कारीकोट क्षेत्र के रूप में हुई है। वह पिछले 15 वर्षों से कुटिया में रहकर पूजा-पाठ करते थे और बाल ब्रह्मचारी थे।

# डा. नितिन गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डायबिटिज की फैलोशिप से सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता



**मुजफ्फरनगर।** हर्ष मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल निकट महावीर चौक मुजफ्फरनगर के डा. नितिन गुप्ता एमडी को 12 एवं13 फरवरी 2026 को हैदराबाद के हाईटेक कन्वेनशनल सेंटर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डायबिटिज फैलोशिप पुरस्कार से नवाजा गया।

इस सम्मेलन में देश-विदेश के डायबिटिज विशेषज्ञ आए हुए थे, मुख्यत: ऑस्ट्रेलिया, चीन, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इंग्लैंड के चिकित्सक थे। इन्हीं में उत्तर प्रदेश के कुल दो डाक्टर आमंत्रित थे। डा. नितिन गुप्ता ने शुगर की बीमारी पर कई शोध भी किए हैं। इसमें रमजान महीने में शुगर के मरीजों पर विशेष प्रभाव है। यह शोध विदेश में भी लोकप्रिय रहा। डा. गुप्ता मरीजों में शुगर का इलाज आधुनिक तकनीकों से कर रहे हैं। डा. गुप्ता पश्चिमी यूपी के मुख्य डायबिटिज विशेषज्ञों में से एक हैं। डा. गुप्ता ने डायबिटिज के साथ दिल के रोगों के इलाज में भी कुशलता हासिल की है। आजकल डायबिटिज के मरीजों में हार्ट अटैक का इलाज विशेष तकनीकों से किया जाना विशेष है। डा. गुप्ता का फैलोशिप अवार्ड जनपद मुजफ्फरनगर का गौरव है। इस सम्मेलन के आर्गेनाइजिंग चेयरमैन डा. बीएम मक्कर थे एवं सचिव डा. वन्शी साहू थे। ज्ञात हो कि डा. गुप्ता एम्स, जीबी पंत दिल्ली एवं अपोला अस्पताल से भी ट्रेंड हैं।

# उप्र के नवनिर्माण की आधारशिला रखेगा ये बजट: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'योगी की पाती' शीर्षक से प्रदेशवासियों के नाम संदेश जारी कर राज्य के बजट को नवाचार और तकनीक आधारित विकास की ऐतिहासिक पहल बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र का यह बजट नव निर्माण की उस यात्रा का अगला चरण है, जिसकी मजबूत आधारशिला पिछले वर्षों में रखी गई है।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का व्यापक उपयोग किया जाएगा। इसके तहत स्टेट डेटा अथॉरिटी का गठन किया जाएगा तथा यूपी एआई मिशन, एआई डेटा लैब, एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और डेटा सेंटर क्लस्टर की स्थापना की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इन पहलों से उप्र वैश्विक तकनीकी मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा। 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना के अंतर्गत 25 लाख युवाओं को नई तकनीकों में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेंगे। एमएसएमई, स्टार्टअप और उद्यमिता को प्रोत्साहन देकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में बिना कोई नया कर लगाए विकास की गति बनाए रखना सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है। 9.12 लाख करोड़ के इस बजट को उन्होंने युवा, महिला, किसान और गरीब वर्ग की आकांक्षाओं को साकार करने वाला बताया। संदेश के अंत में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हुए नवाचार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ें और विकसित उप्र के लक्ष्य को हासिल करने में सहभागी बनें।



सीएम ने 'योगी की पाती' शीर्षक से दिया संदेश

### यूपी ने नौ वर्षों में तय की आत्मविश्वास की यात्रा

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रदेश में हुए बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि उप्र ने 'कर्फ्यू से कानून, उपद्रव से उत्सव, समस्या से समाधान और अविश्वास से आत्मविश्वास' की यात्रा तय की है। सभी पक्षों को मिलाकर लगभग 51 सदस्यों ने अपने सुझावों से चर्चा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। राज्यपाल का अभिभाषण शासन की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का दस्तावेज होता है, जो सरकार की नीतियों और दिशा को स्पष्ट करता है। योगी ने मुख्य प्रतिपक्ष के व्यवहार को अशोभनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्यपाल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख होती हैं और उनके प्रति असम्मानजनक आचरण लोकतंत्र को कमजोर करता है।

## सीएचसी पर भी किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध हो: सपा

# सेहत और पानी पर सरकार-विपक्ष में तीखी बहस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में सोमवार को स्वास्थ्य सेवाओं और जल जीवन मिशन में कथित अनियमितताओं को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए।

उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सदन को बताया कि प्रदेश के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर हार्ट अटैक से जुड़े मामलों के लिए लगभग 40 हजार रुपये कीमत का जीवनरक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि मैसिव हार्ट अटैक या उससे संबंधित लक्षणों के साथ आने वाले मरीज को यह इंजेक्शन तत्काल लगाया जाता है, जिससे अगले 24 घंटे तक उसे दोबारा अटैक का खतरा कम रहता है। इस अवधि में मरीज को निकटतम मेडिकल कॉलेज में रेफर कर आगे का इलाज सुनिश्चित किया जाता है। पाठक ने बताया कि प्रदेश के 50 से अधिक मेडिकल कॉलेज इस प्रकार के इलाज के लिए अधिकृत किए गए हैं।

साथ ही एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सीएचसी पर मरीज के पहुंचते ही उसकी रिपोर्ट साझा की जाती है, ताकि मेडिकल कॉलेज स्तर पर तत्काल उपचार की तैयारी की जा सके। इस दौरान सपा विधायक समरपाल सिंह ने किडनी प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट में अत्यधिक समय लगता है और पूरी प्रक्रिया सात दिन के भीतर पूरी होनी चाहिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। जवाब में बृजेश पाठक ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि किडनी ट्रांसप्लांट कम से कम समय में हो और सात दिन से भी कम समय में प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया जाएगा।



■ हमने सीएचसी पर 40 हजार रुपये कीमत का जीवन रक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराया, जो हार्टअटैक के मरीजों को तत्काल लगाया जाता है: पाठक

### विधानसभा में गूंजा निजी अस्पतालों की मनमानी और आशा बहुओं का मुद्दा

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान सोमवार को निजी अस्पतालों की कथित मनमानी व आशाओं का मुद्दा जोर-शोर से उठा। समाजवादी पार्टी के सदस्य अतुल प्रधान ने सरकार से सवाल किया कि निजी अस्पतालों पर नियंत्रण के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और मरीजों से मनमाने शुल्क वसूलने की शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है। इस पर जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सदस्य अब भी अपना चश्मा नहीं बदल पा रहे हैं और पूर्ववर्ती सरकार के नजरिए से ही वर्तमान व्यवस्था को देख रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार निजी अस्पतालों की अनियमितताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और किसी को भी मनमानी की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### मॉडीफाइड साइलेंसर पर प्रभावी कार्रवाई की मांग विधान परिषद में नियम 115 के तहत उठा मुद्दा

**लखनऊ।** उप्र विधान परिषद के सदस्य विजय बहादुर पाठक ने सोमवार को नियम 115 के अंतर्गत मॉडीफाइड साइलेंसर से हो रहे ध्वनि और वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया और इस पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। विजय बहादुर पाठक ने प्रमुख सचिव, विधान परिषद को भेजे गए अपने पत्र में कहा कि राज्य में योगी सरकार ने यातायात को सुलभ और व्यवस्थित बनाने तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं।

# आरक्षण और आउटसोर्सिंग पर विधानसभा में घमासान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में आरक्षण और आउटसोर्सिंग के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

समाजवादी पार्टी के विधायक संग्राम यादव द्वारा आउटसोर्सिंग और आरक्षण का मुद्दा उठाए जाने के बाद सरकार की ओर से मंत्री अनिल राजभर ने सपा पर जोरदार हमला बोला। मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए की बात तो करती है, लेकिन अपने शासनकाल में उसने केवल एक वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार में ओबीसी आरक्षण के तहत लगभग 82 प्रतिशत लाभ एक ही वर्ग को दिया गया, जबकि राजभर, केवट, मल्लाह, चौहान सहित कई जातियों को उनका वाजिब हिस्सा नहीं मिला। राजभर ने कहा कि सपा बाबा साहब के संविधान की बात करती है, लेकिन उसके कार्यकाल में सामाजिक न्याय की अनदेखी हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी सदन चलता है, सपा आरक्षण का मुद्दा उठाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करती है। सरकार की ओर से जवाब देते हुए राजभर ने सदन को बताया कि सपा सरकार के दौरान रोजगार मेलों के जरिए कितने युवाओं को रोजगार मिला और 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक कितने युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी मिली है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि वर्तमान सरकार मातृशक्ति के लिए अलग से रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है, ताकि महिलाओं को अधिक अवसर मिल सकें।

■ अनिल राजभर का सपा पर तीखा हमला

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83277.15
निफ्टी 25682.75



सोना 154098
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 240947
प्रति किलो



# गिरावट से उबरे शेयर बाजार सेंसेक्स 650 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी लौट आई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 650.39 अंक (0.79 प्रतिशत) की बढ़त में 83,277.15 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 211.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,682.75 अंक पर बंद हुआ। दूसरे एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेत से शुरुआती कारोबार में घरेलू बाजारों में गिरावट थी, लेकिन यूरोपीय बाजारों में तेजी रहने से बाद में निवेश धारणा मजबूत हुई। इससे आज सेंसेक्स में 1,057 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। यह नीचे 82,277 अंक और ऊपर 83,333 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली को जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.38 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.48 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी, स्वास्थ्य, फार्मा, धातु, तेल एवं गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में तेजी रही। ऑटो और मीडिया समूहों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एचडीएफसी बैंक में भी दो प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, आईटीसी, आईटीसी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत ऊपर बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बीईएल, टीसीएस और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा में गिरावट रही।



## चांदी सस्ती हुई, सोने की कीमत में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** चांदी के दाम में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 1,486 रुपए गिरकर 2,40,947 रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी की कीमत 2,42,433 रुपए किलो थी। आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,333 रुपए बढ़कर 1,54,098 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,52,765 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। हालांकि पिछले तीन कारोबारी दिनों में चांदी 25,502 और सोना 3,224 रुपए सस्ता हुआ है। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई है।

इस दौरान सोना करीब 15 प्रतिशत तक सस्ता हो गया था। अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एक मुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 144590 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 157740 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 157740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 144590 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

# डील से हम जरूरत का 52 प्रतिशत तेल नहीं खरीद सकेंगे: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि हाल ही में अमेरिका के साथ हुए व्यापारिक समझौते के तहत जो शर्त रखी गई है कि उसके तहत भारत, रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा और इस शर्त के बाद भारत अपनी जरूरत का 52 प्रतिशत कच्चा तेल अब नहीं खरीद सकेगा जिससे देश को भारी आर्थिक नुकसान होगा। कांग्रेस महासचिव तथा पार्टी के राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने छह फरवरी को एक आदेश में कहा है कि भारत ने वादा किया है कि वह रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा और अगर खरीदता है, तो अमेरिका इस पर निगरानी रखेगा। निगरानी में यदि पाया जाता है कि भारत ने प्रत्यक्ष या परोक्ष से रूस से तेल खरीदा है तो भारत पर सारी टैरिफ पैनल्टी लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी को अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी यही बात दोहराई है। उन्होंने एक अंतर्राष्ट्रीय मंच पर कहा है कि भारत ने वादा किया है कि वह रूस से तेल नहीं खरीदेगा। इस शर्त के अनुसार भारत अब अमेरिका के कहने पर रूस से भी कच्चा तेल नहीं खरीद सकेगा। इससे पहले अमेरिका के कहने पर भारत ने ईरान से कच्चे तेल की खरीद बंद कर दी थी।

### कपास किसानों को होगा बड़ा नुकसान : सुरजेवाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारत-अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापार समझौते पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने देश के किसानों के हितों को नजरअंदाज कर यह समझौता किया है और इससे खासकर कपास किसानों को बड़ा नुकसान होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इस समझौते से देश के कपड़ा उद्योग पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका जताई है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**हिमंता शूटिंग...** आगे की कार्रवाई गुवाहाटी हाईकोर्ट में होगी, जहां याचिकाकर्ता अपनी शिकायतें रख सकेंगे। वीडियो में सीएम को एक खास समुदाय के सदस्यों पर राइफल से निशाना साधते और फायरिंग करते हुए दिखाया गया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पंचोली की बेंच ने पिटीशनर्स से गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने को कहा। हालांकि कोर्ट ने कहा कि चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया है, कोर्ट को प्लेग्राउंड मत बनाइए। असम में आने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि समस्या यह है कि चुनाव का एक हिस्सा उससे पहले लड़ा जाता है। जोकि ठीक नहीं है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट हिमंता के खिलाफ लगाई गई तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। दो याचिकाएं सीपीआई (एम) और सीपीआई ने लगाई थीं। तीसरी याचिका असम के चार लोगों ने मिलकर दायर की थीं। दरअसल, 8 जनवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम बीजेपी एक्स हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टार्गेटेड प्वाइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। कांग्रेस का दावा है कि वीडियो डिलीट कर दिया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के एक्स हैंडल पर दिख रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि असम मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा कथित तौर पर एक राइफल से निशाना साधते और दो लोगों पर गोली चलाते हुए दिख रहे थे। निशाने में दिख रही तस्वीर में एक ने टोपी पहनी थी और दूसरे की दाढ़ी थी। इसका कैप्शन प्वॉइंट-ब्लैंक शॉट था। श्रीनेत के शेयर किए गए वीडियो में असम की भारतीय जनता पार्टी का एक्स अकाउंट नजर आ रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा कि यही है असली बीजेपी: सामूहिक हत्यारे। यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी। उन्होंने पूछा कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं।

**उप्र आक्रांताओं...** कराई गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने पीएसी को बंदी की कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन अब प्रदेश में 34 वाहिनियां सक्रिय हैं, जिनमें तीन नई महिला बटालियन-उदा देवी, झलकारी बाई और अवंती बाई-शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र अब अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूती दे रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प का उल्लेख किया और आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को आगे बढ़ाने की बात कही। योगी ने कहा कि बहराइच में महाराज सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनाया गया है और उनके नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दल राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, कांवड़ यात्रा, दीपोत्सव और रंगोत्सव जैसे आयोजनों का विरोध करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे और समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। योगी ने कहा कि हिंदुस्तान में रहकर राष्ट्रगीत गाने में दिक्कत होना संविधान और बाबा साहेब का अपमान है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा उप्र में बसती है और प्रदेश की सेवा करना उनके लिए गौरव की बात है। सरकार ने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का मार्ग अपनाया है और सभी तीर्थस्थलों के विकास के लिए व्यापक कार्य किए हैं। अपने संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उप्र नए भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और सरकार विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव के एजेंडे पर प्रतिबद्ध है।

## फॉर्म-7 के जरिए पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि डेटा में साफ दिख रहा है कि पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही है।

फॉर्म-7 के जरिए सुनियोजित तरीके से लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी हस्ताक्षर कर बड़ी संख्या में मतदाताओं, खासकर मुस्लिम समुदाय के लोगों के नाम काटे गए हैं। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि कई मामलों में अज्ञात व्यक्तियों के नाम से आवेदन देकर मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि गोविद राय के फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर 16 मतदाताओं के नाम हटाए गए, जबकि बाबागंज विधानसभा क्षेत्र में फर्जी हस्ताक्षर के जरिए फॉर्म-7 भरकर करीब 100 वोट काट दिए गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भुरीपुरा विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी से जुड़े अतीक अहमद का भी वोट इसी प्रक्रिया के तहत कटवा दिया गया।

# यूपी में 10 अप्रैल को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची: नवदीप रिणवा

वाराणसी, वार्ता

उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा सोमवार को काशी पहुंचे। चौका घाट स्थित सांस्कृतिक संकुल में उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उप्र में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। कुछ लोगों में इस बात को लेकर स्पष्टता नहीं है कि एसआईआर अभी हुआ नहीं है।


कई लोग कह रहे हैं कि एसआईआर हो गया, जबकि अभी दावा-आपत्ति, नोटिस जारी करने और सुनवाई का चरण ही चल रहा है। रिणवा ने कहा कि ड्राफ्ट सूची प्रकाशित होने से पारदर्शिता आई है। फॉर्म-7 कोई भी भर दे और किसी का नाम कट जाए, ऐसा नहीं होता। पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से चल रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई, जिसमें सभी के सुझाव सुने गए। ब्लॉक-स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के अनुभव भी लिए जा रहे हैं, ताकि फील्ड में आने वाली दिक्कतों और कठिनाइयों का समाधान किया जा सके। कुछ दिनों पूर्व भारतीय जनता पार्टी के मंत्री रविंद्र जायसवाल ने नौ हजार से अधिक डुप्लीकेट वोटर अपने उत्तर विधानसभा क्षेत्र में होने का आरोप लगाते हुए इसे 'वोट जिहाद' का नाम दिया था। इस संबंध में पूछे जाने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मुझे इसकी विस्तृत जानकारी नहीं है, जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार इससे बेहतर बता सकते हैं। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पहले चरण में प्राप्त 4,300 लोगों की सूची में से केवल 8 वोटर डुप्लीकेट पाए गए हैं। शेष दूसरी सूची का सत्यापन कराया जा रहा है। रिणवा ने आगे बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 27 अक्टूबर 2025 को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने की घोषणा की थी। 4 नवम्बर से इसका पहला चरण शुरू हुआ। उप्र के सभी मतदाताओं को 27 अक्टूबर 2025 तक की मतदाता सूची के आधार पर गणना फॉर्म छपवाकर बीएलओ के माध्यम से घर-घर पहुंचाया गया। मतदाताओं ने फॉर्म भरकर हस्ताक्षर किए। यह चरण 26 दिसम्बर तक चला। छह जनवरी 2026 को उप्र की ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की गई, जिसमें लगभग 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार नाम शामिल हुए। गणना शुरू होने पर कुल 15 करोड़ 44 लाख के करीब नाम थे। इस प्रकार ड्राफ्ट सूची से करीब 2 करोड़ 88 लाख नाम हटाए गए। ये नाम विभिन्न कारणों से हटाए गए, जैसे मृत्यु हो जाना, एक से अधिक स्थान पर नाम दर्ज होना, घर बदलकर कहीं और चले जाना या संपर्क न होने पर 'लापता' श्रेणी में रखा जाना।

■ राज्य में एसआईआर प्रक्रिया अभी जारी, कुछ नोटिसों का हो चुका समाधान

# सरकार फाइलों में नहीं, मैदान में काम करेगी: धामी

## सीएम ने हरिद्वार में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं, मौके पर दिए समाधान के आदेश

■ जन-जन की सरकार: शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई, लापरवाही पर सख्त चेतावनी, डीएम को स्पष्ट निर्देश, एक भी जनसमस्या लंबित नहीं रहेगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम आर्यनगर (गाजीवाली), श्यामपुर कांगड़ी में आयोजित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत आयोजित मुख्य सेवक की चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने जनता के बीच बैठकर सीधे संवाद किया और स्पष्ट संदेश दिया कि सरकार अब फाइलों में नहीं, मैदान में काम करेगी।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी शिकायत को लंबित रखना स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं पर देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अन्य विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि जिन समस्याओं का समाधान तत्काल संभव है, उनका निस्तारण मौके पर ही किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि "मुख्य सेवक की चौपाल" केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार की जवाबदेही का जीवंत प्रमाण है। सरकार का उद्देश्य है कि आमजन को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि प्रशासन स्वयं उनके द्वार तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि राज्य सरकार जनहित के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक स्वामी यतीश्वरानंद, जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी व लोग उपस्थित रहे।

# जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत और प्रेरणा: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम आर्यनगर (गाजीवाली), श्यामपुर कांगड़ी में मुख्य सेवक की चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत और प्रेरणा है। उन्होंने स्वयं को जनता से अलग नहीं, बल्कि उनका सेवक बताते हुए कहा कि जनता की संतुष्टि ही उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "मुख्यसेवक की चौपाल" कोई औपचारिक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच संवाद का एक जीवंत मंच है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे यहां लोगों की समस्याएं सुनने और



■ सरकार मैदान में, जनता के बीच: 'मुख्य सेवक' ने दिखाई जवाबदेही की सख्त कार्यशैली

उनके समाधान के लिए आए हैं। उन्होंने दोहराया कि सरकार का संकल्प प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाना है, ताकि आमजन को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही सरकार का मूल मंत्र है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनहित सर्वोपरि रहे और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि किसी की आवाज दबाई नहीं जाएगी और कोई शिकायत अनसुनी नहीं रहेगी। सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत बीते डेढ़ माह में पूरे प्रदेश में लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु है।

# टिहरी झील को ग्लोबल डिटिनेशन के रूप में विकसित करने को बनाएं योजना: सीएस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने टिहरी झील को ग्लोबल डिटिनेशन के रूप में विक. सित किये जाने के लिये प्रभावी कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने सचिव पर्यटन को उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के स्तर पर टिहरी झील एवं उसके समीपवती क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किये जाने तथा अवस्थापना सुविधाओं के विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन से पूर्व टिहरी लेक डिटिनेशन का पर्यटन के दृष्टिगत विस्तृत मास्टर प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिये।

सोमवार को सचिवालय में पर्यटन विकास परिषद द्वारा टिहरी लेक प्रोजेक्ट के तहत सतत् समावेशी अनुकूल जलवायु आधारित पर्यटन विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि टिहरी लेक को ग्लोबल डिटिनेशन के रूप में विक. सित किये जाने संबंधी भारत सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्ताव



■ टिहरी लेक का पूरा मास्टर प्लान तैयार करने के लिए अनुभवी कन्सलटेन्ट की हो नियुक्ति

में शामिल किया जाय। उन्होने टिहरी लेक का पूरा मास्टर प्लान तैयार करने के लिये अनुभवी कन्सलटेन्ट की नियुक्ति के साथ पर्यटन विभाग को इसी के दृष्टिगत अपनी कार्ययोजना तैयार करने को कहा। मुख्य सचिव ने टिहरी लेक के चारों ओर रिंग रोड तैयार करने की कार्ययोजना में तेजी लाये जाने, टिहरी लेक में प्रस्तावित सी प्लान योजना के साथ रिंग रोड पर कम से कम दो हेलीपैड बनाए जाने की व्यवस्था के भी निर्देश दिये।

# दून की सड़कों पर कांग्रेस ने किया शक्ति प्रदर्शन

## लोकभवन कूच के दौरान हुआ भारी टकराव, अपराध-बेरोजगारी और महंगाई पर सरकार को घेरा

■ कांग्रेसियों ने हाथी बड़कला में बैरिकेडिंग तोड़ी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून सोमवार को सियासी उबाल का केंद्र बन गई। अपराध, बेरोजगारी, महंगाई, महिला उत्पीड़न, भर्ती घोटालों और मनरेगा का नाम बदले जाने जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने राजभवन (लोक भवन) कूच का ऐलान किया तो परेड मैदान से लेकर हाथी बड़कला तक सड़कों पर कार्यकर्ताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पुलिस ने अवरोधक लगाकर कूच को रोकने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित कार्यकर्ता अवरोधकों पर चढ़ गए और जमकर नारेबाजी की। बाद में सभी बड़े नेताओं को हिरासत में ले लिया



गया।

**परेड मैदान में गरजी कांग्रेस, सरकार पर तीखे प्रहार:** लोकभवन कूच से पहले परेड मैदान में हुई जनसभा में प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन किया। मंच पर प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य करन माहरा, चुनाव प्रबंधन समिति अध्यक्ष हरक सिंह रावत और चुनाव प्रचार समिति अध्यक्ष प्रीतम सिंह मौजूद रहे। नेताओं ने सरकार पर कुशासन और जंगलराज का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। बढ़ते अपराधों से भय का वातावरण है, नौजवान बेरो. जगार हैं, पलायन जारी है और पहाड़ों में विद्यालय बंद हो रहे हैं।

**17 दिन में पांच हत्याएं, सरकार मौन क्यों?:** हरक सिंह रावत ने दावा किया कि केवल देहरादून जिले में 17 दिनों के भीतर 5 हत्याएं हुईं। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में जंगली जानवरों के आतंक से लोग डरे हुए हैं और सरकार स्थिति संभालने में विफल है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन अमन-चैन, रोजगार, प्रश्नपत्र लीक रोकने और भू-माफिया तथा शराब माफिया पर कार्रवाई की मांग को लेकर है।

### जनादेश का अपमान, जंगलराज कायम: आर्य

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि प्रचंड बहुमत की सरकार जनादेश का अपमान कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में हत्याएं, महिला अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर हैं। आपदा प्रभावित क्षेत्रोंख्रधराली, बूढ़ा केदार, घनसाली, जोशीमठ, थराली, मुनस्यारी, धारचूला और तराईख्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को अब तक बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलीं। करन माहरा ने कहा कि प्रदर्शन में केवल कार्यकर्ता ही नहीं, आम जनमानस भी शामिल है क्योंकि "राज्य त्राहिमाम कर रहा है।" उन्होंने कहा कि खुलेआम अपराधी गोलियां चला रहे हैं, महिला अपराध बढ़ रहे हैं और भर्ती घोटालों ने युवाओं को निराश कर दिया है। किसानों के गन्ना समर्थन मूल्य और सेब उत्पादकों की समस्याओं को भी उन्होंने उठाया।

### हाथी बड़कला में टकराव, कई नेता हिरासत में

लोक भवन कूच के दौरान हाथी बड़कला में पुलिस ने कड़े बंदोबस्त किए। पहला अवरोधक तोड़ते हुए कुछ कार्यकर्ता आगे बढ़े, जिसके बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। पुलिस ने प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, गणेश गोदियाल, हरक सिंह रावत, प्रीतम सिंह, ममता राकेश, सुमित हिरदेश, विक्रम नेगी और ज्योति रौतेला समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। राजधानी में हुए इस शक्ति प्रदर्शन ने प्रदेश की सियासत को गरमा दिया है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# उत्तरकाशी जिला कोर्ट को बम से उड़ाने पर हड़कंप

■ परिसर खाली कराया बढ़ाई सुरक्षा, पुलिस ने दून से बुलाई बम निरोधक दस्ता टीम

■ जिला जज कोर्ट को आई मेल, मची अफरातफरी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** सोमवार सुबह जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तत्काल न्यायालय परिसर और आसपास के क्षेत्र को खाली कराकर तलाशी अभियान चलाया। उधर देहरादून से बम निरोधक दस्ता भी बुलाया गए है।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह कोर्ट खुलने के कुछ ही देर बाद जिला एवं सत्र न्यायालय उत्तरकाशी की ऑफिसियल मेल आईडी पर धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ है।

मामले की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी कमलेश उपाध्याय को दी। इस पर पुलिस ने अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और आमजन को सुरक्षित बाहर निकाला और एहतियातन पूरा परिसर खाली कराया। इसके पुलिस बल ने सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस बीच जिला अधिवक्ता संघ ने 'नो वर्क' की घोषणा कर दी।

पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय ने बताया कि एहतियातन न्यायालय परिसर को खाली करवाकर वहां पर पर्याप्त संख्या में पुलिस व पीएसी के साथ दमकल व एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गयी हैं। टेक्निकल निरीक्षण हेतु बीडीएस की टीमें पहुँच रही हैं। एसपी उत्तरकाशी के कडे निर्देशों पर उत्तरकाशी के सभी न्यायालय परिसरों में पुलिस, इंटेलिजेन्स आदि की टीमें मुस्तैद हैं। लगातार प्रभावी चेकिंग/फ्रिस्किंग की कार्यवाही की जा रही है।

वहीं देहरादून से बम निरोधक दस्ता बुलाया गया। हर पहलू से जांच की जा रही है।

कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि जिला कोर्ट से सूचना मिली थी कि मेल पर परिसर में आरडीएक्स होने की सूचना है। सूचना मिलते ही पूरे कोर्ट परिसर को खाली करवाकर जांच शुरू कर दी है।

मौके पर पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार, उपजिलाधिकारी भटवाड़ी शालिनी नेगी सहित भारी पुलिस बल तैनात है। न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार ईमेल चेन्नई की बताई जा रही है।

# कांग्रेस ने सहारनपुर से बुलाई भीड़: जोशी

**देहरादून।** कांग्रेस के लोक भवन कूच के लिए निकाली गई रैली पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कांग्रेस की इस रैली को भाड़े की भीड़ बताया है। गणेश जोशी का कहना है कि भीड़ सहारनपुर और अन्य जगहों से बुलाई गई थी।

कैबिनेट मंत्री जोशी में कहा कि आज कांग्रेस पूरी तरह से हताश और निराश है। जिस तरह से आज धामी सरकार काम कर रही है और कांग्रेस के पास कोई मुद्दे नहीं है। ऐसे में खुद को जिंदा रखने के लिए इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं, जो कि फ्लॉप साबित होते जा रहे हैं।

जोशी ने कहा कि कांग्रेस को अब सत्ता से बाहर हुए 10 साल होने को जा रहे है। ऐसे में अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और उन्हें परखने का कांग्रेस का मात्र यह प्रयास है। जोशी ने कहा कि कांग्रेस को भाजपा से लड़ने की नौबत तो तब आएगी, जब वो खुद के झगड़ों से निपटेगी।

# फ्लॉप रैली के भरोसे कांग्रेस को जनता देगी जवाब: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस की रैली को भाड़े और मुस्लिम यूनिवर्सिटी समर्थको का जमावड़ा बताते हुए फ्लॉप शो करार दिया है।

भट्ट ने कहा कि कांग्रेसी रैली पूर्व मे घोषित मुद्दों से अलग ही नजर आयी। रैली मे मुस्लिम यूनिवर्सिटी के नारों की गूंज सुनाई दी। उन्होंने कहा कि एक और कांग्रेस लगातार डेमोग्राफी चेंज और धौलास सहित प्रदेश भर मे अवैध अतिक्रमण को लेकर हमलावर है तो वहीं रैली मे इसकी स्पष्ट झलक दिखायी दी। उन्होंने प्रदर्शन को झूठ और भ्रम फैलाने की एक और असफल कोशिश बताया है।

उन्होंने कहा कि आज के प्रदर्शन में जनता की अनुपस्थिति बताती है कि राज्य विकास मार्ग पर बहुत आगे बढ़ गया है और कांग्रेस खुद अभी भ्रम में है। हम आने वाले साल को विकास की रफ्तार बढ़ाने का अवसर मान रहे हैं, लेकिन



■ प्रदर्शन से जनता की दूरी ने कांग्रेसी नकारात्मक राजनीति की खोली पोल

### कहा, विगत 4 वर्षों में हमारी सरकार ने विकास और जनकल्याण के अनगिनत कार्य किए

भट्ट ने कहा कि विगत 4 वर्षों में हमारी सरकार ने विकास और जनकल्याण के अनगिनत कार्य किए हैं। भाजपा जनता से किए सभी वादों पर खरा उतरी हैं और शेष समय में भी उम्मीद से बढ़कर काम करने जा रही हैं। जनता आज राज्य के चौमुखी विकास को अपने आस पास अनुभव कर रही है। केंद्रीय एजेंसियों के आंकड़े उसकी तस्दीक करते हैं। संस्कृति और विरासत को संजोते हुए, प्रदेश के देवभूमि स्वरूप बरकरार रखने की हमारी कोशिश जनकल्याणकारी सरकार को चरितार्थ कर रही है

कांग्रेस नेताओं के लिए यह समय राजनैतिक प्रपंचों का है। आज की रैली में मुस्लिम यूनिवर्सिटी और मदरसा बोर्ड वापिसी की मांग वाले बैनरों से उनका दोहरा चेहरा भी स्पष्ट नजर आया है।भट्ट ने कहा कि आज के प्रदर्शन से कांग्रेस को सबक लेने की जरूरत है कि जनता की क्यों उनके राजनीतिक कार्यक्रमों से दूरी लगातार बढ़ती जा रही है। क्योंकि वे जिन मुद्दों को उठा रहे हैं उन सब पर जनता धामी सरकार के कार्यों से संतुष्ट हैं और उनके साथ खड़ी है।

# दून मेडिकल कॉलेज बनेगा एबीडीएम की मॉडल फैसिलिटी

■ डिजिटाइजेशन की दिक्कतें दूर करने को दून के कार्मिकों को एबीडीएम देगा प्रशिक्षण



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजकीय दून मेडिकल कॉलेज को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की मॉडल फैसिलिटी के रूप में तैयार किया जाएगा।

व्यवस्थाएं सुचारू कराने के लिए राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण व कालेज प्रशासन की संयुक्त बैठक में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। लाभार्थियों को कतारों से मुक्ति दिलाने हेतु अस्पताल में एबीडीएम का पृथक काउंटर लगाने तथा परिसर में जागरूकता गतिविधियों पर जोर दिया गया। मेडिकल कालेज के चिकित्सा अधीक्षक डा रविंद्र सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में एबीडीएम की प्रबंधक प्रज्ञा पालीवाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के निर्देशों के अनुरूप दून मेडिकल कॉलेज को एबीडीएम की मॉडल फैसिलिटी के रूप में प्रस्तुत किया जाना है। यहां मरीज क्यूआर कोड के जरिए स्कैन एंड शेयर व स्कैन एंड पे के जरिए पंजीकरण व भुगतान करेंगे, कार्मिकों के एचपीआर को अनिवार्य किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि अस्पताल में क्यूआर कोड से पंजीकरण कराने के लिए पृथक से कांउटर बनाया जाएगा। परिसर में एबीडीएम की सुविधाओं के बारे में व्यापक आईईसी के जरिए प्रचार प्रसार की गतिविधियां की जाएंगी। क्यू ओर कोड के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं का आसानी व बेहतर ढंग से उपयोग किया जा सकता है। यदि डिजिटल उपयोग में कहीं आ रही हैं तो उन्हें दूर करने के लिए एबीडीएम की ओर से अस्पताल कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# हिटलरशाही का जवाब देने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे: गोदियाल

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं प्रदेश चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक प्रीतम सिंह ने सोमवार को महिला अपराध, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, ध्वस्त कानून व्यवस्था, महंगाई व जंगली जानवरों के हमलों के खिलाफ आयोजित ऐतिहासिक लोकभवन घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व प्रीतम सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जिस उत्साह से हजारों की संख्या में भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध करने के लिए देहरादून के परेड ग्राउंड में एकजुट हुए उससे आने वाले समय में पार्टी संगठन को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी।

# स्पोर्ट्स स्कूल कल्चर से खेल भूमि बनेगा उत्तराखंड: रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सब कुछ सही रहा तो जल्द ही प्रदेश में स्पोर्ट्स स्कूल खिलाड़ियों को तैयार करते दिखाई देंगे। खेल मंत्री रेखा आर्या ने विभाग को इस कॉन्सेप्ट पर तेजी से काम करने की निर्देश दिए हैं ताकि छोटी उम्र से बच्चों को खेल पर फोकस कराया जा सके।

सोमवार को यमुना कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित समीक्षा बैठक में खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश को खेल भूमि के रूप में विकसित करने के लिए यह जरूरी है कि छोटी उम्र से बच्चों को खेल का विशेष प्रशिक्षण मिले। उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास 14 स्पोर्ट्स हॉस्टल हैं लेकिन यह पुराना कॉन्सेप्ट आज की जरूरत के हिसाब से उतना कारगर नहीं है।

इसलिए इन स्पोर्ट्स हॉस्टल को स्पोर्ट्स स्कूल के रूप में विकसित किया जाए, जहां 6 साल की उम्र से



■ खेलों को समर्पित स्कूल खोलने के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए

■ फिट उत्तराखंड ऐप बनेगा ऑनलाइन कोच

■ समीक्षा बैठक में खेल मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

बच्चे खेल के मैदान में रच बस सकें। बैठक में खेल मंत्री ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर को भी इस तरह के स्कूल शुरू करने के लिए सरक. ारी मदद कैसे दी जाएगी, इसका प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही स्पोर्ट्स नर्सरी बनाने का प्रस्ताव भी अधिकारी जल्द तैयार करें।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि एक जनपद एक खेल परिकल्पना के तहत हर जिले में ज्यादा प्रचलित खेल को उस जनपद की पहचान के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए भी प्रस्ताव जल्द कैबिनेट में लाने के निर्देश दिए गए हैं।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि फिट उत्तराखंड ऐप पर अभी तक प्रदेश के हर उम्र के 1 लाख 22 हजार से ज्यादा एथलीट रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस ऐप पर यह लोग अपनी खेल गतिविधियों के जो वीडियो अपलोड कर रहे हैं, इन वीडियो का विश्लेषण कर इन्हें ऑनलाइन कोचिंग देने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि अग्नि वीर भर्ती प्रशिक्षण केंद्र या ओपन जिम के लिए स्कूल कॉलेज के ग्राउंड का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

इसके अलावा बैठक में खेल मंत्री ने कहा कि हल्द्वानी के खेल विश्वविद्यालय में इसी जुलाई से कक्षाएं शुरू करने की तैयारी पूरी की जाए।

बैठक में विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा, खेल निदेशक आशीष चौहान, अपर निदेशक अजय अग्रवाल, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राजेश ममगाई आदि उपस्थित रहे।

# पेयजल और सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने घेरी तहसील

■ आश्वासन के बाद माने ग्रामीण, 15 दिनों का दिया अल्टीमेटम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अकरी-बारजुला पट्टी के गांव में पेयजल व सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए पाव अकरी के ग्रामीणों ने सोमवार को कीर्तिनगर तहसील का घेराव किया। इस दौरान उन्होने तीन सूत्रियां मांगों पर कार्यवाही न होने पर कीर्तिनगर तहसील में प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है तो वह उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता महिपाल सिंह बुटोला ने कहा कि न्यूली पेयजल योजना के पुनगर्ठन करने, अकरी-बारजुला पंपिंग योजना कि उच्च स्तरीय जांच किए जाने व कोराखाल (सेल) तोक से मठुर गांव तक मोटरमार्ग का निर्माण कराएं जाने को लेकर लम्बे समय से मांग की जा रही है, लेकिन कोई भी सकारात्मक कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। कहा कि मांगों को लेकर विभागीय अधिकारी केवल गुमराह करने का कार्य कर रहे है। यदि जल्द से मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगे। वहीं ग्रामीणों ने आक्रोश को देखते हुए उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर ने मांगों के संदर्भ में बैठक भी की। इधर, तहसीलदार प्रदीप कंडारी ने बताया कि सम्बंधित विभागों को 15 दिनों तक ग्रामीणों के सम्बंधित समस्या के निस्तारण को लेकर पत्राचार करने को कहा गया है। वहीं आश्वा. सन के बाद ग्रामीणों ने अपना क्रमिक अनशन समाप्त कर दिया है। मौके पर जिला पंचायत सदस्य थाती डागी अंजली देवी, विजयंत सिंह निजवाला, लक्षमण सिंह पंवार, कुंजकृष्ण डंगवाल, रिता देवी, रीना देवी, मीनाक्षी देवी, सुशील मैठाणी, कविता देवी, सुनील कुमार, प्रकाश लखेडा सहित आदि मौजूद थे।

# डीएम ने किया एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण

■ अव्यवस्थाओं पर लगाई फटकार, चालान भुगतान में आ रही समस्या का मौके पर ही कराया निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** सोमवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभिन्न अधिष्ठानों की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं को परखा। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में गंदगी मिलने व फाइलों के रखरखाव में लापरवाही और उपस्थिति पंजिका में मिली खामियों पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।

जिलाधिकारी ने एआरटीओ कार्यालय के नवीन निर्माणाधीन भवन और ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक परिसर पहुंचकर चल रहे कार्यो की प्रगति की समिक्षा की यहॉ काम पूरी तरह बंद मिलने पर कड़ी नारा. जगी जताई। करोड़ों की लागत से बन रहे प्रोजेक्ट में शिथिलता देख डीएम ने आरआई को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने तकनीकी कार्यों के संचालन में हो रही देरी और अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए रिपोर्ट तलब की और चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से सुचारू नहीं हुआ तो इसके लिए सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता को देखते हुए इसका थर्ड पार्ट्री ओडिट कराने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने और अन्य कार्यों के लिए आए लोगों के साथ सीधे बात करके विभिन्न सेवाओं के लिए जा रहे शुल्क की जानकारी ली

। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी अधिकारी और कर्मचारी तय शुल्क से अधिक लेता या मांग करता है तो तत्काल अवगत करायें। यदि कोई बिचौलिया या कर्मचारी अवैध वसूली में लिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुवर्णा नौटियाल कार्यालय में उपस्थित न मिलने पर जिलाधिकारी ने फोन कर कार्यालय में उपस्थित न होने का कारण जाना जिस पर संबंधित अधिकारी द्वारा शासकीय कार्य से देहरादून होना बताया गया।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने चालान भरने में आ रही समस्या से परेशान एक नागरिक के मामले का संज्ञान लेते हुए मौके पर ही संबंधित पटल के कर्मचारी को निर्देशित किया और अधिकारी की मौजूदगी में ही उस समस्या का त्वरित निस्तारण कराया।

जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि एआरटीओ कार्यालय जनता से सीधे जुड़ा विभाग है यहाँ कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता अनिवार्य है। आज के निर्देशों पर भविष्य में सुधार न होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# राइंका देहलचौरी के छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर किए प्रदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** उत्तराखंड के दूरस्थ और पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में शिव दयाल एजुकेशन ट्रस्ट, दिल्ली द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। शिव दयाल एजुकेशन ट्रस्ट ने स्टॉप टीयर्स एनजीओ के माध्यम से जीआईसी देहलचौरी के विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रदान किए हैं। इससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक अवसर मिलेगा। स्टॉप टीयर्स के संस्थापक प्रमोद बमराड़ा ने बताया कि शिव दयाल एजुकेशन ट्रस्ट के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित हो रहा है।

इसके तहत सोमवार को गवर्नमेंट इंटर कॉलेज, देलचौरी, पौड़ी गढ़वाल की मांग पर विद्यालय को कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं। इससे विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जुड़ने, कंप्यूटर ज्ञान प्राप्त करने और आधुनिक तकनीकी कौशल विकसित करने का अवसर मिलेगा। कहा कि केवल डिजिटल संसाधन ही नहीं, बल्कि शिव दयाल एजुकेशन ट्रस्ट प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को फीस और अन्य शैक्षणिक खर्चों के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान कर रहा है। इससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पढ़ाई आर्थिक अभाव के कारण बाधित न हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। मौके पर राइंका देलचौरी के प्रधानाचार्य राकेश नैथानी ने स्टॉप टीयर्स और शिव दयाल एजुकेशन ट्रस्ट के प्रति. निधियों को प्रसंशा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय से ओपी जोशी, राजेश शर्मा, उत्तम राणा, बिपेंद्र बिष्ट, दीपक रतूड़ी, धर्मबीर सोनी सहित आदि मौजूद थे।

# पाबों में कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने किया 570 लाख की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

■ अभिनंदन कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब, लोगों ने फूलों से किया भव्य स्वागत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पौड़ी/पाबौं।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का सोमवार को श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाबौं पहुंचने पर स्थानीय जनता एवं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। पाबौं विकासखंड मुख्यालय में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में भारी जनसैलाब उमड़ा, जहां लोगों ने फूलों की वर्षा कर गगनभेदी नारों के साथ डॉ. रावत का अभिनंदन किया। इस दौरान डॉ रावत ने खुण्डेश्वर मैदान में 570 लाख से अधिक लागत की कई विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

कैबिनेट मंत्री का काफिला जैसे ही पाबौं पहुंचा, क्षेत्रवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, झंडों और स्वागत बैनरों के साथ उनका स्वागत किया। ब्लॉक मुख्यालय में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को उत्सव का रूप दे दिया। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी वर्गों के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर डॉ. रावत ने जनता के अपार स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने कहा कि राज्य में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से विकास कार्यों को नई गति मिली है और श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र को भी इसका लाभ पहुंचाया जा रहा है।

इसके उपरांत खुण्डेश्वर मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने 570 लाख रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इन योजनाओं में सड़क, पेयजल, शिक्षा और साम. ुदायिक भवनों से संबंधित कार्य शामिल हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कमल किशोर रावत, ब्लॉक प्रमुख लता, मातवार सिंह रावत, विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं पार्टी पदाधिकारियों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## एक नजर .......

## छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं नवाचार के लिए किया जागरूक

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की संस्था नवाचार परिषद (आइआइसी) द्वारा एआई एवं इनोवेशन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मौके पर बतौर वक्ता हार्वर्ड विश्व. विद्यालय यूएसए के डा. सौविक मंडल ने एआइ की बढ़ती भूमिका, नवाचार-आधारित शिक्षा की आवश्यकता तथा भविष्य की तकनीकी चुनौतियों और अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। आइआइसी संयोजक डा. भास्करन ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए नवाचार गति. विधियों में आइआइसी की भूमिका पर चर्चा की। बताया कि व्याख्यान का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं नवाचार के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही विश्वविद्यालय में नवाचार संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में यह कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम का संचालन डा. शुभदीप मिस्त्री, डा. शिवानी उनियाल एवं डा. पिया राय चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए एआइ एवं नवाचार से संबंधित विभिन्न विषयों पर संवाद किया।

## 25 कर्मनिष्ठ व्यक्तियों को शाश्वत रत्न सेवा सम्मान से नवाजा




**श्रीनगर।** कीर्तिनगर विकासखंड के लक्ष्मोली में शाश्वत धाम एवं पर्वतीय विकास शोध केंद्र के तत्वावधान में 25 कर्मनिष्ठ व्यक्तियों को शाश्वत रत्न सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान महाशक्ति एजुक. शन सोसाइटी के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को दिया गया। सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, रुद्राक्ष की माला एवं अंगवस्त्र भेंट किए गए। सम्मान प्राप्त करने वालों में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर एके. नागर, गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्रो. मोहन सिंह पंवार, प्रो. विजयकांत पुरोहित, प्रो. नरेंद्र सिंह चौहान, हिमालय बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष समीर रतूड़ी, रेलवे परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी सुरेश बाली, शांतनु, मधुसूदन, सामाजिक कार्यकर्ता शूरवीर सिंह बिष्ट, रवि चड्ढा, राजेश अरोड़ा, वैभव नेगी, भूषण डंग, अवधेश, आचार्य ब्रह्मानंद उनियाल, विशाल राणा, दुर्गेश, कन्हैय्या सहित गौरा देवी कीर्तन मंडली लक्ष्मोली एवं शाश्वत सेवादल के सदस्य शामिल रहे। साथ ही पूर्व प्रमुख वन संरक्षक (आइएफएस) विनोद उनियाल को भी सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वामी अद्वेतानंद महाराज ने कहा कि जिन व्यक्तियों को शाश्वत रत्न सेवा सम्मान प्रदान किया गया है, वे समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके जीवन से सीख लेकर समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। डा. अरविंद दरमोडा ने कहा कि सम्मान मिलने से जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ जाती हैं तथा समाज के प्रति दायित्व भी सशक्त होते हैं। पूर्व प्रमुख वन संरक्षक विनोद उनियाल ने सम्मान के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## लाखामंडल से लौट रहा वाहन खाई में गिरा, चार घायल

**उत्तरकाशी,** । महाशिवरात्रि के अवसर पर लाखामंडल से वापस लौट रहे एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार चार युवक घायल हो गए।जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार देर रात तहसील पुरोला के अंतर्गत ग्राम सोन्दाड़ी के पास एक बुलेरो वाहन (संख्या यूके-07-3400) अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। वाहन में चार लोग सवार थे, जो गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायलों का रेस्क्यू कर 108 आपातकालीन सेवा के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरोला पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार दो घायलों का उपचार सीएचसी पुरोला में चल रहा है, जबकि दो गंभीर रूप से घायल युवकों को हायर सेंटर दून अस्पताल रेफर किया गया है। बताया गया है कि वाहन लाखामंडल से मोरी की ओर जा रहा था। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# नीहारिका तोमर ने संभाली रुद्रप्रयाग पुलिस की कमान

■ 20वें पुलिस अधीक्षक के रूप में संभाला पदभार, 'जीरो टॉलरेंस' और 'सुरक्षित चारधाम यात्रा' पहली प्राथमिकता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद की नवनियुक्त नीहारिका तोमर ने जनपद के 20वें पुलिस अधीक्षक के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने सभी थाना प्रभारियों और शाखा प्रभारियों से बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था और अपराध की स्थिति का जायजा लिया।इस दौरान एसपी ने जिला मुख्यालय में सभी थाना और शाखा प्रभारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की।

उन्होंने पुलिस कर्मियों को जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार करने और शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि भ्रष्टाचार और अवैध गति. विधियों के प्रति पुलिस 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाएगी। उनकी मुख्य प्राथमिकताओं में साइबर अपराध पर लगाम, महिला सुरक्षा और जनपद को नशा मुक्त बनाना शामिल है।

22 अप्रैल से शुरू होने वाली विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के दृष्टिगत एसपी ने अभी से कमर कसने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को पिछले वर्षों की यात्रा के फीडबैक के आधार पर ट्रैफिक प्लान और सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि तीर्थयात्रियों की सुविधा और सुरक्षा में कोई लाप. रवाही नहीं बरती जाएगी।

उन्होने जनपद में चलने वाले विशेष सत्यापन अभियान 'ऑपरेशन क्रैक डाउन' को लेकर विशेष टीमें गठित कर होटलों, होमस्टे, ढाबों और किराये पर रह रहे बाहरी व्यक्तियों का शत-प्रतिशत सत्यापन करने, संदिग्धों का डेटा राष्ट्रीय पोर्टल से मिलान कर उनकी पहचान पुख्ता करने के निर्देश दिए। उन्होने आम जनता से अपने किरायेदारों और घरेलू सहायकों का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विकास पुण्डीर, प्रतिसार निरीक्षक कैलाश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## वन स्टॉप सेंटर की सजगता से बची महिला की जान, अलकनंदा में कूदने की थी तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों की सतर्कता से एक महिला को मौत के मुंह से सुरक्षित बाहर निकाला। पारिवारिक क्लेश और बीमारी से हताश होकर एक महिला अलकनंदा नदी में कूदकर जान देने की कोशिश कर रही थी, जिसे समय रहते बचा लिया गया।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को एक महिला वन स्टॉप सेंटर के नीचे अलकनंदा नदी के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रही थी। महिला की गतिविधियों को देख वहां तैनात कर्मियों को अनहोनी का अंदेशा हुआ। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना केंद्र प्रशासक रंजना गैरोला भट्ट को दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्र प्रशासक ने बिना देरी किए कर्मचारियों को महिला को विश्वास में लेकर सुरक्षित लाने और पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए। पूछताछ के दौरान पता चला कि महिला जखोली ब्लॉक के एक सुदूर गांव की रहने वाली है। वह अपनी पारिवारिक समस्याओं और लगातार खराब स्वास्थ्य के कारण गहरे तनाव में थी, जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाने का मन बना लिया था।

"महिला बेहद डरी हुई और हताश थी। सेंटर में लाकर उसकी गहन काउंसलिंग की गई और उसे जीवन के प्रति सकारात्मक रहने के लिए प्रेरित किया गया।" – रंजना गैरोला भट्ट, केंद्र प्रशासक

प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बाद, केंद्र प्रशासक ने थानाध्यक्ष से वार्ता की। आवश्यक सुरक्षा मानदंडों को पूरा करते हुए महिला को पुलिस और वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों की अभिरक्षा में सुरक्षित उसके गांव भेजा गया। स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों ने सेंटर की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

# शिक्षा और समाज सेवा का संगम: डॉ. अनुभा पुंडीर डीलिट की मानद उपाधि से होंगी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अपने नवाचारों और समर्पण के लिए विख्यात डॉ. अनुभा पुंडीर को 19 फरवरी को देश की राजधानी दिल्ली में सर्वोच्च अकादमिक उपाधि 'डीलिट' से अलंकृत किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और निरंतर जारी समाज सेवा के लिए प्रदान किया जाएगा।

वर्तमान में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, देहरादून के पीडीपी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ. पुंडीर पिछले 22 वर्षों से शैक्षणिक एवं कॉरपोरेट जगत में एक प्रभावी भूमिका निभा रही हैं।

उनकी इस उपलब्धि को उत्तराखंड और देश के शिक्षा जगत के लिए एक बड़े गौरव के रूप में देखा जा रहा है।

डॉ. अनुभा पुंडीर को देश के 15 राज्यों में 'भारत झोला वुमन' के नाम से पहचाना जाता है। वे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और प्रसार में गहराई से जुडी हैं।

वशेष रूप से भरतनाट्यम, योग और यज्ञ के माध्यम से वे भारतीय ज्ञान परंपरा को युवा पीढ़ी तक पहुंचा रही हैं।

उनका उद्देश्य भविष्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली का वैश्विक स्तर पर संवर्धन करना है।

डॉ. पुंडीर की सेवाओं को वैश्विक मंचों पर भी सराहा गया है। उन्हें संयुक्त राष्ट्र ने 'कर्मवीर प्लेटिनम चक्र' और सार्क की ओर से 'नोबल सिटिजन अवॉर्ड' जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से पहले ही नवाजा जा चुका है।

व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व प्रशिक्षण में उनके की ओर से अपनाई गई समाजोन्मुख शिक्षण प्रणाली आज हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। उनकी इस नवीनतम उपलब्धि पर प्रदेश के शिक्षाविदों और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे राष्ट्र के लिए सम्मान की बात कहा।

## पहाड़ की शांत वादियों में बम की खबर से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जिला न्यायालय और नैनीताल जिला न्यायालय को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। दोनों न्यायालय के जजों को एक संदिग्ध ईमेल प्राप्त हुआ है, जिसमें अदालत परिसर में आरडीएक्स और आईईडी लगाए जाने का दावा किया गया है।सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं। प्राप्त अज्ञात ईमेल आईडी से भेजे गए इस मेल में दावा किया गया है कि कोर्ट परिसर में 12 आरडीएक्स आधारित आईईडी लगाए गए हैं, जो दोपहर करीब 12:15 बजे विस्फोट कर सकते हैं।ईमेल में ईडब्ल्यूएस आरक्षण का भी उल्लेख किया गया है। ईमेल में प्रतिबंधित संगठन लिट्टे तथा पाकिस्तान आईएसआई का नाम भी लिखा गया है। हालांकि सुरक्षा एजेंसियां इस मेल की सत्यता की जांच कर रही हैं और इसे शरारती तत्वों की करतूत होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद नैनीताल में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। साथ ही इस ईमेल की शिकायत एसएसपी को भी की गई है।उत्तरकाशी में जिला न्यायालय को खाली करा लिया गया है और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के बाद देहरादून से बम निरोधक दस्ते का इंतजार किया जा रहा है ।उधर नैनीताल में पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड द्वारा न्यायालय व आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ईमेल भेजने वाले की पहचान और लोकेशन का पता लगाने के लिए साइबर टीम को लगाया गया है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

# डीएम ने धराली प्रभावितों को राहत और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** धराली आपदा की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य ने प्रभावितों को राहत प्रदान करने और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मिशियल प्रभावितों की राहत राशि शीघ्र उनके खातों में स्थानांतरित करने के लिए उपजिलाधिकारी भटवाडीघ् को जरूरी कार्यवाही यथा समय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अवगत कराया कि कर्मिशियल प्रभावितों के बैंक खाते सहित अन्य आवश्यक विवरण एकत्र किए जा रहे हैं। प्रक्रिया पूर्ण होते ही आरटीजीएस के माध्यम से धनराशि सीधे उनके खातों में भेज दी जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभावित परिवारों की निजी भूमि जहां वे अपना होटल या घर बनाना चाहते हैं,वहां निर्माण से पूर्व भू-वैज्ञानिक सर्वे कराया जाए। इस सम्बंध में बताया गया की 20 प्रभावित परिवारों की प्रथम सूची भू-वैज्ञानिक को भेज दी गई है।

सिंचाई विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य शुरू न किए जाने तथा आपदा जोन में विभागीय भूमि का चिन्हांकन न करने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को कड़ी चेतावनी देते हुए लंबित कार्यो को तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए। साथ ही आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी एसडीएम को दिए। ईई लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि धराली में विभाग द्वारा स्वीकृत 6 निर्माण कार्यों में से 4 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 2 कार्य प्रगति पर हैं। आपदा प्रभावित परिवारों की आजीविका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रीप द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने महिला स्वयं सहायता समूहों को सेब उत्पादन, होम-स्टे और डेयरी गति. विधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया। प्रबंधक रीप द्वारा बताया गया कि आजीविका संवर्धन के तहत 74 समूह सदस्यों को पहली किश्त के रूप में डेढ़-डेढ़ लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त सामुदायिक शेड का निर्माण भी किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने झाला,जानकीचट्टी और दोबाटा में भी सामुदायिक शेड निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपदा प्रभावितों के हित में सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम मुक्ता मिश्र,एसडीएम शालनी नेगी,जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दूल गुसाईं,प्रबन्धक रीप कपिल उपाध्याय सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऋषिकेश में अवैध निर्माणों पर एमडीडीए का बड़ा प्रहार

## कई भवन सील, निर्मल बाग और हरिद्वार रोड क्षेत्र में हुई सख्त कार्रवाई, प्राधिकरण ने दी चेतावनी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने एक बार फिर अवैध निर्माणों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए ऋषिकेश क्षेत्र में व्यापक सीलिंग अभियान चलाया। प्राधिकरण की टीम ने प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर बिना मानचित्र स्वीकृति एवं नियमों के विरुद्ध किए जा रहे निर्माण कार्यों को चिन्हित कर उन पर सीलिंग की कार्रवाई की। इस दौरान निर्मल बाग ब्लॉक-बी, पशुलोक विस्थापित क्षेत्र तथा हरिद्वार रोड के आसपास अवैध रूप से खड़े किए जा रहे निर्माणों को बंद कराया गया।




प्राधिकरण ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नियमों को दरकिनार कर किसी भी प्रकार का निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से कार्यवाही सम्पन्न कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी और जिन निर्माणों को पूर्व में नोटिस दिए गए थे, उन पर भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

एमडीडीए द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत सबसे पहले गली नंबर 10, निर्मल बाग ब्लॉक-बी ऋषिकेश में अमर द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को चिन्हित कर उस पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। यह निर्माण बिना स्वीकृत मानचित्र एवं आवश्यक अनुमति के किया जा रहा था।इसके बाद गली नंबर 11, निर्मल ब्लॉक-बी पशुलोक विस्थापित क्षेत्र में सुमित मल्होत्रा एवं बाबा राम मोहन द्वारा किए गए अवैध निर्माण पर पुनः सीलिंग की कार्रवाई की गई। प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार पूर्व में चेतावनी के बावजूद निर्माण कार्य जारी रखा गया था, जिसके चलते दोबारा कठोर कदम उठाया गया। गली नंबर 10, निर्मल बाग ब्लॉक-बी पशुलोक ऋषिकेश में जय चौहान द्वारा किए गए अवैध निर्माण पर भी पुनः सीलिंग की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माणों को किसी भी परिस्थिति में नियमित नहीं किया जाएगा और कानून के तहत दंडात्मक कार्रवाई भी प्रस्तावित की जा सकती है। इसी क्रम में निकट पुरानी चुंगी, हरिद्वार रोड ऋषिकेश में आलोक एवं संजय गोयल द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को भी सील कर दिया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता पूनम सकलानी, सुपरवाइजर तथा पुलिस बल की उपस्थिति में की गई। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण की स्थिति का निरीक्षण किया और नियमानुसार सीलिंग प्रक्रिया पूर्ण कराई।

### प्राधिकरण क्षेत्र में विशेष सर्वे अभियान चलाकर अवैध निर्माणों की पहचान की जाएगी

प्राधिकरण ने यह भी स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में प्राधिकरण क्षेत्र में विशेष सर्वे अभियान चलाकर अवैध निर्माणों की पहचान की जाएगी और उन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।ऋषिकेश क्षेत्र में हुई इस सख्त कार्रवाई से स्पष्ट है कि एमडीडीए अब अवैध निर्माणों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रहा है। प्रशासन का संदेश साफ है नियमों का पालन करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

### प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं: तिवारी

बंशीधर तिवारी ने कहा कि मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार नोटिस जारी करने और पर्याप्त अवसर देने के बाद ही सीलिंग एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाती है। इसके बावजूद यदि कोई व्यक्ति नियमों की अनदेखी करता है तो उसके विरुद्ध कठोर कदम उठाना अनिवार्य हो जाता है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश जैसे धार्मिक और पर्यटन नगर में अनियोजित निर्माण भविष्य में बड़ी समस्या बन सकते हैं। इसलिए प्राधिकरण जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रहा है। उन्होंने अपील की कि भवन निर्माण से पूर्व मानचित्र स्वीकृति अवश्य लें, ताकि अनावश्यक कार्रवाई और आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे: बर्निया

मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है और चिन्हित अवैध निर्माणों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिन निर्माणकर्ताओं को पूर्व में नोटिस दिए गए थे और फिर भी कार्य जारी रखा गया, उन पर पुनः सीलिंग की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# डीआईसीसी मॉड्यूल्स पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी/जिलाधिकारी सविन बंसल के दिशा निर्देशन में देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा दून इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर (डीआईसीसी) "सदैव दून" के अंतर्गत विकसित सॉफ्टवेयर मॉड्यूल्स एवं स्मार्ट समाधानों के प्रभावी उपयोग हेतु सोमवार को परेड ग्राउंड स्थित दून लाइब्रेरी सभागार में एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी, देहरादून तीर्थपाल सिंह ने की। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।



**डिजिटल देहरादून की ओर एक और कदम**

इस दौरान बताया गया कि डीआईसीसी "सदैव दून" स्मार्ट सिटी की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य केवल तकनीकी अवसंरचना स्थापित करना नहीं, बल्कि विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं प्रभावी बनाना है। कोविड के दौरान से अब तक दून इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर बहुउपयोगी साबित हो रहा है। जिससे अपराधिक गति. विधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ जनता को त्वरित सेवा मिलने से राहत मिल रही है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ई-गवर्नेंस, जीआईएस, डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सहित विभिन्न सॉफ्टवेयर मॉड्यूल्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करना रहा। विगत 15 मार्च 2022 से लाइव यह परियोजना वर्तमान में सिटी पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, आरटीओ, जीएसटी तथा एसडीसी सहित विभिन्न विभागों द्वारा उपयोग में लाई जा रही है। कार्यशाला का उद्देश्य विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिकतम लाभ नागरिकों एवं विभागों तक पहुंचाना है। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया तथा भविष्य में नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

# सहकारिता मंत्रियों के सम्मेलन में शामिल होंगे डॉ. रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत 17 व 18 फरवरी को गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान गांधीनगर में आयोजित देशभर के राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक में प्रतिभाग करेंगे।



यह बैठक केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिसमें डॉ. रावत 'सहकार से समृद्धि' को लेकर राज्य सरकार की योजनाओं और भविष्य के रोड्मैप को रखेंगे साथ ही वह अपने सुझाव भी साझा करेंगे। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आगामी 17 फरवरी को महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर (गांधीनगर) में सहकारिता को लेकर महामंथन होगा। जिसमें डॉ. रावत 'सहकार से समृद्धि' को लेकर उत्तराखंड सरकार की सहकारिता योजनाओं, नवाचारों और भविष्य के रोडमैप को प्रस्तुत करेंगे।

# उद्योग से संबंधित प्रकरणों एवं प्रस्तावों को तय समय में मिले मंजूरी: मीता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** केंद्र सरकार द्वारा कारोबार में सुगमता बढ़ाने के लिए गठित टास्क फोर्स की अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव मीता राजीव लोचन एवं मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (फेज 2) के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।



**राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव ने की राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस ( फेज 2 ) के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा**

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव मीता राजीव लोचन ने बताया कि उत्तराखंड ने डी-रेगुलेशन 1.0 कम्प्लायंस रिडक्शन में देश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने उत्तराखण्ड सरकार द्वारा सिंगल विंडो सिस्टम, लैंड यूज, होम स्टे तथा उद्यमिता एवं श्रम सुधारो के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयोगों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड राज्य के लिए फेस-2 के तहत कुल 9 प्राथमिकताएं निर्धारित की गई हैं जिसमें राज्य को भूमि उपयोग, भवन एवं निर्माण की स्वीकृति के लिए सिंगल विंडो सिस्टम, पर्यावरण, पर्यटन के क्षेत्र में नवाचार, जैसी प्राथमिकताएँ शामिल हैं। इन प्राथमिकताओं का उद्देश्य राज्य में विकास कार्यों को और गति देना, निवेश और आधारभूत ढांचे को और अधिक मजबूत करना तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव ने सुझाव देते हुए कहा कि उद्योग से संबंधित प्रकरणों एवं प्रस्तावों को निर्धारित समय के अंदर मंजूरी मिले इसके लिए भी कार्य किया जाए। साथ ही छोटे उद्योगों के लिए सेल्फ सर्टिफिकेशन की व्यवस्था लागू की जाए ताकि छोटे निवेशकों को भी बढ़ावा मिल सके।राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सचिव ने बताया कि उत्तराखंड का मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 26 प्रतिशत योगदान करता है, जो कि राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। उन्होंने यह भी बताया कि इस क्षेत्र का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा औपचारिक रूप से पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों द्वारा संचा. लित किया जाता है। राज्य में विनिर्माण क्षेत्र के लिए सकारात्मक वातावरण है, जिसमें कुशल मानव संसाधन, उच्च साक्षरता दर, जीवन की अच्छी गुणवत्ता और सुंदर प्राकृतिक वातावरण शामिल हैं। इस अवसर पर केंद्रीय अपर सचिव राहुल शर्मा, राजेश शर्मा, सचिव आर राजेश कुमार, श्रीधर बाबू अदाकी, रंजीत सिन्हा, रविशंकर,विशेष सचिव मधुकर पराग धकाते, अपर सचिव आनंद श्रीवास्तव, डॉ. सौरभ गहरवार , अभिषेक रोहेला मौजूद थे।

## एक नजर .......



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सीएम आवास में शिष्टाचार मुलाकात करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री व ऋषिकेश विधायक डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल। सोमवार को मुख्यमंत्री धामी से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और विधायक राजपुर खजान दास ने भी शिष्टाचार भेंट की।

### पल्सर एन 160 देती है सबसे बेहतरीन स्टाइल और परफॉर्मेंस

**देहरादून।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में हर दो किलोमीटर पर रास्ता बदल जाता है। कहीं शहर की चिकनी सड़क अचानक टूटी-फूटी किनारों में बदल जाती है। कहीं हाईवे रफ्तार का खुला न्योता देता है, तो कहीं अचानक आता मोड़ या चढ़ाई संयम की मांग करती है। यहाँ के राइडर्स बहुत जल्दी सीख लेते हैं कि भरोसा ही सबसे बड़ी ताकत है। बजाज पल्सर एन160 ठीक इसी तरह की अनिश्चितता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसका मस्कुलर डिजाइन इंजन स्टार्ट होने से पहले ही अपनी छाप छोड़ देता है। शार्प टैंक एक्सटेंशंस, आक्रामक फ्रंट लुक और आकर्षक गोल्डन फ्रंट फोर्क्स इसे एक प्रीमियम पहचान देते हैं। लखनऊ के किसी कॉलेज के बाहर खड़ी हो या देहरादून के किसी बाजार में, यह मोटरसाइकिल बिना कोई शोर किए भी लोगों का ध्यान खींच लेती है। लेकिन यह मौजूदगी तो बस शुरुआत है। रास्ते पर निकलते ही एन 160 का स्वभाव साफ झलकने लगता है। यह बाइक नियंत्रण और संतुलन को केंद्र में रखकर तैयार की गई है।

# आरटीडीएएस गो लाइव 215 उपसंस्थानों पर प्रणाली का सफल क्रियान्वयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पुष्कर सिंह धामी के प्रभावी नेतृत्व तथा प्रमुख सचिव (ऊर्जा) के मार्गदर्शन में यूपीसीएल राज्य के विद्युत वितरण तंत्र को आधुनिक, विश्वसनीय एवं उपभोक्ता-केंद्रित बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।



**अब स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहे हैं सिस्टम के सकारात्मक परिणाम**

इसी क्रम में रिवैम्पेड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम के अंतर्गत प्रस्तावित 215 नग 33/11 केवी उपसंस्थानों पर रियल टाइम डाटा एक्यूइसिशन सिस्टम की स्थापना निर्धारित समय-सीमा से पूर्व सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई है। परियोजना का सिस्टम गो-लाइव भी सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है तथा इसके सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहे हैं। ज्ञातव्य है कि आरटीडीएएस प्रणाली की स्थापना प्रदेश भर के शहरी एवं औद्योगिक क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण पर्वतीय क्षेत्रों के उपसंस्थानों में भी की गई है जिनमें धारचूला, मुनस्यारी, लोहाघाट, टनकपुर, रानीपोखरी, जौलीग्रांट, नकोट, पंतनगर, गैरसैंण, अस्कोट, अगस्तमुनी, लालतप्पड़, रोशनाबाद, रायवाला, उखीमठ, श्रीकोट, पुरोला, बर्नीगाड, रूद्रपुर, त्यूनी, आदिबद्री, चाकीसैंण, चिपलघाट, सेलाकुई सहित अनेक प्रमुख उपसंस्थान सम्मिलित हैं। इन उपसंस्थानों पर आरटीडीएएस लागू होने से विद्युत आपूर्ति की स्थिति, फॉल्ट, लोड तथा उपकरणों से संबंधित जानकारी रियल टाइम में उपलब्ध हो रही है।मोहन मित्तल, अधिशासी अभियन्ता (स्काडा) द्वारा अवगत कराया गया कि आरटीडीएएस एक उन्नत डिजिटल मॉनिटरिंग प्रणाली है, जिसके माध्यम से वोल्टेज, करंट, लोड, ब्रेकर की स्थिति, ट्रिपिंग घटनाएँ एवं विद्युत प्रवाह जैसे महत्वपूर्ण पैरामीटर सीधे कंट्रोल सेंटर तक पहुँचते हैं। इस प्रणाली की स्थापना से बिजली नेटवर्क की निगरानी अधिक सटीक एवं पारदर्शी हुई है तथा वास्तविक समय के आंकड़ों के आधार पर तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों का विश्लेषण कर इनके नियंत्रण में भी ठोस सुधार सम्भव हो पायेगा।

# भारतीय ज्ञान परम्परा वैश्विक ज्ञान-विमर्श की आधारशिला: प्रो. सिन्हा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के चौरास परिसर स्थित शैक्षणिक क्रियाकलाप केंद्र में एमएमटीटीसी के तत्वावधान में पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा का एकीकरण विषय पर छह दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में 95 से अधिक शिक्षक और शोधार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली के प्रो. आरएल नारायण सिन्हा यूजीसी पर्यवेक्षक ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वैश्विक ज्ञान-विमर्श की आधारशिला है। कहा कि ऐसे पाठ्यक्रम भारतीय शिक्षा को अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गढ़वाल विवि के वित्त अधिकारी प्रो. एनएस पंवार ने भारतीय संस्कृति की उस समृद्ध परंपरा पर प्रकाश डाला। जिसने विश्व के ज्ञान-विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# श्रद्धालुओं की संख्या पर नहीं होगी कोई सीमा: विनय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/ऋषिकेश।** आगामी चारधाम यात्रा 2026 को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए सरकार ने कमर कस ली है। सोमवार को ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप में गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने स्टेकहोल्डर्स के साथ अहम बैठक की।

**फर्जीवाड़ा रोकने को लगेगा पंजीकरण शुल्क**

बैठक में स्पष्ट किया गया कि इस बार यात्रियों की संख्या पर कोई पाबंदी नहीं होगी, लेकिन पंजीकरण अनिवार्य रहेगा। फर्जीवाड़े को रोकने के लिए इस बार पंजीकरण के साथ एक न्यूनतम शुल्क लिया जाएगा। प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। टूर एंड ट्रेवल्स यूनियन की मांग पर बाहरी या निजी वाहनों द्वारा अवैध सवारी ढोने पर सख्त कार्रवाई होगी। स्थानीय टैक्सी संच. ालकों के हितों का ध्यान रखा जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संकल्प के अनुसार, श्रद्धालुओं को श्सुगम और सुरक्षितश अनुभव देने के लिए पुलिस और प्रशासन संयुक्त रणनीति पर काम करेंगे। होटल और डंडी-कंडी संचालकों की व्यावहा. रिक समस्याओं के समाधान के लिए अपर आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ शिव-पार्वती विवाह संपंन

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** क्यूजा घाटी के कण्डारा गांव स्थित प्राचीन रंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शिव-पार्वती विवाह महोत्सव अत्यंत श्रद्धा और भक्तिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।

धार्मिक अनुष्ठान में प्रसिद्ध कथावाचक राधिका जोशी 'केदारखण्डी' ने शिव महिमा और माता पार्वती की कठोर तपस्या का मार्मिक वर्णन किया।

उन्होंने कहा, "शिव-पार्वती का विवाह केवल एक पौराणिक प्रसंग नहीं, बल्कि यह त्याग, तपस्या और अटूट विश्वास का सर्वोच्च प्रतीक है।"

# कांग्रेसी प्रदर्शन खोदा पहाड़, निकली चुहिया: दीप्ति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कांग्रेस पार्टी द्वारा आज लोकभवन घेराव के नाम पर आयोजित कार्यक्रम पूरी तरह उद्देश्यहीन, दिशाहीन और केवल दिखावे की राजनीति का उदाहरण था। जिन मुद्दों को लेकर कांग्रेस जनता के बीच जाने का दावा कर रही थी, यदि उसी भीड़ में शामिल अंतिम पंक्ति के व्यक्ति से पूछा जाता कि वह किस उद्देश्य से यहां आया है, तो उसे भी स्पष्ट जानकारी नहीं थी। वहीं रैली के बैनर विवाद पर भी स्पष्ट किया, कानून विरुद्ध जो भी होगा कार्रवाई होगी, सड़क पर सरकार करेगी और राजनीति में जनता।



**कांग्रेसी प्रदर्शन उद्देश्यहीन, दिशाहीन और केवल दिखावे की राजनीति**

पार्टी मुख्यालय में प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कांग्रेसी रैली पर प्रश्न खड़ा कर कहा, जब स्वयं कांग्रेस की रैली में शामिल अंतिम पंक्ति का व्यक्ति ही यह नहीं जानता था कि वह किस कारण से वहां मौजूद है, तो कांग्रेस आम जनता तक अपनी बात क्या और कैसे पहुंचा पातीख्रयह अपने आप में बड़ा प्रश्न है। इससे स्पष्ट है कि यह आयोजन केवल राजनीतिक प्रदर्शन भर था। सामान्यतः दो-चार सौ लोगों की भीड़ जुटाने वाली कांग्रेस पार्टी यदि थोड़ी अधिक संख्या देखकर इसे अपनी बड़ी उपलब्धि बताने का प्रयास कर रही है, तो कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए कि जनाधार, संगठनात्मक मजबूती और जनविश्वास के मामले में भारतीय जनता पार्टी ने वर्षों की तपस्या, समर्पण और सतत जनसेवा के माध्यम से जो स्थान बनाया है, उसकी बराबरी कांग्रेस नहीं कर सकती।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता भावनात्मक नारों और भ्रम फैलाने वाली राजनीति को नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और पारदर्शिता पर आधारित कार्य संस्कृति को समर्थन देती है।

# डीएम के निर्देश पर बुजुर्गों को घर से निकालने वाले बेटों पर केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के विजन को धरातल पर उतारते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित 'जनदर्शन' में शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया।

163 शिकायतों के बीच डीएम का मानवीय और सख्त चेहरा दोनों देखने को मिला। जहां उन्होंने बेसहारा विधवा को आर्थिक मदद दी, वहीं बुजुर्ग माता-पिता को प्रताड़ित करने वाले बेटों के खिलाफ तुरंत भरण-पोषण का वाद दर्ज करने के निर्देश दिए। डकाल चौक निवासी सुनीता के पति की मृत्यु के बाद आर्थिक स्थिति दयनीय थी। डीएम ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मौके पर ही रायफल क्लब फंड से आर्थिक सहायता और विधवा पेंशन स्वीकृत करने के आदेश दिए।रेसकोर्स निवासी एक बुजुर्ग महिला ने रोते हुए अपनी व्यथा सुनाई कि उनके दो बेटों ने उन्हें घर से निकाल दिया है और मारपीट करते हैं। डीएम ने तुरंत भरण पोषण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करवाया। जनदर्शन में ऐसे कुल 5 वाद दर्ज किए गए। 81 वर्षीय कांता देवी की संपत्ति उनकी नातिन के पति द्वारा धोखे से हड़पने और बैंक खाता खाली करने के मामले में डीएम ने एसडीएम (न्याय) को कड़ी जांच और कार्यवाही के निर्देश दिए।पुलिस पब्लिक स्कूल की एक शिक्षिका द्वारा प्रधानाध्यापक पर प्रताड़ना के आरोप पर डीएम ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को 20 फरवरी तक एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करने का अल्टीमेटम दिया।

### अतिक्रमण और लापरवाही पर वार

छरबा में ट्रस्ट की भूमि पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम विकासनगर की अध्यक्षता में समिति गठित कर 10 दिन में रिपोर्ट मांगी है। वहीं, विद्युत पोल शिफ्टिंग में देरी और सीवर लाइन के अधूरे काम पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और नियमों का उल्लंघन करने वाली फाइनेंस कंपनियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई**
उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
बाबूगढ़, (आशाराम वैदिक इन्टर कॉलेज के सामने), विकासनगर, देहरादून।
E-mail:- pchakrata@gmail.com

पत्रांक. 171 /निविदा/16 — दिनांक 16-02-2026

**संशोधित निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र सं० 151/ निविदा/14 दि० 09.02.2026 द्वारा जनपद हरिद्वार के उपकारागार रूड़की परिसर में स्थित निष्प्रयोजित घोषित आवासीय भवन के ध्वस्तीकरण कर कार्यस्थल को साफ करने का कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| क्र०सं० | विवरण | पूर्व निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा आमंत्रण की अन्तिम तिथि | 16.02.2026 को 15.00 बजे तक | 19.02.2026 को 15.00 बजे तक |
| 2 | निविदा खुलने की तिथि | 16.02.2026 को 15:30 बजे तक | 19.02.2026 को 15:30 बजे तक |
| 3 | नीलामी की न्यूनतम बोली | रू0 7,89,000.00 मात्र (जी०एस०टी० सहित) | रू0 7,89,000.00 मात्र (जी०एस०टी० सहित) |
| 4 | धरोहर धनराशि (परियोजना प्रबन्धक के नाम बैंक ड्राफ्ट) | रू0 78,900/- (अठत्तर हजार नौ सौ) मात्र | रू0 78,900/- (अठत्तर हजार नौ सौ) मात्र |

नोटः-निविदा की अन्य सभी शर्ते पूर्ववतः रहेगी एवं किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नोटिस बोर्ड / यूनिट लेखाकार से सम्पर्क कर देखी जा सकती है।

परियोजना प्रबन्धक



**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-130 — **निविदा सूचना** — दिनांक- 16/02/2026

कार्यालय अधि0 अभि0 (ई एंड एम), जोशियाडा बैराज, जोशियाडा उत्तरकाशी द्वारा अनुभवी फर्मों से निम्न कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है।
**निविदा सं0: 14/अधि0अभि0(ई एंड एम)/म0भा0-।।/बैराज /2025-26**
**कार्य का नाम :** जोशियाड़ा बैराज, उत्तरकाशी में सी0सी0टी0वी0 सर्विलांस सिस्टम के वार्षिक अनुरक्षण हेतु।
**कार्य की अनुमानित लागत :** रु0 5,53,980/मात्र (जीएसटी अतिरिक्त)
**वैव साईट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि :** 17.02.2026
**निविदा जमा करने कीअन्तिम तिथि :** 10.03.2026 को 11:30 बजे तक
उक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र निगम की www.ujvnl.com से सीधे डाउनलोड किये जा सकते हैं और निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा जमा करते समय अदा किया जायेगा। पूर्व योग्यता एवं विस्तृत विवरण हेतु कृपया निगम की वेबसाईट देखें।
"बिजली के दुरूपयोग से बचें" — अधिशासी अभियन्ता (ई एंड एम)



**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com

RO No. 128 — **ई-निविदा सूचना** — Dated : 16/02/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण), मनेरी भाली-।।, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाईन निविदा आमन्त्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।
निविदा संख्या- 31/अ0अ0(अनु0)/म0भा0-।।/25-26
कार्य /पूर्ति/सेवायें का नाम :
1.धरासू विद्युत गृह पर महाप्रबंधक, भागीरथी वैली हेतु 01 नग (6+1), ए0सी0 डीजल गाडी (स्कॉर्पियो या समकक्ष) चालक सहित किराये पर लगाने हेतु।
अनुमानित मूल्य : रू0 5,59,404/- मात्र (जी०एस०टी० एवं डीजल अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 17.02.2026 सायः 16:00 बजे से
वेबसाइट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 10.03.2026 सायः 16:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "http://uktenders.gov.in" देखें।
अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरमाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763507
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक: 126 — **निविदा सूचना** — दिनांक 16.02.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), तिलोथ विद्युत गृह, उत्तरकाशी, इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित करता है। निविदाओ का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:
1. निविदा सं0 08/अ0अ0(उ0)/ति0वि0गृ0/2025-26-तिलोथ विद्युत गृह के परिसर में बागवानी, बृक्षारोपण तथा अन्य विभिन्न कार्यों का वार्षिक अनुबन्ध।
2. निविदा सं0 09/अ0अ0(उ0)/ति0वि0गृ0/2025-26-तिलोथ विद्युत गृह उत्तरकाशी की वार्षिक सामान्य साफ-सफाई के कार्य के साथ-साथ हाउस कीपिंग सफाई एवं विविध सामग्री की आपूर्ति का कार्य।
अनुमानित लागतः रू0 12,514,74.00/कर अतिरिक्त एवं रू0 20,12,588.00/कर अतिरिक्त क्रमशः।
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 16.02.2026 को 16:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 09.03.2026को 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किय जा सकते है। अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

### डीएम की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

# 51 शिकायतें दर्ज, 28 का मौके पर किया समाधान

**बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा की गई**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपदवासियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 51 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 28 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, राशन, अतिक्रमण, पेयजल एवं सीवर जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। शिकायतकर्ता गुलफाम पुत्र जाहिर खान ने अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। अजय नौटियाल निवासी बोगना बहादराबाद ने भगतनपुर आबिदपुर-इब्राहिमपुर स्थित भूमि की पैमाइश कराने का अनुरोध किया। तेजपाल निवासी पूरनपुर सालपुर ने खसरा नंबर 285 म, ग्राम मीरपुर मुवाजरपुर की पैमाइश की मांग रखी। सिडकुल क्षेत्र स्थित शैफील्ड स्कूल के प्रधानाचार्य ने डेंसो चौक से स्कूल तक मार्ग पर सीवर एवं जलभराव की समस्या से छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी से अवगत कराया। वहीं विवेक विहार कॉलोनी में जलभराव, ब्रह्मपुरी रावली महदूद में अधूरा नाली निर्माण, औरंगाबाद में जल संस्थान की टंकी से पूरे गांव को कनेक्शन न मिलने सहित कई अन्य समस्याएं भी दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में दर्ज सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी शिकायतकर्ता दोबारा उसी समस्या को लेकर जनसुनवाई में न पहुंचे। यदि समय पर निस्तारण संभव होने के बावजूद शिकायत लंबित पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निराकरण करें। 36 दिन से अधिक लंबित शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान में एल-1 स्तर पर 536 तथा एल-2 स्तर पर 116 शिकायतें लंबित हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायत कर्ताओं से सिस्टम के माध्यम से दूरभाष पर संवाद कर संतुष्टि सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, अपर जिलाधिकारी पी. आर. चौहान, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, सहायक परियोजना निदेशक नलिनीत घिल्डियाल, जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, प्रोजेक्ट मैनेजर पेयजल निगम (गंगा) मीनाक्षी मित्तल, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नलिनी ध्यानी, मुख्य कृषि अधिकारी गोपाल सिंह भंडारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरूंग, परियोजना निदेशक उरेडा वाई.एस. बिष्ट सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादी उपस्थित रहे।

### एसएसपी ने बैठक में अधीनस्थों को दिए सख्त निर्देश

# अपराधियों पर कड़ा प्रहार व जनता को त्वरित न्याय

**नशा तस्करों की चेन तोड़ने की पुलिस की पहली प्राथमिकता**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपद के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी नवनीत सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस लाइन में जिले के सभी बड़े पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ पहली बैठक की। इस मुलाकात में उन्होंने साफ कर दिया कि पुलिस का काम केवल फाइलें भरना नहीं बल्कि जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान करना है।

एसएसपी ने निर्देश दिए कि हर थाना प्रभारी एसओ/एसएचओ अपने थाने में जनता से मिलने का एक समय फिक्स करें। अगर प्रभारी किसी जरूरी काम से बाहर हैं तो वह अपनी जिम्मेदारी किसी दूसरे जिम्मेदार अफसर को सौंप कर जाएं। उन्होंने कहा फरियादी को थाने के चक्कर न काटने पड़ें वापसी पर अधिकारी खुद शिकायतों की जांच करें कि उन पर क्या कार्रवाई हुई। जिले में बढ़ते नशे के जाल पर एसएसपी बेहद सख्त नजर आए। उन्होंने कहा कि पुलिस को सिर्फ नशा करने वालों को ही नहीं पकड़ना है बल्कि उस आखिरी इंसान तक पहुंचना है जो नशा बेच रहा है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि नशे का सामान कहां से आ रहा है इसकी पूरी चेन को तोड़ना पुलिस की प्राथमिकता है चाहे इसमें कितना भी वक्त लगे। आजकल बढ़ रही ऑनलाइन धोखाधड़ी साइबर फ्रॉड को लेकर भी कड़े निर्देश दिए गए। एसएसपी ने कहा कि साइबर अपराध की सूचना मिलते ही तुरंत मुकदमा दर्ज किया जाए और कार्रवाई शुरू हो। साथ ही सुरक्षा के लिहाज से हर इलाके में सुबह और शाम को चेकिंग अभियान चलाने के आदेश दिए गए हैं जिसकी निगरानी जिले के बड़े अधिकारी खुद करेंगे। बैठक में जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी और विभिन्न शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।



# मॉर्निंग वॉक पर महिलाओं से अश्लील इशारे करने वाला युवक दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र के सिंहद्वार स्थित नहर पटरी पर घूमने आने वाली महिलाओं को देखकर अश्लील हरकतें करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि बीते रविवार को कनखल की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई महिला का कहना था कि जब वह अपनी सहेलियों के साथ सिंहद्वार के पास नहर पटरी पर टहलने जाती है, तो वहां एक व्यक्ति उन्हें देखकर गंदी हरकतें और कमेंट करता है। महिलाओं से जुड़े इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेते हुए टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी को रंगे हाथों पकड़ कोतवाली लेकर आई आरोपी ने अपना प्रभाकर मिश्रा निवासी मकतूलपुरी रामनगर कोतवाली गंगनहर रुड़की बताया है। वह रुड़की से यहां आकर महिलाओं को परेशान करता था। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस टीम में हे.कां. जितेंद्र कुमार, कां. संजू सैनी शामिल रहे हैं।



# 5 लाख की धोखाधड़ी करने वाला 5 हजार का इनामी गिरफ्तार

### एसएसपी के निर्देश पर इनामी अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल पुलिस ने धोखाधड़ी के एक पुराने मामले में बड़ी कामयाबी हाथ लगी है।पुलिस ने पांच हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी पिछले काफी समय से पुलिस को चकमा देकर अपनी जगह बदल-बदल कर रह रहा था।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि साल 2024 में राकेश कुमार नाम के व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मोहित अग्रवाल और उसके साथियों ने फोरेक्स ट्रेडिंग और सामान की खरीद-फरोख्त के नाम पर उनसे 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। इस शिकायत पर थाना सिडकुल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोपी मोहित अग्रवाल जब से फरार चल रहा था। पुलिस जब भी उसके ठिकानों पर छापेमारी करती आरोपी पहले ही वहां से भाग निकलता था। आरोपी की इसी चालाकी को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। सिडकुल थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि पुलिस ने माननीय न्यायालय से उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी हासिल कर लिया था।नए कप्तान की अगुवाई में पुलिस टीम लगातार सक्रिय थी। मुखबिर तंत्र की मदद और कड़ी मेहनत के बाद पुलिस टीम ने आरोपी मोहित अग्रवाल (42 वर्ष) को उसके निवास स्थान इवोनी ग्रीन अपार्टमेंट, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में सिडकुल थानाध्यक्ष नितेश शर्मा, वरिष्ठ उप-निरीक्षक देवेन्द्र तोमर, उप-निरीक्षक सुभाष रावत, होमगार्ड आफताब शामिल रहे हैं।




### रमजान के दौरान व्यवस्थाएं सुधारने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मुनव्वर कुरैशी ने रमजान के दौरान सफाई, बिजली, पेयजल आदि व्यवस्था सुधारने की मांग की है। मुनव्वर कुरैशी ने कहा कि 3 दिन बाद रमजान का पवित्र महीना शुरू होने वाला है। इसलिए नगर निगम के अधिकारियों को सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोग तरावीह की नमाज पढ़ने आते हैं। मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक किया जाए। नियमित रूप से सड़कों एवं नालियों की सफाई की जाए। जिससे नमाजियों को असुविधाओं का सामना ना करना पड़े। उन्होंने बिजली विभाग से भी अपील की कि रमजान के महीने में अघोषित बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। जिससे पेयजल की आपूर्ति बाधित न हो।

# हरिद्वार-लक्सर मार्ग पर कार ई-रिक्शा की भिड़ंत में रिक्शा चालक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** हरिद्वार-लक्सर मार्ग पर रविवार देर रात शाहपुर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बैटरी ऑटो रिक्शा और कार की आमने-सामने भिड़ंत में ऑटो चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान प्रेम सिंह पुत्र बलबीर उम्र करीब 50 वर्ष निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। ऑटो रिक्शा में बैठी सवारी लेकर हरिद्वार की ओर जा रहे थे। ऑटो में सवार युवती भूमि उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी बिजनौर, जो किसी फैक्ट्री में कार्यरत बताई जा रही है, हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा पदार्था और शाहपुर के बीच उस समय हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार ने बैटरी ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने प्रेम सिंह पुत्र बलबीर को मृत घोषित कर दिया। युवती की गंभीर हालत को देखते हुए उसे एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार और बैटरी ऑटो को कब्जे में ले लिया गया है। फरार कार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

### वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर पालन करने की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा माह के समापन अवसर पर सोमवार को यातायात पुलिस ने शंकराचार्य चौक पर जनजागरूकता अभियान चलाया। एसएसपी नवनीत सिंह के मार्गदर्शन और एसपी ट्रैफिक निशा यादव के नेतृत्व में तथा पुलिस उपाधीक्षक यातायात वीपेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए गए अभियान के दौरान बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चला रहे चालकों को हेलमेट भी दिए गए। साथ ही सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने की सलाह दी गई। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर लगने वाली चोटें गंभीर एवं प्राणघातक सिद्ध हो सकती हैं, जिनसे बचाव हेतु गुणवत्तायुक्त हेलमेट का प्रयोग करें। यातायात पुलिस ने संदेश दिया कि स्वयं भी हेलमेट पहनें और अपने परिवारजनों और परिचितों को भी हेलमेट पहनने लिए प्रेरित करें। बताया कि दुपहिया वाहन चलाते समय चालक एवं पीछे बैठने वाले दोनों के लिए हेलमेट अनिवार्य है। निर्धारित गति सीमा का पालन करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। यातायात संकेतों व नियमों का पालन करें ओर शराब पीकर वाहन ना चलाएं। अभियान में यातायात पुलिस निरीक्षक हितेश कुमार, संदीप सिंह नेगी, हरिद्वार यातायात पुलिस टीम तथा द नेशनल हेल्पिंग हैंड के सदस्य शामिल रहे।



# दो दिन चले लालढांग महा शिवरात्रि मेले मे ग्रामीणों ने लुफ्त उठाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**लालढांग।** क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर दो दिवसीय मेले के अंतिम दिन मेले में भारी भीड़ उमड़ी। इस मेले को देखने के लिए क्षेत्र के सभी गांव के महिलाओं बच्चो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।मेले में कॉस्मेटिक, रेडिमेट, क्रॉकरी, बच्चो के लिए खिलाने की दुकानें व अन्य रोजमर्रा का सामान की ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की। बच्चों के मनोरंजन के लिए बड़े बड़े झूले, मिक्की माउस अन्य झूलो से बच्चो में उत्साह बना रहा।मेले में उमड़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था हेतु श्यामपुर पुलिस द्वारा विशेष पुलिस बल तैनात किया गया। लालढांग चौकी प्रभारी सुभाष चंद्र जखमोला ने बताया कि बाजार में लगने वाले मेले की भीड़ को देखते हुए हरिद्वार कोटद्वार बाया लालढांग होकर आने जाने वाले सभी वाहनो को नयागांव तिराहे से नयागांव होकर डायवर्ट किया गया। जिससे वाहनों आने जाने में किसी तरह की परेशानी न हो। पुलिस ने चाकचौवंध व्यवस्था की।



# शारदीय कांवड़ मेले के बाद सफाई अभियान, 200 ट्रैक्टर कूड़ा हटाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शारदीय कांवड़ मेले की समाप्ति के बाद हरिद्वार नगर निगम ने शहर और गंगा घाटों को चमकाने के लिए युद्धस्तर पर सफाई अभियान छेड़ दिया है। मेले के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आमद से शहर में लगभग 200 ट्रैक्टर से ज्यादा कूड़ा जमा हुआ था, जिसे निगम की टीमों ने दिन-रात एक कर साफ किया। नगर निगम ने स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए 150 कर्मचारियों की एक विशेष टीम तैनात की थी। इन कर्मचारियों ने न केवल दिन में बल्कि रात की पाली में भी संवेदनशील घाटों पर सफाई जारी रखी। सुभाष घाट, नई घाट, सीसीआर घाट, विष्णु घाट और चमगादड़ टापू जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विशेष बैगों के जरिए कूड़ा इकट्ठा किया गया। नगर निगम की टीम ने कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए केवल अपने क्षेत्र तक ही सफाई सीमित नहीं रखी। चंडी घाट जैसे इलाके, जो निगम सीमा से बाहर आते हैं, वहां भी विशेष अभियान चलाकर गंदगी साफ की गई। मेले के बाद शांतिकुंज, पतंजलि और कई सामाजिक संस्थाओं ने भी इस सफाई कार्य में अपना सहयोग दिया। सफाई अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य सफाई निरीक्षक अर्जुन सिंह ने रोड़ी बेलवाला क्षेत्र की कमान संभाली, जबकि सफाई निरीक्षक धीरेंद्र सेमवाल ने चमगादड़ टापू और अन्य घाटों पर काम की निगरानी की। रात के समय सुपरवाइजर कुलदीप, अशोक और कपिल ने टीम का मार्गदर्शन किया। नगर निगम के अनुसार, अधिकतर घाटों की सफाई पूरी हो चुकी है। वर्तमान में विष्णु घाट, बिरला घाट और अलकनंदा घाट पर विशेष फोकस किया जा रहा है, जिन्हें आज पूरी तरह साफ करने का लक्ष्य रखा गया है। भारी भीड़ के बावजूद बेहतर प्रबंधन से शहर की स्वच्छता को बरकरार रखा गया है।




### पुलिस ने वारंटी को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार जनपद में इनामी, वांछित, वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने न्यायालय से वांछित चल रहे एक वंचित को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पथरी एसओ मनोज नोटियाल ने बताया सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर के आदेश अनुसार जनपद में इनामी, वांछित, वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गैर जमानती वारंटियों के मामले में पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक वंचित को गिरफ्तार किया है। आरोपी ब्रजेश कुमार पुत्र मलखान सिंह निवासी इक्कड़ कला, पथरी पिछले लंबे समय से न्यायालय से नरारद चल रहा था। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# शादी समारोह के दौरान मारपीट में पांच घायल, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र की एक धर्मशाला में शादी की खुशियां उस समय अफरा-तफरी में बदल गईं, जब कुछ युवकों ने बारातियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए हैं।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर के ग्राम सन्धावली निवासी गोवर्धन ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि वह अपने परिवार के साथ बहादराबाद में अपनी बहन के लड़के की शादी में आए थे। 12 फरवरी को बारात बहादराबाद से ज्वालापुर की वाल्मीकि धर्मशाला पहुंची थी। शादी संपन्न होने के बाद परिवार के कुछ सदस्य, अंकित, रचित, कार्तिक, पंकज, गोवर्धन, धर्मशाला में ही रुके हुए थे। पीड़ित का आरोप है। रविवार की सुबह दीपक और अनिकेत नाम का युवक अपने 4-5 साथियों के साथ लाठी-डंडे लेकर पांडाल में घुस आए। आरोप है कि इन लोगों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़ित पक्ष ने इसका विरोध किया, तो हमलावरों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। शोर सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे, तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते मौके से भाग गया। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### कच्ची शराब के साथ युवक दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गये अभियान में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीली दवाई एव इंजेक्शन आदि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने सोमवार को गस्त चौकिंग के दौरान सुभाषगढ़ डेरा कलाल मार्ग पर ट्यूबेल की ओर जाने वाले रास्ते पर छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया आरोपी से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अंकित कुमार 29वर्ष पुत्र चतर सैन निवासी अलावलपुर थाना पथरी बताया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

# पुलिस ने छात्राओं को सिखाए सुरक्षा के गुर, पढ़ाया कानूनी जानकारी पाठ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को नगर कोतवाली पुलिस की टीम ने दून कैम्ब्रिज स्कूल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान छात्राओं और महिलाओं को आपातकालीन स्थिति से निपटने और कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। नगर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि हरिद्वार एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस टीम ने छात्राओं को बताया कि किसी भी मुसीबत के समय घबराने की जरूरत नहीं है। पुलिस ने छात्राओं को उत्तराखंड पुलिस ऐप और गोरा शक्ति ऐप की उपयोगिता समझाई। साथ ही बताया कि आपात स्थिति में 112 नंबर और महिला हेल्पलाइन नंबर 1090/1091 पर तुरंत कॉल कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। वहीं, पुलिस टीम ने छात्राओं को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति भी सचेत किया। उन्होंने बताया कि अगर किसी के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी होती है, तो वे तुरंत 1930 नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं और बालिकाओं से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना किसी डर या संकोच के पुलिस से संपर्क करें। पुलिस ने आत्मरक्षा के सामान्य तरीके और सतर्क रहने के महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि वे समाज की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर हैं।



### कॉपर केबल चोरी का आरोपी दबोचा, माल बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र के पतंजलि ग्रामोद्योग के पास हुई कॉपर केबल चोरी की वारदात का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी के माल के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त प्रयुक्त बाइक को सीज क दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जगजीतपुर निवासी दिनेश जोशी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बहादरपुर सैनी स्थित उनके प्लॉट में रखी करीब 35 मीटर तांबे की केबल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। कोतवाली बहादराबाद प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि पुलिस टीम रविवार को रात क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान अमन कुमार निवासी बेलड़ी सल्फर, रुड़की को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों अमित और अर्जुन के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमित नौटियाल, कांस्टेबल शाह आलम और होमगार्ड अरविंद शामिल रहे। बहादराबाद पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों का भरोसा मजबूत हुआ है।

# आनंद विहार के गंगेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र स्थित कॉलोनी आनंद विहार के नवनिर्मित गंगेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रात:काल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी और पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों एवं आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था। शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगलकामना की। इस अवसर पर अवधेश झा द्वारा भगवान शिव की पूजा अर्चना व हवन किया गया। जिसमें कॉलोनी वासियों ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया।



कार्यक्रम का संचालन अवधेश झा के नेतृत्व में किया गया। उनके साथ राम किशोर त्यागी एवं अन्य कॉलोनीवासियों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। सोमवार को सामूहिक रूप से खीर तैयार कर श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में वितरित की गई। प्रसाद वितरण के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने एक-दूसरे को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। कॉलोनीवासियों ने बताया कि गंगेश्वर महादेव मंदिर में यह महाशिवरात्रि विशेष महत्व रखती है, क्योंकि मंदिर के नवनिर्माण के पश्चात यह पहला प्रमुख धार्मिक आयोजन था, जिसे सामूहिक रूप से भव्य रूप में संपन्न कराया गया। सभी ने भविष्य में भी इसी प्रकार एकजुट होकर धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को सफल बनाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे मंदिर से जुड़े आगामी कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लें तथा अपने सुझाव प्रदान करें, ताकि ऐसे आयोजन और अधिक सुव्यवस्थित, भव्य एवं गरिमामय रूप में संपन्न किए जा सकें। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिभाव, आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली, जिससे कॉलोनी में देर शाम तक धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा।

# पंतद्वीप में शांतिकुंज ने चलाया बड़े पैमाने पर सफाई अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** देवों के देव महादेव की नगरी हरिद्वार में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में शिवभक्त पंतद्वीप पहुँचे। भक्तों ने कांवड़ यात्रा और अन्य पूजा सामग्री के साथ धार्मिक उत्सव में भाग लिया, लेकिन पर्व के बाद पंतद्वीप में बड़ी मात्रा में कचरा जमा हो गया। शांतिकुंज के दौ सौ से अधिक स्वयंसेवकों ने नगर निगम और जिला प्रशासन के सहयोग से पंतद्वीप में व्यापक सफाई अभियान चलाया। अभियान में स्वयंसेवकों ने कई टन कचरा एकत्र किया और हरिद्वार नगर निगम के वाहनों के माध्यम से उसे निस्तारण हेतु भेजा गया। अभियान के दौरान कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित कर निपटान सुनिश्चित किया गया। यह सफाई अभियान अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या और शैलदीदी के मार्गदर्शन में चलाया गया। शांतिकुंज स्वच्छता विभाग के प्रेमलाल बिरला और अजय त्रिपाठी ने अभियान का नेतृत्व किया और स्वयंसेवकों का समन्वय किया। सफाई अभियान ने न केवल पंतद्वीप को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि धार्मिक आयोजनों के दौरान पर्यावरण और स्वच्छता का ध्यान रखना आवश्यक है। स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी ने बताया कि सामूहिक प्रयासों से किसी भी चुनौती का सामना किया जा सकता है। नगर निगम और जिला प्रशासन ने शांतिकुंज परिवार के सेवा कार्यों की सराहना की।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

## ढौर में लगा बहुउद्देश्यीय शिविर, लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

- 550 लोगों ने किया प्रतिभाग, शिविर में 28 शिकायतें दर्ज हुई, अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** मुख्यमंत्री के निर्देशन पर जनपद में प्रत्येक न्याय पंचायत में आयोजित हो रहे जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत सोमवार को विकासखंड बीरोंखाल की न्याय पंचायत ढौर में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 28 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं 70 पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरक.ारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में कुल 550 लोगों ने प्रतिभाग किया। शिविर की अध्यक्षता एआरटीओ एनके ओझा ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से स्थानीय लोगों को एक ही स्थान पर योजनाओं का लाभ और समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण मौके पर नहीं हो पाया है, उनका समयबद्ध निस्तारण करें, ताकि शिकायतकर्ताओं को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से अपील की कि वे इन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, राजस्व, वन विभाग, आयुर्वेदिक एवं यूनानी, पशुपालन, कृषि, उद्यान सहित कुल 23 विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानक.ारी दी और कई पात्र लाभार्थियों को मौके पर लाभ दिया । इस अवसर पर ज्येष्ठ उप प्रमुख कुलदीप नेगी, खंड विकास अधिकारी सुदर्शन सिंह बुटोला, एडीओ पंचायत बीरेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी ऋषभ कुमार सहित अन्य अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# रैली से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने में सफल हुई कांग्रेस

**मोहम्मद शाह नजर**

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में सोमवार को उस समय सियासी तापमान बढ़ गया, जब प्रदेश में बढ़ते अपराध, बिगड़ती कानून व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने विशाल रैली और लोकभवन घेराव का आह्वान किया। यह कार्यक्रम केवल विरोध प्रदर्शन भर नहीं रहा, बल्कि लगातार चुनावी पराजयों से निराश कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करने वाला आयोजन बन गया।

सुबह से ही परेड ग्राउंड में प्रदेशभर से आए कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता एकत्रित होने लगे। भीड़ का उत्साह यह संकेत दे रहा था कि पार्टी जमीनी स्तर पर अभी भी सक्रिय और संगठित है। मंच पर प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा की मौजूदगी ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह, कांग्रेस चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा समेत तमाम वरिष्ठ नेता एक साथ नजर आए।



### सरकार पर निशाना, संगठन को संदेश

रैली से पहले लगाए गए प्रचार सामग्री को हटाए जाने को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर आवाज दबाने का आरोप लगाया। इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर चोट बताते हुए नेताओं ने कहा कि इससे पार्टी का हौसला कम नहीं होगा।प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव सुरभि द्विवेदी ने युवाओं को संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। हालांकि रैली का मुख्य स्वर संगठनात्मक मजबूती और जनसंघर्ष पर केंद्रित रहा। नेताओं ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस का उद्देश्य केवल विरोध करना नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को पुन: अर्जित करना है।

### मायूसी से आत्मविश्वास तक कार्यकर्ताओं में लौटी उम्मीद

पिछले 2014 के बाद हुए चुनावों में लगातार हार से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में निराशा का भाव दिख रहा था। लेकिन इस रैली ने उस मायूसी को काफी हद तक तोड़ने का काम किया। नेताओं ने अपने संबोधन में स्पष्ट संदेश दिया कि संगठन मजबूत है और जनता के मुद्दों पर संघर्ष ही पार्टी की असली पहचान है।महिला अपराध, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, किसानों को फसल नुकसान पर मुआवजा न मिलना, जंगली जानवरों के हमले, पलायन, आपदा प्रभावितों को राहत और बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। इससे कार्यकर्ताओं को यह भरोसा मिला कि पार्टी जनभावनाओं के साथ खड़ी है और जमीनी संघर्ष के लिए तैयार है।

### दिग्गजों की एकजुटता ने दिया बड़ा संकेत

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस रैली का सबसे बड़ा संदेश पार्टी के भीतर एकजुटता का प्रदर्शन रहा। लंबे समय से गुटबाजी की चर्चाओं के बीच सभी वरिष्ठ नेताओं का एक साथ मंच साझा करना कार्यकर्ताओं के लिए सकारात्मक संकेत है। इससे यह संदेश गया कि पार्टी नेतृत्व आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर सामूहिक संघर्ष के लिए तैयार है।

## सहसपुर पुलिस ने स्कूली छात्र-छात्राओं को नशे के विरुद्ध किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** सभावाला में नफीस इंटर कॉलेज में स्कूली बच्चों के बीच पुलिस द्वारा चलाया जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद देहरादून के निर्देशानुसार ड्रग्स के बढ़ते प्रचलन के दृष्टिगत थाना क्षेत्र अंतर्गत सभावाला स्थित नफीस इंटर कॉलेज में स्कूली बच्चों को ड्रग्स के दुष्प्रभाव एवं उनसे बचने के उपाय के संबंध में अवगत कराया गया।


## महाशिवरात्रि मेले में महिलाओं ने की जमकर खरीदारी

### आधुनिक झूलों का युवक व युवतियों ने उठाया आनंद

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष में बाड़वाला में आयोजित मेले के दूसरे दिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने खरीदारी करने के साथ झूले, चरखी आदि का लुत्पफ उठाया।बाड़वाला में चल रहे चार दिवसीय मेले के दूसरे दिन सुबह से ही लोगों की भीड़ रही। कास्मेटिक की दुकानों से लेकर खेल खिलौनों, घरेलू सामान, सजावटी सामान आदि की दुकानों पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी रही। महिलाओं ने श्रृंगार व घरों को सजाने के सामान की जमकर खरीदारी की। बच्चों ने भी खेल खिलौनों के लिए अपने माता पिता की जेबें ढीली कराई। मेले में लगे आधुनिक झूलों का युवक व युवतियों ने खूब आनंद उठाया। दिनभर मेले में लोगों का हुजूम उमड़ा रहा।

## आईपीआर पर ऑनलाइन व्याख्यानमाला का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** आईपीआर प्रकोष्ठ एवं रसायन विज्ञान विभाग, वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपथर, विकासनगर द्वारा उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (युकॉस्ट), देहरादून के प्रायोजन में बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) पर ऑनलाइन व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य प्रो. डी.एस. नेगी मुख्यातिथि रहे। इस सत्र में प्रो. नेगी ने छात्रों को आईपीआर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नवाचार एवं बौद्धिक संपदा संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।तकनीकी सत्र में प्रो. (डॉ.) सुमिता श्रीवास्तव प्राचार्य आर एच गवर्नमेंट पी.जी कॉलेज उधम सिंह नगर ने 'बौद्धिक संपदा अधिकारों का परिचय' विषय पर व्याख्यान दिया।कार्यक्रम का संचालन डॉ कृतिका नेगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम सहयोजक डॉ रोहित वर्मा, डा. अरविंद मोहन पैन्यूली, मीडिया प्रभारी डॉ. राज. कुमारी भंडारी चौहान, डॉ. विजय बहुगुणा, डॉ. अनिल शाह, डॉ. नेहा कुकरेती सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बाल विकास दफ्तर का किया घेराव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले भर में आशा कार्यकर्ताओं और भोजन माताओं के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने भी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है।

सोमवार को बाल विकास कार्यालय परिसर स्थित विकास भवन में मानदेय वृद्धि और अन्य मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेविका मिनी कर्मचारी संगठन की ओर से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया हैघ् उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार को चेताया है कि यदि मांगे नहीं मानी जाती तो आगे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

सोमवार को चिन्यालीसौड़, डुंडा, भटवाडीघ् आदि विकासखंडों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेविका मिनी कर्मचारी संगठन से जुड़ी महिलाएं काली कमली धर्मशाला में एकत्रित हुई। बाद में वहां से उन्होंने विकास भवन तक मांगों को लेकर नारेबाजी कर जुलूस प्रदर्शन किया। उसके बाद उन्होंने बाल विकास विभाग का घेराव कर अपनी मांगों पर जल्द ही अमल करने के लिए शासन स्तर पर वार्ता करने की मांग की गई है।

इस मौके पर संगठन की जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी नौटियाल, सुमित्रा, रुकमणी,बसंता रावत, किरन भंडारी, लक्ष्मी नौटियाल, सीमा, समेत भारी संख्या में मौजूद रही है।

### एक नजर .......

## आईआईएफएल फाइनेंस 9 प्रतिशत सालाना रिटर्न के साथ 2,000 करोड़ के बॉन्ड किए जारी

**देहरादून।** देश की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाईनेंशियल कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस लिमिटेड ने रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के पब्लिक इश्यू जारी किए हैं, जो 17 फरवरी, 2026 से मिलना शुरू होंगे। इनका इश्यू साईज 500 करोड़ रुपये है, और 1,500 करोड़ रुपये तक का ओवरसब्सक्रिप्शन बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू विकल्प है। इस प्रकार कुल इश्यू साईज 2,000 करोड़ रुपये का होगा। इस फंड का उद्देश्य कंपनी के व्यवसाय में वृद्धि करना और पूंजी बढ़ाना है।इस एनसीडी द्वारा 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक का प्रभावी रिटर्न मिलेगा और यह 24 महीनों, 36 महीनों, और 60 महीनों की अवधियों के लिए उपलब्ध होगा। ब्याज का पे-आउट मासिक, वार्षिक या मैच्योरिटी के बाद लिया जा सकता है।इस इश्यू को क्राईसिल रेटिंग्स ने क्राईसिल एए/स्टेबल रेटिंग दी है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स द्वारा इसे बीडब्लूआर एए+ (स्टेबल) रेटिंग दी गई है, जिससे प्रदर्शित होता है कि इनमें बहुत कम क्रेडिट रिस्क है और ये फाईनेंशियल दायित्वों को समय पर पूरा करने के लिए बहुत ज्यादा सुरक्षित हैं।निर्मल जैन, फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, आईआईएफएल फाईनेंस ने कहा कि, '' आईआईएफएल फाईनेंस भारत के प्रमुख एनबीएफसी में से एक है। यह पूरे देश में मजबूत स्थिति रखता है। इसका डाईवर्सिफाईड रिटेल पोर्टफोलियो 4.6 मिलियन से अधिक वंचित ग्राहकों को क्रेडिट प्रदान करता है।

## सहसपुर पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

**सहसपुर।** कोतवाली सहसपुर पुलिस द्वारा सत्यापन अभियान चलाया गया। पुलिस ने उल्लंघन कर्ताओ के विरुद्ध की पुलिस एक्ट में चालानी कार्यवाही। पुलिस ने 6 मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराये जाने पर 60000 रूपये का चालान न्यायालय तथा 81 पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत 500 रुपये का वसुला गया तथा 5 संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर की गई पूछताछ। पुलिस ने बताया कि सत्यापन कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## पीएनबी की अन्तरक्षेत्रीय प्रतियोगिता में देहरादून क्षेत्र का दबदबा

**विकासनगर ।** पंजाब नेशनल बैंक के इंटर जोनल प्रतियोगिता का आयोजन इकाना स्टेडियम लखनऊ में 14 व 15 फरवरी को हुआ जिसमें देहरादून जोन की ओर से टेबल टेनिस एकल व युगल में विकासनगर निवासी मेजर संजय बिश्नोई के पुत्र रंजन बिश्नोई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल में कांस्य तथा युगल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।रंजन विश्नोई ने युगल में मुख्य प्रबंधक जसविंदर सिंह के पार्टनर के रूप में भाग लिया। प्रतियोगिता में लखनऊ जोन सहित 9 जोन ने प्रतिभाग किया। टेबल टेनिस के एकल मुकाबलो में देहरादून जोन के जसविंदर सिंह ने 9 में 9 मुकाबले जीत कर स्वर्ण पदक, लखनऊ जोन के अनुभव ने 9 में 8 मुकाबले जीत कर सिल्वर पदक व रंजन बिश्नोई ने अपने 9 मे से 7 मुकाबले जीत कर कांस्य पदक अपने नाम किया। टेबल टेनिस युगल में देहरादून जोन के जसविंदर सिंह व रंजन बिश्नोई ने अपने सभी मुकाबले जीत कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। देहरादून जोन ने टेबल टेनिस मुकाबलों में क्लीन स्वीप करते हुए मिक्स युगल में जसविंदर सिंह व आरती पोखरियाल ने स्वर्ण, महिला एकल में आरती पोखरियाल ने स्वर्ण व महिला युगल में आरती पोखरियाल व सृष्टि खड़का ने स्वर्ण जीता। फरवरी के अंत मे रंजन बिश्नोई सहित देहरादून की समस्त टीम हेड आफिस लेवल प्रतियोगिता में दिल्ली प्रतिभाग करेगी।

## चिंताहरण महादेव मंदिर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजता रहा

- छावनी बाजार के मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** महाशिवरात्रि के समापन कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को छावनी बाजार स्थित चिंताहरण महादेव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

रविवार देर रात आयोजित चार पहर की विशेष पूजा एवं रुद्राभिषेक के पश्चात सोमवार प्रात: मंदिर में विशेष पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद मंदिर के पुजारी सिधेश्वर गिरी महाराज ने भगवान भोलेनाथ को भोग अर्पित कर विधिवत रूप से भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे से पूर्व श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर बाद तक चले इस भंडारे में छावनी क्षेत्र सहित आसपास के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंजता रहा।

इस अवसर पर पुजारी सिधेश्वर गिरी,मनीष कुकरेजा,राम पाठक राजेश्वर वर्मा, अनूप चौरसिया, नीटू ठाकुर, मुकेश कुमार,बिट्टू चौहान, सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रात्रि चेकिंग के दौरान लकड़ी से लदा ट्रक किया सीज चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सतपुली ।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के निर्देशों के क्रम में जनपद में पुलिस टीमों द्वारा निरंतर एवं सुनियोजित सघन चेकिंग अभियान संचालित करते हुए नियमित सांयकालीन एवं रात्रिकालीन वाहन चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच एवं परिवहन साधनों की गहन तलाशी की जा रही है।

इसी क्रम में रविवार को थाना सतपुली पुलिस टीम द्वारा की जा रही सघन एवं प्रभावी वाहन चेकिंग के दौरान सतर्क निगरानी के परिणामस्वरूप एक ट्रक संख्या न्ज्ञ 17 ब 6575 को रोककर विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान उक्त वाहन लकड़ी से लदा हुआ पाया गया।

वाहन चालक से परिवहन की जा रही लकड़ी के संबंध में वैध पत्र एवं विभागीय अनुमति देने हेतु कहा गया, किन्तु चालक द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रथम दृष्टया लकड़ी का परिवहन अवैध पाए जाने पर पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए लकड़ी से लदे ट्रक को सीज किया गया तथा चालक हसन अली, उम्र 55 वर्ष, पुत्र सिद्धीक अहमद, निवासी- रुड़की, जिला हरिद्वार को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। वन संपदा को बिना अनुमति क्षति पहुंचाना, अवैध कटान करना अथवा बिना सक्षम अनुमति के वन उत्पादों का परिवहन किया जाना कानूनन अपराध है। उक्त प्रकरण में अभियुक्त के विरुद्ध कार्यावाही करते हुए भारतीय वन अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत थाना सतपुली पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## बिना सत्यापन किरायेदार रखने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**कोटद्वार ।** मुख्यालय स्तर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद में रविवार से एक माह का विशेष सघन सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पवार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना, चौकी एवं सर्किल स्तर पर पुलिस टीमें गठित कर अभियान को प्रभावी रूप से धरातल पर लागू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत आश्रम, धर्मशाला, होटल, होम-स्टे, हॉस्टल, फैक्ट्री, निर्माण स्थलों, निजी प्रतिष्ठानों, किराये के मकानों, फ्लैटों एवं पीजी में निवासरत बाहरी व्यक्तियों, छात्र-छात्राओं, श्रमिकों एवं कर्मचारियों का व्यापक सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के दौरान आधारभूत पहचान विवरण, स्थायी पता, संपर्क जानकारी एवं स्थानीय संदर्भों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जनपद में पुलिस टीमों द्वारा वृहद स्तर से सत्यापन की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त पुलिस टीमों द्वारा मकान मालिकों, होटल संचालक.ों, संस्थान प्रबंधकों एवं ठेकेदारों को किरायेदार, कर्मचारी सत्यापन की अनिवार्यता के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। उन्हें स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया है कि बिना पुलिस सत्यापन के किरायेदार अथवा कर्मचारी रखना या किसी भी संदिग्ध गतिविधि में संलिप्तता पाए जाने अथवा सत्यापन प्रक्रिया की अनदेखी करने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## स्ट्रॉबेरी फार्म का भ्रमण कर खिल उठे नन्हे मुन्नों के चेहरे



**सेलाकुई।** शिवालिक एकेडमी के प्लेग्रुप से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों ने स्ट्रॉबेरी फार्म का शैक्षणिक एवं मनोरंजक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने जैविक (ऑर्गेनिक) स्ट्रॉबेरी की खेती को नजदीक से देखा और समझा कि स्ट्रॉबेरी की खेती अन्य फसलों से किस प्रकार भिन्न होती है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सरल एवं रोचक ढंग से स्ट्रॉबेरी के रोपण, देखभाल, वृद्धि तथा  की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ खेतों का अवलोकन किया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। भ्रमण के साथ ही विद्यार्थियों द्वारा ताजी स्ट्रॉबेरी खुद से तोड़ कर रोचक अनुभव किया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के शिक्षक भी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान बच्चों ने खेत से ताजी, रसीली और खट्टी-मीठी स्ट्रॉबेरी का स्वाद चखा। इस शैक्षणिक यात्रा ने बच्चों को खेती, प्रकृति और जैविक उत्पादन के प्रति नई समझ एवं जागरूकता प्रदान की।

## धार्मिक मेले में लगा झूला, चर्खियों के हिसाब को झूलता ठेकेदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** बैकुंठ चतुर्दशी एवं विकास प्रदर्शनी मेला-2025 में लगे झूले, चरखी के हिसाब को लेकर अपनी हिस्सेदारी के लिए झूलता सेठपाल ठेकेदार इसी मामले में पुलिस थानों से लेकर आम जनता तक चर्चा का विषय बन गया है। सुबे के रसूखदार मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा जांच में सत्यता होगी तो कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। शामली उत्तर प्रदेश निवासी सेठपाल ठेकेदार ने कहा कि श्रीनगर चौरास निवासी यूवा नेता आयुष मियां के नाम मेले में लगने वाली सभी दुकानों और झूले चरखीयों का टेंडर खुला था। जिसका जिम्मा सेठपाल को दिया गया था। जिसकी एवज में उनसे अलग-अलग किस्तों में उन्नीस लाख से अधिक पैसा लिया गया था और मेले मे कुल बचत होने पर उन्हें पच्चीस पैसे की हिस्सेदारी देने की बात कही गई थी। उक्त ठेकेदार सेठपाल का कहना है कि मेले में सभी खर्चे निकालकर चालीस लाख रूपये से भी अधिक बचत बताई गई थी। जिसे देने में श्रीनगर, चौरास निवासी ठेकेदार व अन्य साथी ने कुछ दिन बाद देहरादून में हिसाब करने को कहा था, लेकिन उक्त ठेकेदार सेठपाल जब हिसाब लेने पहुंचे तो चौरास,श्रीनगर निवासी ठेकेदारों ने हिसाब समझाते हुए कहा कि दस लाख नगर निगम के पार्षदों को, आठ लाख उपजिलाधिकारी श्रीनगर तथा तीन लाख व्यापार मण्डल तथा पांच लाख अस्सी हजार नगर निगम को उपहार के रूप में चांदी के सिक्के देने की बात कही। इससे पहले श्रीनगर, चौरास निवासी यूवा ठेकेदारों ने नवनीत बिष्ट उर्फ राजा एवं आयुष मिंया ने किसी अन्य खर्चे को अस्वीकार किया करते हुए बचत के पैसे को लेकर हिस्सेदारी देने की बात कही थी।

## नगर निगम में बहुउद्देशीय शिविर आज

**काशीपुर।** जन-जन की सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत 17 फरवरी को नगर निगम परिसर में प्रात: 11 बजे एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है।


## कार्यालय नगर निगम रुड़की हरिद्वार जनपद हरिद्वार।

पत्रांक- 1392/कर-अनु0/न0नि0 रुड़की/टैण्डर खुली बोली/2025-26 दिनांक:- 16-02-2026

नगर निगम रुड़की में दिनांक 01.12.2025 से दिनांक 01.12.2028 (03 वर्ष हेतु) निगम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सालियर साल्हापुर इब्राहिमपुर देह में स्थित सीवरेज फार्म खुली बोली के ठेके हेतु इच्छुक व्यक्तियों/ठेकेदारी को खुली बोली वास्ते निम्नुसार आमन्त्रित करती है।

| क्र0 स0 | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | न्यूनतम खुली बोली मूल्य प्लाट संख्या | खुली बोली हेतु एन0एस0सी/एफडी0आर/नकद धनराशि जमानत जमा किये जाने हेतु दिनांक एवं समय | नगर निगम सभागर में टेण्डर खुली बोली के माध्यम् से प्रतिभाग की |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भूमि फसल बिक्री | 40,000/- | प्लाट संख्या-18 रू. 6,13,500/-<br>प्लाट संख्या-19 रू. 5,52,964/- | दिनांक 26.02.2026 तक प्रात: 11:00 बजे तक। | दिनांक 26.02.2026 |

भूमि फसल बिक्री जमानत धनराशि एनएससी /एफ0डी0आर0/ नकद धनराशि जमानत राशि के रूप में जो नगर आयुक्त नगर निगम रूडकी के नाम बन्धक हो प्रस्तुत करनी अनिवार्य है। तद्दिनांक को उच्चतम खुली बोली धनराशि को स्वीकृति हेतु निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा जिसको स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति में निहित होगा। उपरोक्त से सम्बन्धित अन्य शर्त किसी भी कार्य दिवस में कर-अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

**कर-निर्धारण एवं राजस्व अधिकारी**
नगर निगम रूड़की।

**सहायक नगर आयुक्त**
नगर निगम रूड़की।

# जन-जन की सरकार:अब तक 5 लाख लोगों ने उठाया लाभ

■ कार्यक्रम बना धामी सरकार का जनसेवा अभियान बना सुशासन का सशक्त मॉडल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान उत्तराखंड में सुशासन और पारदर्शी प्रशासन का प्रभावी उदाहरण बनकर उभरा है। प्रदेश के सभी 13 जनपदों में निरंतर आयोजित हो रहे बहुउद्देशीय शिवि. रों के माध्यम से सरकार सीधे जनता तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। 16 फरवरी तक प्रदेशभर में कुल 638 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शि. विरों में अब तक 4,97,107 नागरिकों ने प्रतिभाग कर अपनी समस्याएं और मांगें दर्ज कराई हैं। केवल आज ही 7 शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें 4,306 नागरिकों ने भाग लिया। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि धामी सरकार का यह अभियान जनसरोकारों से सीधे जुड़कर परिणाम दे रहा है। अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 48,562 शिकायत पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 32,583 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। केवल आज ही 411 शिकायतें प्राप्त हुईं और 261 शिकायतों का त्वरित समाधान किया गया। इससे स्पष्ट है कि सरकार केवल शिकायतें सुन ही नहीं रही, बल्कि समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण भी सुनिश्चित कर रही है। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र जारी करने तथा आवेदन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक 69,746 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। आज के शिविरों में 353 प्रमाण पत्र/आवे. दन से संबंधित कार्य संपन्न हुए। यह पहल आमजन को कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाकर सेवाओं को उनके द्वार तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से भी बड़ी संख्या में नागरिकों को लाभान्वित किया गया है। अब तक 2,76,646 व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से लाभ मिला है, जिनमें से 2,542 लाभार्थी केवल आज के शिविरों में जोड़े गए। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि सरकार की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर व्यापक प्रभाव उत्पन्न कर रही हैं। जनपदवार आंकड़े भी इस अभियान की व्यापकता को रेखांकित करते हैं। हरिद्वार, देहराद. ून, उधम सिंह नगर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा सहित सभी जिलों में बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता और शिकायतों का समाधान हुआ है। विशेष रूप से पिथौरागढ़, पौड़ी, नैनीताल, उधम सिंह नगर और उत्तरकाशी में आज भी शिविरों का आयोजन कर नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रशासन को जनोन्मुखी, जवाबदेह और पारदर्शी बनाना है। "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान इसी संकल्प का जीवंत उदाहरण है, जिसके माध्यम से सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। धामी सरकार का यह प्रयास उत्तराखंड में सुशासन, त्वरित सेवा वितरण और जनविश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में स्थापित हो रहा है। प्रदेश की जनता को समयबद्ध समाधान, प्रमाण पत्रों की त्वरित उपलब्धता तथा योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ देकर सरकार विकास और विश्वास के नए आयाम स्थापित कर रही है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी: अण्डर-14 व 19 में कई प्रतियोगिता आयोजित आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग उत्तराखण्ड के तत्वावधान में खेल महाकुम्भ के अन्तर्गत मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत सोमवार को महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज, रायपुर, देहरादून में अण्डर-14 व 19 बालक-बालिकाओं की कबड्डी, खो-खो, पिट्ठू व मुर्गा झपट की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग के प्रारम्भिक मुकाबलों में हरिद्वार लोक सभा ने टिहरी लोक सभा को 26-31 से हराया, चमोली राज्य सभा ने पौड़ी लोक सभा को 33-32 से हराया, हरिद्वार राज्य सभा ने अल्मोड़ा लोक सभा को 37-16 से हराया तथा नैनीताल लोक सभा ने देहरादून राज्य सभा को 38-16 से हराया। वहीं खो-खो प्रतियोगिता के अंतर्गत बालिका वर्ग की अण्डर-14 प्रतियोगिता में हरिद्वार लोक सभा ने देहरादून राज्य सभा को 08 पोइंट से हराया, गढ़वाल राज्य सभा ने हरिद्वार राज्य सभा को 07 पोइंट से हराया। अण्डर-14 वर्ग के बालक वर्ग में टिहरी लोक सभा ने अल्मोड़ा लोकसभा को 02 पोइंट से हराया, पौड़ी गढवाल लोक सभा ने देहरादून राज्य सभा को 04 पोइंट से हराया। अण्डर-19 बालिका वर्ग में देहरादून राज्य सभा ने हरिद्वार राज्य सभा को 10 पोइंट से हराया, पौड गढवाल लोकसभा ने नैनीताल लोक सभा को 01 पोइंट से हराया। समाचार लिखे जाने तक पिट्ठू तथा मुर्गा झपट की प्रतियोगिताऐं गतिमान थी। जिसमें अपर निद. ेशक आर0 सी0 डिमरी, संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल, उप निद. ेशक शक्ति सिंह, एस के जयराज, सहायक निदेशक नीरज गुप्ता, जिला युवा कल्याण एवं प्रारद अधिकारी प्रमोद चन्द्र पाण्डे, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रारद अधिकारी मनोज कापड़ी, मो0 इमरान, सन्दीप वर्मा, पीयूष पटवाल, आदिती मौर्य, प्रदीप रावत, विपिन गौतम एवं अन्य समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत लण्ढौरा, जनपद हरिद्वार।

पत्रांक- 195 /र0ज0पा0/न0पं0ल0/2025-26, दिनांक: 16 फरवरी 2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत लण्ढौरा द्वारा मा0 अध्यक्ष महोदय व अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लण्ढौरा की स्वीकृति उपरान्त नगर पंचायत लण्ढौरा में रजत जयन्ती पार्क का निर्माण कार्य किये जाने हेतु वांछित विशेषताओं/उल्लेखित शर्तो को पूरा करते हुए ई- निविदा के माध्यम से कराये जाने हेतु टू-बिड (तकनीकी व वित्तीय) के रूप में ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के सम्बन्ध में समस्त शर्ते एवं सूचना http/www.uktenders.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में अवकाश को छोड़कर निकाय कार्यालय प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| S.no | Scheduled/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Online Publication | 16-02-2026 | 16:00 |
| 2 | Document Download Start Date | 16-02-2026 | 17:00 |
| 3 | Online Bid Submission Start Date | 23-02-2026 | 09:00 |
| 4 | Pre bid Meeting Office Nagar Panchayat Landhaura | 21-02-2026 | 13:00 |
| 5 | Online bid Submission End Date | 02-03-2026 | 12:00 |
| 6 | Offline Submission of Hard/Original Copy of document End date | 02-03-2026 | 12:00 |
| 7 | Bid Opening Date | 02-03-2026 | 13:00 |

उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी www.uktenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है तथा तिथियों व निविदा में किसी भी प्रकार का कोई संशोधन मात्र www.uktenders.gov.in पर प्रेषित किया जायेगा। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष नगर पंचायत लण्ढौरा के पास सुरक्षित रहेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत लण्ढौरा
जनपद हरिद्वार।

अध्यक्ष
नगर पंचायत लण्ढौरा
जनपद हरिद्वार।



## ।। कार्यालय नगर पालिका परिषद नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल।।

पत्रांकः- 1099 /निविदा/निर्माण/न0पा0प0न0नगर/2025-26/नरेन्द्रनगर, दिनॉक, 16 फरवरी,2026

**।। निविदा सूचना।।**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के पंजीकृत ठेकेदारों से इस निकाय द्वारा वित्तीय वर्ष-2025-26 में **राज्य वित्त आयोग** के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान से कराएं जाने वाले 02 (दो) अति आवश्यक निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु दिनॉक, 01 मार्च 2026 अपरॉहन 2:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 3:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष निविदा/निर्माण समिति के द्वारा पालिका कार्यालय में खोली जायेंगी। उपरोक्त निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्र दिनॉक 28 फरवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक नगद भुगतान पर पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम एवम् शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक महोदय/निविदा/निर्माण समिति को निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + 18% GST | निविदा की बैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1:- | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0- 02 वन्दे मातरम् के अन्तर्गत श्री मदन सिंह कैंतुरा के आवासीय भवन के सामने चिल्ड्रन पार्क के लिए सतह का निर्माण कार्य। | 3.40 लाख | 7000.00 | 500.00 | 15 दिन | 2½ माह |
| 2:- | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0- 06 बखरियाणा के अन्तर्गत पानी की टंकी से राकेश सिंह के मकान तक जाने वाले पैदल मार्ग की मरम्मत का कार्य। | 14.77 लाख | 29600.00 | 1500.00 | 15 दिन | 3 माह |

**नोटः-** निमार्ण कार्य से सम्वन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्यो दिवस को पालिका कार्यालय में देखी जा सकती है।

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नरेन्द्रनगर,टि0ग0।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, गुप्तकाशी ( रुद्रप्रयाग )

UTTARAKHAND

E-Mail:-cdpwdguptkashi@gmail.com

पत्राकः- 190/6 ए०सी०-निविदा दिनाक 16/02/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड सरकार की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो०नि०वि० गुप्तकाशी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु शील्ड निविदा दिनांक 26.02.2026 तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय में दिनांक 20.02.2026 से दिनांक 26.02.2026 के मध्य अपराह्न 02:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। जो कि दिनांक 26.02.2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक जमा किये जायेगे तथा दिनांक 26.02.2026 को ही अपराह्न 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदादाताओं के समक्ष खोले जायेंगे।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि ( लाख रू. में ) | निविदा की वैधता ( दिनों में ) | निविदा शुल्क ( रु. में ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि ( माह में ) | ठेकेदार की पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यात्रा व्यवस्था 2026-27 के अंतर्गत श्री केदारधाम धाम में तिर्हयात्रियों की सुविधा एवं व्यवस्थित यात्रा संचालन के दृष्टिगत श्री केदारनाथ मंदिर प्रांगण में बॉस बल्ली द्वारा बैरिकेटिंग पार्टिसन एवं अनुसरावण व रख रखाव का कार्य। | 0.19 | 45 | 1000.00+ 18% GST | 06 | विभाग में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी एवं उच्चतर में पंजीकृत। |
| 2 | यात्रा व्यवस्था 2026-27 के अतर्गत श्री केदारधाम धाम दर्शनार्थ कतारबद्ध तीर्थ यात्रियों की बरसात / ओलावृष्टि से सुरक्षा हेतु जर्मन शीट द्वारा निर्मित-23 नंबर बाटर प्रूफ कवरिंग टेंट सेट्स की रिपेयरिंग, स्थापना व यात्राकाल के दौरान रख रखाव का कार्य। | 0.19 | 45 | 1000.00+ 18% GST | 06 | विभाग में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी एवं उच्चतर में पंजीकृत |
| 3 | यात्रा व्यवस्था वर्ष 2026-27 के अंतर्गत श्री केदारधाम धाम में तीर्थयात्रियों की सुविधा एवं व्यवस्थित यात्रा संचालन के दृष्टिगत गौरीकुंड पड़ाव पर बॉस बल्ली द्वारा बैरिकेटिंग पार्टिसन एवं अनुसरावण व रख रखाव का कार्य। | 0.13 | 45 | 1000.00+ 18% GST | 06 | |
| 4 | यात्रा व्यवस्था वर्ष 2026-27 के अंतर्गत श्री केदारधाम धाम पैदल यात्रा मार्ग के स्थान सोनप्रयाग में यात्राकाल के समय स्टील फ्रेम द्वारा बैरिकेटिंग का मरम्मत एवं अनुश्रवण का कार्य। | 0.08 | 45 | 500.00+ 18% GST | 06 | |
| 5 | यात्रा व्यवस्था 2026-27 के अन्तर्गत श्री केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग के स्थान गौरीकुंड (किमी० 01) से जंगलचट्टी (किमी० 04) (लम्बाई 4.00 किमी०) तक रेलिंग का मरम्मत एवं पुनर्सथापन का कार्य। | 0.06 | 45 | 500.00+ 18% GST | 02 | विभाग में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी एवं उच्चतर में पंजीकृत |
| 6 | यात्रा व्यवस्था 2026-27 के अंतर्गत श्री केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग के जंगलचट्टी किमी० 05 से रामबाड़ा (8.00) (लम्बाई 4.00 किमी०) तक रेलिंग का मरम्मत एवं पुनर्सथापन का कार्य। | 0.10 | 45 | 1000.00+ 18% GST | 02 | |
| 7 | यात्रा व्यवस्था 2026-27 के अंतर्गत श्री केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग के स्थान रामबाडा (8.00) से श्री केदारनाथ (16:00) तक रेलिंग का मरम्मत एवं पुर्नस्थापन का कार्य। | 0.23 | 45 | 1000.00+ 18% GST | 02 | |
| 8 | यात्रा व्यवस्था वर्ष 2026 के अंतर्गत गौरीकुंड में घोडा पड़ाव स्थान पर पूर्वनिर्मित रैन शेल्टर का मरम्मत एवं स्टील कुर्सियों का निर्माण कार्य। | 0.17 | 45 | 1000.00+ 18% GST | 1.5 | विभाग में भवन कार्य हेतु श्रेणी डी एवं उच्चतर में पंजीकृत। |

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड लो.नि.वि., गुप्तकाशी**



## कार्यालय जिला पंचायत देहरादून

पत्रांक स० 2507/XV/ई-निविदा (2025-26)/जि०प०दे०दून दिनांक 13/02/2026

**ई-निविदा सूचना**

जिला पंचायत देहरादून के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला पंचायत देहरादून द्वारा निम्नांकित कार्य योजना हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना https://uktenders.gov.in पर अपलोड की जा रही है, जोकि दिनांक 17.02.2026 से ऑन लाईन उपलब्ध होगी।

| क्र. स. | विकासखण्ड | योजना का नाम | धरोहर राशि ( लाख रु. में ) | निविदा मूल्य + (18% GST) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 1 | जनपद देहरादून | Supply, Erection and commissioning of 12WLED solar street lights at various locations in Rurlal area of district Dehradun (Uttarakhand) | 0.48 | 2000+360 | 30 दिन | 2 माह |

**नोट:-** निविदादाता को निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एव निर्धारित समय से पूर्व अनिवार्य सभी अभिलेख / प्रमाण-पत्रों को अपलोड करते हुए निम्नांकित अभिलेखो/प्रमाण-पत्रो के साथ संलग्न कर कार्यालय जिला पंचायत देहरादून में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। समस्त अनिवार्य अभिलेख/प्रमाण-पत्रो को नियत तिथि एवं समय तक उपलब्ध न कराने की दशा में सम्बन्धित निविदादाता की ई-निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

1. कॉलम 5 में अंकित निविदा मूल्य एवं 18 प्रतिशत जी०एस०टी० के दो अलग-2 डिमांड ड्राफट जो कि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत देहरादून के नाम हो, मूल रूप में प्रस्तुत करने अनिवार्य होगे।
2. निविदा के साथ रु. 100/- का स्टाम्प रू. 01/- रेवन्यू टिकट लगा हस्ताक्षर सहित निविदा की वैधता अंकित कर अपलोड कर आवश्यक प्रपत्रो सहित संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. कॉलम-4 में अंकित निर्धारित धरोहर राशि की एफ०डी०आर०/सी०डी०आर० जोकि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत देहरादून के नाम बन्धक हो अपलोड कर मूल रूप में आवश्यक प्रपत्रों सहित संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. जिला पंचायत देहरादून में वर्ष 2025-26 में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार जिसके पास सोलर स्ट्रीट लाईट सम्बन्धित कार्यों का अनुभव हो उक्त ई-निविदा में प्रतिभाग कर सकता है, साथ ही निविदादाता को जिला पंचायत देहरादून द्वारा पंजीयन की प्रति अपलोड कर आवश्यक प्रपत्रों सहित संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत देहरादून से ज्ञात की जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत देहरादून**




# अफगानिस्तान ने चखा जीत का स्वाद

## अजमतुल्लाह उमरजेई ने चार विकेट व नाबाद 40 रन, इब्राहिम जादरान ने 53 रन और दरवेश रसूली ने 33 रनों की शानदार पारियां खेली

**नई दिल्ली, वार्ता।** अजमतउल्लाह ओमरजई (चार विकेट/ नाबाद 40 रन), इब्राहिम जदरान (53) और दरवेश रसूली (33) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को टी-20 विश्वकप के 28वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को चार गेंदे शेष रहते पांच विकेट हरा कर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने पहले ही ओवर में रहमानउल्लाह गुरबाज (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद इब्राहिम जदरान और गुलबदीन नईब की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। छठे ओवर में मुहम्मद इरफान ने गुलबदीन नईब (13) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। सेदिफुल्लाह अटल (16) रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। इस दौरान इब्राहिम जरदान एक छोर थामे रन बनाते रहे और उन्होंने अपना अर्द्धशतक भी पूरा किया। 14वें ओवर में इरफान ने इब्राहिम जदरान को आउटकर अफगानिस्तान को बड़ा झटका दिया। इब्राहिम जरदान 41 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 53 रनों की पारी खेली। डरविश रसूली ने 23 गेंदों में तीन चौके ओर एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाए। अफगानिस्तान ने 19-2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम किया। अजमतउल्लाह ओमरजई ने 21 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 40 रनों की मैच विजई पारी खेली। यूएई के लिए जुनैद सिद्दीकी और मुहम्मद इरफान ने दो-दो विकेट लिए। मुहम्मद जवादुल्लाह ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां सोहैब खान (68) और आलीशान शराफु (40) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ नौ विकेट पर 160 रनों का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। आर्यंष शर्मा (शून्य), कप्तान मुहम्मद वसीम (10) रन बनाकर आउट हुए। सोहैब खान और आलीशान शराफु की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। 12वें ओवर में मुजीब उर रहमान ने आलीशान शराफु को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। आलीशान शराफु ने 31 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 40 रनों की पारी खेली।

## टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने राशिद खान



**नई दिल्ली, वार्ता।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। राशिद ने आज यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच में मोहम्मद अरफ़ान को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। मैच से पहले राशिद के नाम 699 विकेट थे। उन्होंने यूएई की पारी के 16वें ओवर में अरफान को हिट विकेट कराकर अपना ऐतिहासिक 700वां विकेट लिया। अफगानिस्तान के कप्तान को इस मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा। पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 698वां और 699वां विकेट लिया था, लेकिन इस मैच में शुरुआती 3-2 ओवर उनके बिना सफलता के गए। उन्होंने पहले 20 गेंदों में 17 रन दिए। फिर अरफान रिवर्स स्वीप खेलने के लिए घूमे, लेकिन शॉट को मिस किया और फिर बैलेंस होने के चक्कर में स्टंप को टच कर बैठे। इस मामले में संन्यास ले चुके ब्रावो 631 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

---

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### दिल्ली सरकार ने तीन खो-खो विश्व कप विजेताओं को 75-75 लाख रुपये दिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** खो खो विश्वकप 2025 में को भाग ले चुके दिल्ली के तीन खो-खो खिलाड़ियों, मेहुल, अंशु कुमारी और नसरीन, को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 75-75 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। श्रीमती रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ल खेल महाकुंभ के उद्घाटन के समय अवसर इन खिलाड़ियों को ये नकद पुरस्कार दिये। भारत ने इस उद्घाटन टूर्नामेंट में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिताब जीता। यह प्रतियोगिता 13 से 19 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली के आईजी स्टेडियम में आयोजित की गई थी, जिसमें 23 देशों की 20 पुरुष और 19 महिला टीमें शामिल हुईं, सभी छह महाद्वीपों से प्रतिनिधित्व मिला। 21 वर्षीय मेहुल ने इस वर्ष ओपन स्कूलिंग के माध्यम से कक्षा 12 की परीक्षा दी है।

#### शिकोंगो चोटिल नामीबिया ने एलेक्स वोल्शेंक को बुलाया

**कोलंबो, वार्ता।** नामीबिया ने भारत और श्रीलंका में चल रहे टी-20 विश्व कप 2026 के बाकी मैचों के लिए बेन शिकोंगो की चोट के कारण उनकी जगह एलेक्स वोल्शेंक को बुलाया है। 12 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच में दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण शिकोंगो के बाहर होने पर आईसीसी ने वोल्शेंक को रिप्लेसमेंट के तौर पर मंजूरी दी है।नामीबिया का आखिरी मैच 18 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होगा। स्कॉटलैंड ने सफ्यान शरीफ की जगह जैक जार्विस को अपनी टीम में शामिल किया है। जार्विस ने स्कॉटलैंड के लिए आठ टी-20 मैच खेले हैं और वह पहले से ही टीम के साथ ट्रैवलिग रिजर्व के तौर पर थे। 12 फरवरी को टीम ट्रेनिग सेशन के दौरान सीमर शरीफ के दाहिने ग्रो. इन में चोट लग गई।

---

## सूर्या ने इशान किशन बल्लेबाजी-गेंदबाजी को सराहा



● **पाक पर 61 रनों की जीत दर्ज करने के बाद कहा कि यह जीत भारत के लिए है**

**कोलंबो, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करने इशान किशन और गेंदबाजों की सराहना की। पाकिस्तान पर 61 रनों से जीत दर्ज करने के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि यह जीत के लिए भारत के लिए है। लेकिन हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और टॉस के दौरान जैसा कि मैंने कहा था कि हम पहले बल्लेबाजी ही करना चाहते थे। शुरुआत में हमने विकेट गंवा दिया था लेकिन किशन ने बढ़िया बल्लेबाजी की। 155 का स्कोर मुकाबले को करीबी बना सकता था लेकिन 175 पार स्कोर था।

तिलक, रिकू, शिवम सबने बढ़िया बल्लेबाजी की और गेंदबा. जी में सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं प्लेयर ऑफ द मैच इशान किशन ने कहा कि विकेट इतनी आसान नहीं थी लेकिन आपको अपने आप पर विश्वास रखना होता है इसलिए मैं केवल गेंद को देखकर खेलने का प्रयास कर रहा था। मैंने ऑफ साइड गेम पर बेहद काम किया है, यह बड़ा ग्राउंड है और यहां गैप भी मिलता है इसलिए मैं गैप में खेलने की कोशिश कर रहा था। भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला हमेशा खास होता है, न केवल हमारे लिए बल्कि हमारे देश के लिए भी। उनकी टीम में काफी अच्छे स्पिनर थे और इस जीत से हमें टूर्नामेंट में आगे के लिए काफी आत्मविश्वास मिलेगा।

### आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर समय बिताए अभिषेक शर्मा : रवि शास्त्री

**कोलंबो, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपनी पारी की शुरुआत में अधिक धैर्य रखने की सलाह दी है। पाकिस्तान पर भारत की 61 रन की जबरदस्त जीत के दौरान अभिषेक बिना किसी रन के आउट होने पर शास्त्री ने कहा कि अभिषेक को आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर अधिक समय बिताने की सलाह दी है। आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा कि मुझे लगता है कि वह खेलने लायक है, लेकिन उसे स्वयं को थोड़ा और समय देना होगा। ऐसी चीजे होती हैं, और आप गुस्से में आ सकते हैं, लेकिन उसे वापस पटरी पर आने तक खुद को थोड़ा और समय देना होगा। उन्होंने कहा कि क्योंकि उसके लिए बाद में उन डॉट बॉल को बाउंड्री और छक्के में बदलना मुश्किल नहीं है। इसके उलट, विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 40 गेंदों पर 77 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता, यह टूर्नामेंट में उनका लगातार दूसरा अर्द्धशतक है। किशन के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए शास्त्री ने कहा कि वह इस समय सपने जैसी बल्लेबाजी कर रहा है। उस ट्रैक पर 200 के करीब की रफ्तार से बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय है। हर बल्लेबाज को यह आसान नहीं लगा क्योंकि गेंद रुक रही थी, और जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की तथा जिस तेजी से उसने हालात का अंदाजा लगाया, वह बहुत बढ़िया था।

---

## देवदत्त पड़िक्कल का दोहरा शतक, कर्नाटक ने बनाए 686/6



● **देवदत्त पड़िक्कल की 232 रनों की पारी की बदौलत कर्नाटक ने सेमीफाइनल में अपनी स्थिति मजबूत कर ली**

**लखनऊ, वार्ता।** देवदत्त पड़िक्कल (232) और आर स्मरण (नाबाद 121) की शानदार पारियों की बदौलत कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को उत्तराखंड के खिलाफ स्टंप के समय छह विकेट पर 689 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। आज यहां कर्नाटक ने कल के दो विकेट पर 355 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कर्नाटक का तीसरा विकेट करुण नायर (60) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान देवत्त पडिक्कल ने अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने 330 गेंदों में 29 चौके और तीन छक्कों की मदद से 232 रन की पारी खेली। श्रेयस गोपाल (शून्य) और कृतिक कृष्णा (60) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय कर्नाटक ने छह विकेट पर 689 रन बना लिए थे। आर स्मरण (नाबाद 121) और विद्याधर पाटिल (नाबाद 35) क्रीज पर मौजूद है। उत्तराखंड के लिए आदित्य रावत ने तीन विकेट लिए। अभय नेगी, अवनीश सुधा और लक्ष्य रायचंदानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

---

## चोटिल हेजलवुड विश्वकप से हुए बाहर




● **जॉश हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है**

**पल्लेकेले, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउडर जॉश हेजलवुड पिडली की चोट के कारण टी-20 विश्वकप 2026 से बाहर हो गए है। उनकी जगह टीम में स्टीव स्मिथ को शामिल किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को हेजलवुड के रिप्लेसमेंट को मंजूरी दे दी। हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है। इसी के साथ हेजलवुड पिडली की चोट के कारण टूर्नामेंटआधिकारिक रूप से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने हेजलवुड को टीम में जगह दी थी और टीम के चिकित्सा दल को उम्मीद थी कि वह टूर्नामेंट में खेलने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, लेकिन वे कामयाब नहीं हुए। आईसीसी की तकनीकी समिति ने हेजलवुड के रिप्लेसमेंट की मंजूरी दी है। इसी के आधार पर स्टीव स्मिथ को आधिकारिक रूप से टीम में शामिल कर लिया गया।

---

## पाक के पूर्व कप्तान इमरान खान अस्पताल में भर्ती



● **अस्पताल में भर्ती का फैसला विपक्ष द्वारा लगातार पाक सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के बीच लिया गया**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और प्रधानमंत्री इमरान खार को स्वास्थ्य चिंताओं के बीच अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। सरकार के मंत्री तारीक फजल चौधरी ने इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें मेडिकल बोर्ड से अस्पताल में भर्ती करने का फैसला किया गया है। यह फैसला विपक्ष द्वारा लगतारा पाकिस्तानी सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के बीच लिया गया है। इमरान की सेहत को लेकर दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम और वकार यूनिस ने भी आवाज उठाई थी।

दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने मांग की है कि जेल में बंद इमरान को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए। खबरों के अनुसार, 73 वर्षीय के इमरान की दाईं आंख की रोशनी खराब हो गई है। उनकी कानूनी टीम का दावा है कि पिछले कई महीनों से अकेले कैद काट रहे इमरान की आंखों में इंफेक्शन हुआ है। अकरम ने एक्स पर लिखा कि अपने कप्तान इमरान खान की सेहत और उनकी तकलीफो के बारे में जानना उनके लिए बेहद तकलीफदेह है। उन्होंने कहा, ष्मैं दिल से गुजारिश करता हूं कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को पूरी संजीदगी से लें और उन्हें बेहतरीन मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराएं। मेरी दुआएं उनके साथ हैं कि वे जल्द सेहतमंद हों और वह दोबारा पहले की तरह सेहतमंद हो जाएं। वकार ने लिखा कि राजनीति से अलग हटकर देखें तो हमारे राष्ट्रीय नायक, जिन्होंने हमें खेल के मैदान पर हमारी सबसे बड़ी गौरवपूर्ण जीत दिलाई, एक कैंसर अस्पताल बनाया, जिसने मेरी मां सहित अनगि. नत लोगों की मदद की, आज स्वास्थ्य आपात स्थिति से जूझ रहे हैं और उन्हें तुरंत उपचार की आवश्यकता है। मैं विनम्रतापूर्वक संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करता हूं कि उन्हें समय पर उचित इलाज उपलब्ध कराया जाए। जल्दी स्वस्थ हो जाइए कप्तान। शोएब अख्तर ने कहा, ष्उनकी आंख की रोशनी जाने की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है उम्मीद है उन्हें सही और सबसे बढ़िया इलाज मिलेगा और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। शाहिद अफरीदी ने कहा कि चिकित्सा सुविधा तक पहुंच मूल अधिकार है और इसे उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

---

## इटली को हराकर इंग्लैंड सुपर-8 में पहुंचा




● **इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप के 29वें मैच में इटली पर 24 रनों से संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की**

**कोलकाता, वार्ता।** विल जैक्स (नाबाद 53/ एक विकेट), टॉम बैटन (30) और फिल सॉल्ट (28) रन के बाद जेमी ओवर्टन और सैम करन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने टी-20 विश्व. कप के 29वें मुकाबले में इटली पर संघर्षपूर्ण मुकाबले में 24 रनों से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने सुपर आठ में जगह बना ली है। 203 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली शुरुआत बेहद खराब हुई और उसने महज 22 रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद जस्टिन मोस्का और बेंजमिन मनेंटी जोड़ी ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए 92 रन जोड़े। 12वें ओवर में विल जैक्स ने बेंजमिन मनेंटी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मनेंटी ने 25 गेंदों चार चौके और छह छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। ग्रांट स्टुअर्ट 23 गेंदों में 45 रन बनाकर 19वें ओवर में आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में पांच छक्के और दो चौके लगाये। कप्तान हैरी मनेंटी और जसप्रीत लसह 12-12 रन बनाकर आउट हुए। मैच की आखिरी गेंद पर जेमी ओवर्टन ने अली हसन को बोल्ड कर 178 रन के स्कोर पर इटली की पारी का अंत कर मुकाबला 24 रनों से अपने नाम कर लिया। इंग्लैंड के लिए जेमी ओवर्टन और सैम करन (तीन-तीन विकेट) लिए। जोफ्रा आर्चर को दो विकेट मिले। विल जैक्स और आदिल राशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने इटली के खिलाफ सात विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने इटली के गें. दबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे।

---


## ।। कार्यालय नगर पालिका परिषद नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल ।।

पत्रांकः– **1098** /निविदा/निर्माण/न0पा0प0न0नगर/2025–26/नरेन्द्रनगर, दिनॉक, **16** फरवरी,2026

**।। अल्पकालीन कोटेशन सूचना ।।**

नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर के द्वारा नगर क्षेत्र के श्वान पशुओं की नसबंदी एवं रैबीज वैक्सीनेशन लगाये जाने हेतु इच्छुक फर्मो/संस्थानों/व्यक्तियों से कोटेशन के माध्यम से दरें आंमत्रित की जाती है, जो पशु क्रूरता अधिनियम में निहित प्राविधानों एवं मत्सयपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 10 मार्च, 2023 के द्वारा पशु जन्म नियन्त्रण नियम–2023 प्रख्यापित नियमों के तहत किया जाना है, इस हेतु दिनांक 23 फरवरी, 2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में कोटेशन नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर के कार्यालय में आमत्रित किये जाते है जो उसी दिन सांय 04:00 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा पालिका कार्यालय में खोले जायेगें। निर्धारित तिथी एंव समय के पश्चात् प्राप्त कोटेशनों पर विचार नही किया जायेगा। कोटेशन से सम्बन्धित नियम एंव शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है। कोटेशनों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक, नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर को निहित होगा।

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा/दर |
|---|---|---|
| 1 | संस्था द्वारा श्वानों की नसबंदी (आपरेशन) के लिए नगर क्षेत्र के श्वानों को पकडकर निर्धारित केयर सेन्टर में लाया जायेगा, जहाँ उन पर उच्च गुणवत्ता का आपरेशन एवं टीकाकरण किया जायेगा। इस प्रक्रिया में श्वानों को लगभग तीन से चार दिनों तक केयर सेन्टर में निगरानी में रखा जायेगा। इस अवधि में श्वानों की भोजन व्यवस्था तथा पोस्ट–आपरेशन केयर के लिए आवश्यक दवाइयाँ आदि का सम्पूर्ण व्यय संस्था द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। | प्रति श्वान |

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नरेन्द्रनगर,टि0ग0।

### मोहम्मदपुर में सांसद टीएस रावत ने निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव में की शिरकत

# छात्रों को नई शिक्षा नीति के लिए किया प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत आज लक्सर के मोहम्मदपुर बुजुर्ग गांव स्थित एक निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।सांसद रावत ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नई शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बदलते दौर का जिक्र करते हुए कहा कि हमें बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना होगा। उन्होंने श्अल्फा युगश का हवाला देते हुए कहा कि आने वाले समय में परिस्थितियां बहुत अलग होंगी, जिसके लिए बच्चों को आज से ही शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना अनिवार्य है। साथ ही, उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न



जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कानून व्यवस्था पर दिया बयान-देहरादून में कांग्रेस द्वारा लोकभवन के घेराव और बिगड़ती कानून व्यवस्था के आरोपों पर सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ष्मुझे यह स्वीकार करने में कोई दिक्कत नहीं है कि कुछ घटनाएं उद्वेलित करने वाली हुई हैं, जिन पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी है। हमें इन घटनाओं के मूल में पहुंचना होगा कि यह क्यों हुई हैं।ष उन्होंने याद दिलाया कि नीति आयोग के दस्तावेजों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में उत्तराखंड को भारत के सबसे शांतिप्रिय प्रदेशों में गिना गया है।शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल का योगदानविद्यालय के शिक्षक मास्टर सतबीर अवाना ने बताया कि वे 1995 से इस स्कूल में पढ़ा रहे हैं। उन्होंने गर्व के साथ साझा किया कि इसी विद्यालय के छात्र आज चेन्नई में डीआरएम, जूनियर इंजीनियर, पुलिस और अन्य सरकारी विभागों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। अवाना ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों को शिक्षित करने की सलाह दी और कार्यक्रम में पधारे सांसद सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वहां पर जो मुख्य शामिल रहे उनमें राहुल अग्रवाल रतेंद्र तिवारी राजेंद्र नाथ मेहंदी रत्ता अर्जुन ठाकुर शमशेर अली सद्दाम हुसैन प्रधान आदि भारी संख्या में बच्चे गार्जियन मौजूद रहे।

# 3.39 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** पुलिस का नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं की नशो मे जहर घोलने वाले नशा तस्करो पर कड़ा प्रहार करते हुए 3.39 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को धर दबोचा है।

जानकारी के अनुसार देवभूमि को नशा मुक्त करने के लिए हरिद्वार पुलिस लगातार अभियान' चला रही है। एस0एस0पी0हरिद्वार द्वारा नशा मुक्त भारत एवं ड्रग्स फ्री देवभूमि के तहत कार्रवाई के आदेश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना बुग्गावाला द्वारा युवाओं की नशो मे जहर घोलने वाले नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु अलग-अलग टास्क दिये गये है। प्रभारी निरीक्षक बुग्गावाला द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़ हेतु अलग-अलग टीमों का गठन किया गया, तथा मुखवीर तन्त्र को सक्रिय किया गया। उक्त क्रम में दिनांक 15.02.2026 को पुलिस टीम द्वारा चौकी अमानतगढ़ बेरियर पर दौराने चौकिंग आरोपी मुकमील पुत्र अब्दुल सत्तार नि0 गांजा मजरा थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार को 3.39 ग्राम अवैध स्मैक के साथ पकडा गया। आरोपी के विरुद्ध थाना हाजा पर अभियोग पंजीकृत किया गया। नाम पता आरोपित मुकमील पुत्र अब्दुल सत्तार नि0 गांजा मजरा थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार है।

# शिक्षक महासंघ मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्य बने राजीव शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनपद हरिद्वार के सभी शिक्षक संगठनों के संयुक्त मंच 'शिक्षक महासंघ' का विस्तार करते हुए मीडिया प्रकोष्ठ में राजकीय प्राथमिक विद्यालय इमलीखेड़ा, रुड़की के सहायक अध्यापक ''राजीव शर्मा'' को बतौर सदस्य नामित किया गया है। इस मनोनयन पर महासंघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षक समुदाय ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि वे संगठन की गतिविधियों, शैक्षिक सरोकारों तथा जनहित विषयों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुँचाने



में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। महासंघ के संयोजक मंडल ने कहा कि मीडिया प्रकोष्ठ संगठन और समाज के बीच सेतु का कार्य करता है। राजीव शर्मा की सक्रियता, संवाद कौशल और शैक्षिक प्रतिबद्धता महासंघ को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। इस अवसर पर 'शिक्षक एकता जिंदाबाद' के उद्घोष के साथ सभी ने संगठनात्मक मजबूती का संकल्प दोहराया। शिक्षक महासंघ, जनपद हरिद्वार में संयोजक मंडल में पवन सैनी (जिलाध्यक्ष, राजकीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ), राजेश सैनी (जिलाध्यक्ष, उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ), लोकेश कुमार (जिलाध्यक्ष, राजकीय शिक्षक संघ) अश्वनी चौहान (जिलाध्यक्ष, उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर एसोसियेशन)चुना गया हैं।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**बुग्गावाला।** जनपद में एसए0पी हरिद्वार के निर्देश मे वांछित, ईनामी, वारण्टियों अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक बुग्गावाला द्वारा अलग-अलग टीमे गठित कर मुखबीर तन्त्र को सक्रिय किया गया। तथा काफी दिनों से फरार चल रहे वारंटी अपराधियों के संभावित स्थानों पर दबिश दी गयी जिस पर बुग्गावाला पुलिस टीम द्वारा वारण्टी नफर वारण्टी नूर मौहम्मद पुत्र असगर निवासी ग्राम औरंगजेबपुर अमानतगढ थाना बुग्गावाला सम्बन्धित वाद संख्या 1475/ 2014 धारा 279/427/ 304। के मस्कन से हस्बकायदा हिरासत में लिया गया।

# प्रदेश कांग्रेस महामंत्री सचिन गुप्ता के साथ बड़ी तादाद में दून रैली में पहुंचे कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा देहरादून राजभवन को लेकर आज प्रात: बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता अपने-अपने वाहनों से देहरादून के लिए रवाना हुए।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता ईदगाह चौक स्थित सचिन इंटरनेशनल होटल पर एकत्रित हुए, जहां देहरादून रवाना होने से पूर्व कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार के नाकामियों पर जमकर प्रहार किया।उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है।अपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं तथा महिलाएं भी सुरक्षित नहीं है।महिलाओं की हत्याओं से देवभूमि की पवित्रता भंग हो रही है।उन्होंने कहा कि अंकित हत्याकांड जैसे मामले में प्रदेश सरकार पूरी तरह विफल रही है,जिसे लेकर कांग्रेस द्वारा प्रदेश में जन आंदोलन चलाया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता परिवर्तन जा रही है और आने वाले विधानसभा चुनाव में देवभूमि की सम्मानित जनता



भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी।। उन्होंने कहा कि आज देहरादून में राजभवन का घेराव ऐतिहासिक होगा।

# आईआईटी रुड़की की मानसिक स्वास्थ्य नीति की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए आईआईटी रुड़की ने व्यापक मानसिक स्वास्थ्य नीति का प्रारूप तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने वाला पहला भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बनकर नई मिसाल कायम की है। इस नीति का पहला प्रारूप वेलनेस सेंटर द्वारा तैयार किया गया, जो संस्थान समुदाय के मनोवैज्ञानिक कल्याण के लिए समर्पित है। इस कार्य में छात्र कल्याण अधिष्ठाता, छात्र वेलनेस के सह-अधिष्ठाता, आईआईटी रुड़की के क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक, बाहरी विशेषज्ञों तथा संकाय सदस्यों की सामूहिक विशेषज्ञता शामिल रही। इस पहल को "सहयोग 2.0" के माध्यम से और सशक्त किया गया, जो एक केंद्रित अंतर-आईआईटी संवाद था। इसका उद्देश्य अन्य आईआईटी से सुझाव प्राप्त करना और साझा करना था, ताकि आईआईटी समुदाय के लिए एक सार्थक मानसिक स्वास्थ्य नीति ढांचा तैयार किया जा सके। इस संवाद का मकसद विभिन्न आईआईटी में प्रचलित नीतियों, प्रोटोकॉल और प्रशासनिक तंत्र से सीख लेकर एक व्यापक, समावेशी तथा छात्र एवं आईआईटी समुदाय केंद्रित नीति में उपयुक्त सुझावों को शामिल करना था। सहयोग 2.0" वर्ष 2024 में आयोजित "सहयोग" की सफलता पर आधारित है तथा यह भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के हालिया निर्देशों के अनुरूप है, जो उच्च शिक्षण



संस्थानों की मानसिक स्वास्थ्य प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हैं। कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई: मानसिक स्वास्थ्य प्रशासन एवं नीति निर्माण के संस्थागत दृष्टिकोण, निवारक, प्रोत्साहक एवं प्रत्युत्तरात्मक मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप, नीति क्रियान्वयन में वेलनेस सेंटर, काउंसलिंग सेल और छात्र कल्याण संरचनाओं की भूमिका, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों की भूमिका और उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं का सुदृढ़ीकरण, आईआईटी के बीच मानसिक स्वास्थ्य नीतियों का मानकीकरण और समन्वय, संकट स्थितियों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं का निर्माण। सहयोगात्मक सत्रों ने न केवल संस्थानों के बीच पारस्परिक सीख को बढ़ावा दिया, बल्कि एक ऐसी नीति की आवश्यकता पर भी जोर दिया जो छात्र-केंद्रित, समावेशी और व्यवहारिक हो, तथा संपूर्ण आईआईटी समुदाय के मानसिक कल्याण को सुनिश्चित करे। इस पहल पर बोलते हुए आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत ने कहा, "उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरे हैं, और 'सहयोग 2.0' जैसी पहलें इस जिम्मेदारी की हमारी सामूहिक स्वीकृति को दर्शाती हैं। संस्थान ने सभी आईआईटी से आए अधिष्ठाताओं, संकाय सदस्यों और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का स्वागत किया। साथ ही एम्स ऋषिकेश, जीएमसीएच चंडीगढ़, इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड एलाइड साइंसेज (आईएचबीएएस), दिल्ली, केजीएमयू, टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (टीआईएसएस), आईओपी कोलकाता, ओपी जिंदल, मारीवाला हेल्थ इनिशिएटिव, दिल्ली विश्वविद्यालय, यूपीएस आईएफएस सहित प्रतिष्ठित संस्थानों के बाहरी विशेषज्ञों, एक सर्वोच्च न्यायालय अधिवक्ता तथा एक मानवविज्ञानी की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना दिया।

# आंधी ने धूल में मिलाए ऊर्जा निगम के 16 लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर और देहात में पिछले महीने बारिश और आंधी ने ऊर्जा निगम के उपकरणों को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया था। नुकसान की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने के बाद पैसा स्वीकृत होने पर लाखों रुपये के काम करा दिए गए हैं।

जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को रुड़की और आसपास के क्षेत्र में बारिश-आंधी ने 50 से अधिक फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं की बिजली गुल कर दी थी। बुग्गावाला, मंगलौर और रुड़की आदि क्षेत्रों में ब्रेकडाउन, चौनल पर तार गिरने, जंपर आदि निकालने समेत ट्रांसफार्मर को भी लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा था। इस बीच बिजली आपूर्ति प्रभावित होने पर करीब 8 से 10 घंटे लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ी थी। अधीक्षण अभियंता विवेक राजपूत ने बताया कि मंडल में 180 फीडर में से पिछले महीने 50 से अधिक फीडर से जुड़े विद्युत उपकरणों को नुकसान पहुंचने से वह बंद हो गए थे। 16 लाख रुपये का नुकसान आंधी और बारिश से निगम को पहुंचा था। मुख्यालय से पैसा रिलीज होने पर मंडल में मरम्मत के सभी कार्य करा दिए गए हैं।

# दवा फैक्टरी के गेट पर पीपुल्स पार्टी ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सहारनपुर रोड स्थित आज्ञा बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड में शनिवार को हंगामा हो गया। पीपल्स पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कंपनी के श्रमिकों के साथ मिलकर कार्य ठप कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। कंपनी प्रबंधन ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने 12 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

कंपनी के एडमिन सूरज चौधरी की ओर से कोतवाली मंगलौर में दी गई तहरीर में बताया कि पीपल्स पार्टी के ललित कुमार, कपिल कुमार छाबड़ा, अनुज कुमार और अन्य संदिग्धों ने कंपनी परिसर के भीतर घुसकर श्रमिकों को भड़काया व हड़ताल करा दी। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना की है। तहरीर में कहा गया कि प्रदर्शनकारी न केवल नारेबाजी कर रहे हैं बल्कि कंपनी के खिलाफ साजिश रचते हुए हाथापाई और गाली-गलौज पर उतारू हैं। जो श्रमिक काम पर आना चाहते हैं उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है और गेट पर ही रोका जा रहा है। इस तरह के हंगामे से औद्योगिक क्षेत्र की शांतिभंग हो रही है। फैक्टरी की ओर से पुलिस को सौंपी गई सूची में ललित कुमार के साथ-साथ बंसी, कपिल कुमार, अनुज कुमार, जयकुमार, दीपक, रोहिल, अर्जुन, अंकित, स्वाति, बोहती, सोनू, आनंद कुमार, परमजीत, सीमा और राम बतौरी समेत कई लोगों को नामजद किया गया है। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जायरीनों के दो पक्षों में मारपीट, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** थाना क्षेत्र के पीपल चौक पर पुरानी रंजिश के कारण जायरीनों के दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पीपल चौक पर पुरानी रंजिश के कारण जायरीनों के दो पक्षों में मारपीट हो गई। ज्वालापुर से कुछ महिलाएं और पुरुष पिकअप वाहन से साबिर पाक में हाजिरी देने आए थे। जब वे हाजिरी के बाद वापस घर लौट रहे थे तभी पीपल चौक पर पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उनपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने बीचबचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। मारपीट में घायल महिला को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। इस प्रकार की कोई घटना हुई है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी के जेवरात के साथ एक गिरफ्तार

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली को डोडी चौहान निवासी सिंचाई विभाग कॉलोनी ने तहरीर देकर बताया था कि छह फरवरी को वह ड्यूटी पर गए थे। परिवार के लोग छत पर थे। कुछ देर बाद परिवार के सदस्य कमरे में पहुंचे तो अलमारी खुली मिली और वहां से जेवरात गायब थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगालने के अलावा संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि शुभम निवासी मिलाप नगर ढंढेरा कोतवाली रुड़की को जेवरात के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# टेंपो-ट्रैवलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कस्बे में मस्जिद कट के पास रविवार सुबह टेंपो ट्रैवलर ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर थाने भिजवाया। दुर्घटना के बाद से युवक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 11:30 बजे सिद्धार्थ (18) निवासी नन्हेड़ा अनंतपुर थाना भगवानपुर बाइक से जा रहा था। तभी रास्ते में हरिद्वार से आ रहे टेंपो ट्रैवलर ने युवक की बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना होती देख राहगीर घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। इस बीच खुद को लोगों से घिरता देखकर टेंपो ट्रैवलर का चालक फरार हो गया। युवक को कस्बे के निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से टेंपो ट्रैवलर और बाइक को कब्जे में लिया है। थाना प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मौके पर मिले वाहन पुलिस के कब्जे में हैं। पीड़ित परिवार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### महिला काव्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी में

# सृजन व नारी शक्ति का स्वर गूंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अंतरराष्ट्रीय न्यास महिला काव्य मंच की रुड़की इकाई की फरवरी माह की मासिक काव्य गोष्ठी इकाई अध्यक्ष अर्चना त्यागी के निवास 'उत्सव' में गरिमामय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। कार्यक्रम में रचनात्मक ऊर्जा और नारी शक्ति का प्रभावी स्वर सुनाई दिया।

गोष्ठी का शुभारंभ उपस्थित सदस्यों के आत्मपरिचय से हुआ। इसके पश्चात काव्य पाठ का क्रम आरंभ हुआ, जिसमें कवयित्रियों ने समाज, नारी सशक्तिकरण, देशप्रेम, भक्ति एवं मानवीय संवेदनाओं जैसे विविध विषयों पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक यशवीर सिंह चौधरी की धर्मपत्नी सुभाषिनी चौधरी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों की रचनाओं की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं निडर होकर अपनी प्रतिभा को सामने लाएं और साहित्य के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव की अलख जगाएं। गोष्ठी में अनुपमा शर्मा, अनुपमा गुप्ता, शाहिदा शेख, ममता त्यागी, वीना सिंह, कविता गोयल, अलका घनशाला, अर्चना त्यागी, ममता चन्द्रा, निधि जैन, संगीता शर्मा तथा अनामिका त्यागी



ने प्रभावशाली काव्य पाठ किया। सभी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को सार्थक और यादगार बना दिया। उत्तराखंड प्रभारी सीमा शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए रुड़की इकाई की अध्यक्ष अर्चना त्यागी का सभी सदस्यों ने आभार व्यक्त किया। अंत में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई और गोष्ठी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# सात दिन बाद भी आईआईटी छात्र का नहीं लगा सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 11 फरवरी को एमबीए द्वितीय वर्ष के छात्र के गंगनहर में डूबने की घटना के बाद से जारी तलाश एक सप्ताह बाद भी जारी है। छात्र का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। इस दौरान दो बार नहर का पानी बंद किया जा चुका है और आज फिर बड़े स्तर पर संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

सोमवार को नहर का पानी दोबारा बंद कर बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप के जवान, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, आपदा प्रबंधन और जल पुलिस की टीमें मौके पर उतरीं। करीब 20 प्रोफेशनल गोताखोरों को भी विशेष रूप से बुलाया गया है, जिनमें देश के मशहूर गोताखोर शामिल बताए जा रहे हैं। कुल मिलाकर लगभग 100 सदस्यीय टीम गंगनहर को बाल्मीकि घाट से आसफनगर झाल तक खंगालने में जुटी है। नहर के चप्पे-चप्पे की अलग-अलग तकनीकों से सघन तलाशी ली जा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में नहर में डूबने की घटनाएं पहले भी होती रही हैं। सामान्य मामलों में जल पुलिस या एसडीआरएफ की सीमित टीम लगाई जाती है और कभी-कभार पानी का स्तर कम किया जाता है, लेकिन इस तरह दो बार नहर बंद कर इतने बड़े स्तर पर संयुक्त अभियान चलाया जाना अभूतपूर्व माना जा रहा है। **एक अज्ञात शव बरामद.**



. सर्च ऑपरेशन के दौरान टीम को नहर से एक शव बरामद हुआ है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शव काफी पुराना प्रतीत हो रहा है। उसकी अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान और अग्रिम कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।इधर छात्र के परिजन और सहपाठी लगातार घटनास्थल पर डटे हुए हैं। प्रशासन का कहना है कि जब तक छात्र का पता नहीं चल जाता, अभियान जारी रहेगा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 17 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# एआई समिट

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के सबसे बड़े टैक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पेक्ट समिट 2026 का उद्घाटन किया। यह इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। इसमें 300 से ज्यादा कंपनियां भाग ले रही हैं। जैसाकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा भी की इस समिट की थीम सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय यानि सबका भला और सबकी खुशी है। यह इंसानियत की तरक्की के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करने के हमारे साझा संकल्प को दिखाती है। एआई इम्पेक्ट समिट आम लोगों को इससे जोड़ने का काम करेगी और एआई को लेकर जो भ्रांतियां हैं, उसको दूर करेगी। इस समिट में आने वाली दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशन्स को दुनिया के सामने पेश करेंगे और इसको आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम कर सकता है और भविष्य में एआई से खेती सहित और शिक्षा क्षेत्र में क्या बदलाव लाने वाला है कि वह एज के फाउंडर और एग्जिक्यूटिव वाइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने उन बातों को निराधार बताया जिनमें कहा जाता रहा है कि एआई नौकरियों को संकट में डाल सकता है। उनका कहना है कि एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम की क्षमता को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह भी दी कि वे एआई को अपनाएं वरना पीछे छूट सकते हैं, तो वहीं एचसीएल टैक्नॉलॉजी के पूर्व सीईओ विनीत का कहना है कि एआई का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही उन्होंने यह कह डाला कि यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। सीएलएल नेशनल एआई फोरम के को चेयरपर्सन तेजप्रीत चोपड़ा का मानना है कि एआई दुनिया को बदल रहा है और हमारी जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है और हेल्थकेयर खेती से लेकर शिक्षा और गवर्नेंस तक एआई हर काम को आसान बना रहा है और यह नौकरियों को नहीं छीनने जा रहा है। वहीं माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और साउथ एशिया के प्रजिडेंट पुनीत चंडोक ने भी कहा कि एआई नौकरियों को पूरी तरह खत्म नहीं करेगा बल्कि उनके काम करने की तरीके को बदलेगा। एआई किसी भी काम को छोटे हिस्सों में बांटेगा, जिससे काम आसान होगा। पीएम मोदी ने भी कहा है कि यह शिक्षा, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर तमाम क्षेत्रों के लिए एआई उपयोगी साबित होगा। उनका यह भी कहना है कि एआई टूल्स का इस्तेमाल छात्र अपनी पढ़ाई और करियर को बेहतर बनाने के लिए भी कर सकेंगे। इसमें तो कोई दोराय नहीं है कि यह नई तकनीकी का जमाना है और इनका उपयोग करके ही आगे बढ़ाया जा सकता है, लेकिन जैसे हर तकनीक के खतरे हैं, इसके भी अपने खतरे हैं।

## ना कर्फ्यू, ना दंगा-यूपी में सब चंगा



आज का उप्र नए भारत की भावना के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और आक्रांताओं के महिमामंडन को कतई स्वीकार नहीं करेगा, वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ, ना कर्फ्यू, ना दंगा-यूपी में सब चंगा, पिछली सरकार ने पीएसी को बंदी की कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन अब प्रदेश में 34 वाहिनियां सक्रिय हैं, जिनमें तीन नई महिला बटालियन-उदा देवी, झलकारी बाई और अवंती बाई-शामिल हैं, उप्र अब अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूती दे रहा है, प्रदेश में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम जैसे परियोजनाओं के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्स्थापित किया गया है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# गोदी मीडिया के एपस्टीन दस्तावेज आखिर कब बाहर आएंगे!





श्रवण गर्ग

मेरे जैसे उन तमाम लोगों को जिन्होंने किसी जमाने में 'दूरदर्शन' के शानदार उदघोषकों के साथ टीवी के पर्दों पर अपनी सुबह और शामें बिताई हैं उन्हें इस वक्त जो चल रहा है उसे देखते हुए सौम्य व्यक्तित्व की धनी समाचार-वाचिका सरला माहेश्वरी के हाल में हुए निधन से उत्पन्न हुई रिक्तता की पीड़ा को महसूस करने में ज्यादा कठिनाई नहीं महसूस करना चाहिए।

पूंजीपतियों की गोद में खेल रहे चैनलों में एक की एक महिला न्यूज एंकर को जब देश की जनता ने आक्रामक अंग्रेजी में यौन दुराचारी एप्सटीन का बचाव करते हुए देखा तो सन्न रह गई। एंकर ने जब तर्क दिया कि एप्सटीन की निजी दुराचारी जिंदगी जिसमें वह छोटी-छोटी बच्चियों का यौन शोषण करता था उसके सार्वजनिक जीवन जिसमें वह प्रभावशाली लोगों से संपर्क रखता था और दूसरों का उनसे करवाता था से पूरी तरह अलग थी तो न तो टीवी की स्क्रीन कांपी और न ही थर्राई।

जनता ने फिर देखा कि हिन्दी के एक प्रसिद्ध चैनल की एक तारिका एंकर ज्ञान दे रही है कि मुगल सम्राट बाबर किस तरह का बाइसेक्सुअल था। कैसे बाजार में घूमते हुए बाबर की नजर एक खूबसूरत लौंडे पर पड़ गई और बादशाह बेचैन हो उठे थे। जनता न सिर्फ भगवानों की तरह से शासकों के भी अलग-अलग श्रंगारों में प्रतिदिन दर्शन कर रही है, उन एंकरों को भी सुबह-शाम देख रही है जो मेक-अप की मोटी-मोटी परतें चेहरों पर चढ़ाए मुल्क की गरीबी का मजाक उड़ाने वाले वस्त्र धारण करके देश के विकास पर बहसें करवाते रहते हैं। कम उम्र की युवा एंकर वक्ताओं से सवाल करती हैं 'झूठ बोलने का इतना कलेजा कहां से लाते हैं आप?'

एक जमाना था जब हम देखते थे कि 'दूरदर्शन' के साथ संबद्ध हिन्दी-अंग्रेजी के प्रतिभाशाली उदघोषक बिना किसी खौफ के इंदिरा गांधी के साथ कंधों से कंधा सटाकर फोटो खिंचवा रहे हैं, गर्व के साथ मुस्कुराहटें बिखेर रहे हैं। हम आज देख रहे हैं कि बहसों के दौरान चैनलों पर गुर्राते रहने वाले एंकर किस तरह शासकों के चरणों में लोटपोट हो सत्ता-प्रतिष्ठान का प्रशस्तिगान कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ताजा उदाहरण है जिसमें अपनी कार की विंडो से राहुल गांधी चरण-चुंबक पत्रकारों को उनसे लगातार सत्ता-प्रेरित सवाल पूछते रहने के लिए यह जानते हुए भी फटकार लगाते दिखते हैं कि इससे (पत्रकारों को) कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है ! अब तो हो यह गया है कि अपनी प्रेस कांफ्रेंस में

> सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ताजा उदाहरण है जिसमें अपनी कार की विंडो से राहुल गांधी चरण-चुंबक पत्रकारों को उनसे लगातार सत्ता-प्रेरित सवाल पूछते रहने के लिए यह जानते हुए भी फटकार लगाते दिखते हैं कि इससे (पत्रकारों को) कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। अब तो हो यह गया है कि अपनी प्रेस वार्ता में किसी रिपोर्टर के खड़े होते ही राहुल समझ जाते हैं कि उनसे क्या सवाल पूछा जाने वाला है। सत्ता प्रतिष्ठान की तरह गोदी मीडिया ने भी अपनी चमड़ी मोटी कर ली है।

किसी रिपोर्टर के खड़े होते ही राहुल समझ जाते हैं कि उनसे क्या सवाल पूछा जाने वाला है। सत्ता प्रतिष्ठान की तरह गोदी मीडिया ने भी अपनी चमड़ी मोटी कर ली है। मीडिया के नाम पर जहरीले एंकरों और कतिपय पत्रकारों द्वारा जो किया जा रहा है वह भी एक तरह की मॉब लिंचिंग ही है। एक ऐसी लिंचिंग जिसमें देखने-सुनने वालों की निर्दोष आत्माओं का रक्तहीन संहार बे-रोकटोक किया जाता है। सत्ता पर कघबिज शासक संसदीय परंपराओं और संवैधानिक संस्थानों को बंधक बनाने में जुटे हैं और 'घोषित आपातकाल' के पहले शिकार मीडिया ने 'अघोषित आपातकाल' में लोकतंत्र को निस्तेज और प्रतिरोध को नपुंसक बनाने की सुपारी ले रखी है। सवाल यह है कि एप्सटीन की तरह 'गोदी मीडिया' के दस्तावेज कब बाहर आएंगे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# उम्र बढ़ने के कारणों की खोज एक नई पहल

> **2020 में, स्पेन के टोलेडो के एक समूह ने एक शोध पत्र प्रकाशित किया था, जिसका निष्कर्ष था-संगीत डिमेंशिया के उपचार का एक सशक्त तरीका हो सकता है और हाल ही में, स्पेन के ही एक अन्य समूह द्वारा प्रकाशित पेपर का शीर्षक है-संगीत बढ़ती उम्र से सम्बंधित संज्ञानात्मक विकारों में परिवर्तित जीन अभिव्यक्ति की भरपाई कर देता है।**

न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय (जहां से मैंने उच्च शिक्षा प्राप्त की) के महामारी विज्ञानी डॉ. डेनियल बेल्स्की ने एक नया शब्द गढ़ा है जेरोसाइंस, जिसका अर्थ है बुढ़ापा या बढ़ती उम्र सम्बंधी विज्ञान। इसके तहत, उन्होंने एक अनोखा रक्त परीक्षण तैयार किया है जो यह बताता है कि कोई व्यक्ति किस रफ्तार से बूढ़ा हो रहा है। उनके दल ने एक विधि विकसित की है जिसमें वरिष्ठजनों के डीएनए में एक एंजाइम के जरिए मिथाइल समूहों के निर्माण का अध्ययन किया जाता है। उन्होंने पाया है कि डीएनए पर मिथाइल समूहों का जुड़ना (मिथाइलेशन) उम्र बढ़ने के प्रति संवेदनशील है। इस एंजाइम को अक्सर जेरोजाइम कहा जाता है। मिथाइलेशन डीएनए और अन्य अणुओं का रासायनिक संशोधन है जो तब होता है जब कोशिकाएं विभाजित होकर नई कोशिका बनाती हैं।

जेरोजाइम को नियंत्रित करने के लिए कई शोध समूह औषधियों और अन्य तरीकों पर काम कर रहे हैं। यह प्रयास किसी भी व्यक्ति की बढ़ती उम्र को कैसे प्रभावित करते हैं? एक शोध समूह ने बताया है कि मेटफॉर्मिन नामक औषधि बढ़ती उम्र को लक्षित करने का एक साधन है (सेल मेटाबॉलिज्म, जून 2016), एक अन्य समूह ने पाया है कि यदि हम TORC1 एंजाइम को बाधित कर देते हैं, तो यह बुजुर्गों में प्रतिरक्षा को बढ़ा सकता है और संक्रमणों को कम कर सकता। हाल ही में, जोन बी। मेनिक और उनके दल ने नेचर एजिंग पत्रिका में प्रकाशित अपने शोध पत्र में मानव रोगों के पशु मॉडल्स की उम्र व जीवित रहने पर रैपामाइसिन औषधि के प्रभावों की समीक्षा की है। उन्होंने बताया है कि कैसे हम इस औषधि के अवरोधकों को वृद्धावस्था के रोगों की मानक देखभाल में शामिल कर सकते हैं। डॉ. बेल्स्की के समूह ने विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि (अमीर-गरीब, ग्रामीण-शहरी) के लोगों में डीएनए मिथाइलेशन के स्तर का भी अध्ययन किया और पाया कि सामाजिक-आर्थिक स्तर की प्रतिकूल परिस्थितियां भी इसमें भूमिका निभाती हैं। कोलंबिया एजिंग सेंटर ने पाया है कि संतुलित आहार शोथ को कम करके मस्तिष्क के स्वास्थ्य की देखभाल करता है, आवश्यक पोषक तत्वों की आपूर्ति करके उचित रक्त प्रवाह बनाए रखता है जो संज्ञानात्मक कार्य में सहायक होता है। वेबसाइट healthline.com बात को आगे बढ़ाते हुए बताती है कि प्रोटीन के स्वास्थ्यवर्धक स्रोत, स्वास्थ्यकर वसा और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे सब्जियां, तेल से भरपूर खाद्य पदार्थ और बहुत सारे फल स्वस्थ बुढ़ाने में मदद करते हैं। भारत में हमारे लिए यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे यहां (143 करोड़ की कुल जनसंख्या में से) 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की कुल संख्या लगभग 10 करोड़ है। healthline.com का सुझाव है कि (जंतु और वनस्पति) प्रोटीन, पौष्टिक अनाज (गेहूं, चावल, रागी, बाजरा), तेल, फल और सॉफ्ट ड्रिंक्स स्वस्थ बुढ़ाने में मदद करते हैं। यह मांसाहारियों और शाकाहारियों दोनों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं।



**व्यायाम से रोकथाम**

स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि घायल या बूढ़े चूहों की शक्ति बढ़ाने वाली एक औषधि तंत्रिकाओं और मांसपेशीय तंतुओं के बीच कड़ियों को बहाल करती है। यह औषधि उम्र बढ़ने से जुड़े जेरोजाइम, 15-PGDH की गतिविधि को अवरुद्ध करती है। यह जेरोजाइम उम्र बढ़ने के साथ और न्यूरोमस्कुलर रोग के चलते मांसपेशियों में कुदरती रूप से बढ़ता है। लेकिन यह औषधि देने पर उम्रदराज चूहों की शारीरिक गतिविधि फिर से बढ़ गई थी। मिनेसोटा का मेयो क्लीनिक नियमित शारीरिक गतिविधि के सात लाभ बताता है। वजन पर नियंत्रणय स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, टाइप-2 डायबिटीज और कैंसर जैसी स्थितियों और बीमारियों से लड़ता है, मूड में सुधारय ऊर्जा देता है, अच्छी नींद लाता है, यौन जीवन बेहतर करता है और कहना न होगा कि यह मजेदार और सामाजिक हो सकता है। जैसे दूसरों से मेल-जोल होना, घूमना या खेलना। हम सभी, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को, व्यायाम से बहुत लाभ होगा, और इस प्रकार जेरोजाइम बाधित होगा। संगीत भी जेरोजाइम को नियंत्रित कर सकता है और यह डिमेंशिया (स्मृतिभ्रंश) का इलाज भी हो सकता है।

स्रोत फीचर्स

# मैमथ के फिर से जिंदा हो उठने की आस

एक कंपनी है कोलोसल जिसका उद्देश्य है विलुप्त हो चुके जंतुओं को फिर से साकार करना। इस बार यह कंपनी कोशिश कर रही है कि वुली मैमथ नाम के विशाल प्राणि को पुन: प्रकट किया जाए। अपने इस प्रयास में कंपनी के वैज्ञानिक आजकल के हाथियों की त्वचा कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं में परिवर्तित करने में सफल हो गए हैं। स्टेम कोशिकाएं वे कोशिकाएं होती हैं जो किसी खास अंग की कोशिका में विभेदित नहीं हो चुकी होती हैं और सही परिवेश मिलने पर शरीर की कोई भी कोशिश बनाने में समर्थ होती हैं। योजना यह है कि इन स्टेम कोशिकाओं में जेनेटिक इंजीनियरिंग की तकनीकों की मदद से मैमथ के जीन्स रोपे जाएंगे और उम्मीद है कि यह कोशिका विकसित होकर एक मैमथ का रूप ले लेगी।

कोलोसल का उद्देश्य है कि एशियाई हाथियों का ऐसा कुनबा तैयार किया जाए जिसके शरीर पर वुली मैमथ जैसे लंबे-लंबे बाल हों, अतिरिक्त चर्बी हो और मैमथ के अन्य गुणधर्म हों। देखने में तो बात सीधी-सी लगती है क्योंकि सामान्य कोशिकाओं को बहुसक्षम स्टेम कोशिकाओं में बदलने में पहले भी सफलता मिल चुकी है और जेनेटिक इंजीनियरिंग भी अब कोई अजूबा नहीं है। जैसे एक शोधकर्ता दल ने 2011 में श्वेत राइनोसिरस और ड्रिल नामक एक बंदर से स्टेम कोशिकाएं तैयार कर ली थीं। इसके बाद कई अन्य जोखिमग्रस्त प्रजातियों के साथ भी ऐसा किया जा चुका है। जैसे, तेंदुए, सुमात्रा का ओरांगुटान वगैरह, लेकिन पूरे काम में कई अगर-मगर हैं। अव्वल तो कई दल हाथी की स्टेम कोशिकाएं तैयार करने में असफल रह चुके हैं। जैसे कोलोसल की ही एक टीम एशियाई हाथी की कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं में तबदील करने में असफल रही थी। उन्होंने शिन्या यामानाका द्वारा वर्णित रीप्रोग्रामिंग कारकों का उपयोग किया था। अधिकांश स्टेम कोशिकाएं तैयार करने के लिए इसी विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस असफलता के बाद एरिओना ह्योसोली की टीम ने उस रासायनिक मिश्रण का उपयोग किया जिसके उपयोग से मानव व मूषक कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं का रूप देने में सफलता मिल चुकी थी, लेकिन इस उपचार के बाद हाथियों की अधिकांश कोशिकाएं या तो मर गईं, या उनमें विभाजन रुक गया या कई मामलों में वे इस उपचार से अप्राभावित रहीं, लेकिन चंद कोशिकाओं ने गोल आकार हासिल कर लिया जो स्टेम कोशिका जैसा था। अब टीम ने इन कोशिकाओं को यामानाका कारकों से उपचारित किया, लेकिन सफलता तो तब हाथ लगी जब उन्होंने एक कैंसर-रोधी जीन TP53 की अभिव्यक्ति को ठप कर दिया। इस तरह से शोधकर्ताओं ने एक हाथी से चार कोशिका वंश तैयार किए हैं। अब अगला कदम होगा हाथी की कोशिकाओं में जेनेटिक संपादन करके मैमथ जैसे गुणधर्म जोड़ना। इसके लिए उन्हें यह पहचानना होगा कि वे कौन-से जेनेटिक परिवर्तन हैं जो हाथी को मैमथनुमा बना देंगे। यह काम पहले तो सामान्य कोशिकाओं में किया जाएगा और फिर स्टेम कोशिकाओं में। पहले संपादित स्टेम कोशिकाएं तैयार की जाएगी और फिर उन्हें ऊतकों जैसे बाल या रक्त में विकसित करने का काम करना होगा, लेकिन उससे पहले और भी कई काम होंगे, जैसे संपादित स्टेम कोशिकाओं को किसी प्रकार से शुक्राणुओं व अंडाणुओं में बदलना ताकि उनके निषेचन से भ्रूण बन सके। यह काम चूहों में किया जा चुका है। इसका दूसरा रास्ता भी है-इन स्टेम कोशिकाओं को संश्लेषित भ्रूण में तबदील कर देना। एक समस्या यह भी आएगी कि भ्रूण तैयार हो जाने के बाद उनके विकास के लिए कोख का इंतजाम करना। इसके लिए टीम को कृत्रिम कोख का इस्तेमाल करना ज्यादा मुफीद लग रहा है क्योंकि हाथी की कोख में विकसित होने के दौरान मैमथ भ्रूण का विकास प्रभावित हो सकता है। लिहाजा स्टेम कोशिकाओं से ही कोख तैयार करने की योजना है। दरअसल, शोधकर्ताओं के लिए यह प्रयास जोखिमग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में कदम है और इससे जीव वैज्ञानिक शोध में मदद मिलने की भी उम्मीद है। जैसे वैकासिक जीव वैज्ञानिक विंसेंट लिंच का विचार है कि हाथियों की स्टेम कोशिकाओं पर प्रयोग यह समझा सकते हैं कि हाथियों को कैंसर इतना कम क्यों होता है।

> **अधिकांश स्टेम कोशिकाएं तैयार करने के लिए इसी विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस असफलता के बाद एरिओना ह्योसोली की टीम ने उस रासायनिक मिश्रण का उपयोग किया जिसके उपयोग से मानव व मूषक कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं का रूप देने में सफलता मिल चुकी थी, लेकिन इस उपचार के बाद हाथियों की अधिकांश कोशिकाएं या तो मर गईं, या उनमें विभाजन रुक गया या कई मामलों में वे इस उपचार से अप्राभावित रहीं, लेकिन चंद कोशिकाओं ने गोल आकार हासिल कर लिया जो स्टेम कोशिका जैसा था। अब टीम ने इन कोशिकाओं को यामानाका कारकों से उपचारित किया, लेकिन सफलता तो तब हाथ लगी जब उन्होंने एक कैंसर-रोधी जीन TP53 की अभिव्यक्ति को ठप कर दिया। इस तरह से शोधकर्ताओं ने एक हाथी से चार कोशिका वंश तैयार किए हैं। अब अगला कदम होगा हाथी की कोशिकाओं में जेनेटिक संपादन करके मैमथ जैसे गुणधर्म जोड़ना। इसके लिए उन्हें यह पहचानना होगा कि वे कौन-से जेनेटिक परिवर्तन हैं जो हाथी को मैमथनुमा बना देंगे। यह काम पहले तो सामान्य कोशिकाओं में किया जाएगा और फिर स्टेम कोशिकाओं में। पहले संपादित स्टेम कोशिकाएं तैयार की जाएगी और फिर उन्हें ऊतकों जैसे बाल या रक्त में विकसित करने का काम करना होगा, लेकिन उससे पहले और भी कई काम होंगे, जैसे संपादित स्टेम कोशिकाओं को किसी प्रकार से शुक्राणुओं व अंडाणुओं में बदलना ताकि उनके निषेचन से भ्रूण बन सके। यह काम चूहों में किया जा चुका है।**



**-स्रोत फीचर्स**

# अमेरिका प्रतिबंध हटाए, तो हम समझौते के लिए तैयार: ईरान

## अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है

**वाशिंगटन।** ईरान ने संकेत दिया है कि अगर अमेरिका प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा के लिए तैयार है तो वह वह अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता समझौते की पेशकश कर सकता है। अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है, जिसमें अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद है।

यह वार्ता छह फरवरी को ओमान में हुए पहले अप्रत्यक्ष दौर के बाद हो रही है, जहां ईरान ने यूरेनियम संवर्धन के अधिकार की मांग की थी, जबकि अमेरिका ने बैलिस्टिक मिसाइलों और हिजबुल्लाह जैसे क्षेत्रीय सहयोगियों पर व्यापक चर्चा के लिए दबाव डाला था। दोनों पक्षों ने पिछली बैठक को एक 'अच्छी शुरुआत' बताया था, हालांकि बड़े मतभेद अभी भी बने हुए हैं। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि ईरान परमाणु समझौते पर अमेरिका के साथ समझौते के लिए तैयार है, बशर्ते अमे. रिकी प्रशासन प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा करने का इच्छुक हो। ईरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची ने भी एक साक्षात्कार में कहा कि अब गेंद अमेरिका के पाले में है कि वह यह साबित करे कि वे समझौता करना चाहते हैं। यदि वे ईमानदार हैं, तो मुझे यकीन है कि हम समझौते की राह पर होंगे। रवांची ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) से कहा कि अगर वे प्रतिबंधों के बारे में बात करने के लिए तैयार हैं, तो हम अपने कार्यक्रम से संबंधित इस और अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के साथ निपटने में कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं और प्रशासन वर्तमान में बातचीत पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ ब्रातिस्लावा में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया है कि वह कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं। अमे. रिका क्षेत्र में सैन्य उपस्थिति बनाए रखते हुए ईरान के परमाणु मुद्दे का कूटनीतिक समाधान तलाश रहा है। इस बीच, ईरानी अधिकारियों ने भी हमला होने पर जवाब देने की तैयारी का संकेत दिया है, जिससे जिनेवा वार्ता से पहले तनाव बना हुआ है। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब ट्रम्प ने अनुपालन के मामले में ईरान के पिछले रिकॉर्ड का हवाला देते हुए संभावित समझौते पर संदेह व्यक्त किया है।

■ अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद

### अमेरिका के साथ वार्ता के दूसरे दौर को जिनेवा रवाना हुए अराघची



**काहिरा।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर के लिए स्विट्जरलैंड के जिनेवा रवाना हो चुके हैं, हालांकि समझौते की शर्तों पर अभी तक दोनों देशों के बीच कोई तालमेल नहीं नजर आ रहा। ईरानी विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, अराघची मंगलवार को होने वाली वार्ता में 'कूटनीतिक और विशेषज्ञ' प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस दौरान उनकी स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस, ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल-बुसैदी तथा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी और अन्य अधिकारियों से मुलाकात होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ करेंगे। यह बैठक छह फरवरी को ओमान की राजधानी मस्कट में हुए पहले दौर की वार्ता के बाद हो रही है, जिसे दोनों पक्षों ने 'अच्छी शुरुआत' बताया था, लेकिन उसमें कोई ठोस सफलता नहीं मिली थी।



**नई दिल्ली। भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान उपस्थित आगंतुक।**

### कनाडा में रूसी विमान की जब्ती का मामला अभी विचाराधीन: ओलेग स्टेपनोव

**ओटावा।** रूसी एयर कार्गो कंपनी 'वोल्गा-ड्निप्र' के मालवाहक विमान संबंधित एन-124 की जब्ती का मामला अभी भी कनाडा की अदालतों में सुना जा रहा है। कनाडा में रूस के राजदूत ओलेग स्टेपनोव ने रूसी संवाद समिति रिया नोवोस्ती को यह जानकारी दी स्टेपनोव ने कहा कि यह मामला अभी भी कनाडा की अदालतों में सुना जा रहा है। इसका मालिक वोल्गा-ड्निप्र इसमें एक पक्ष है। हम एक देश के रूप में इस कार्यवाही में शामिल नहीं हैं और चल रहे मामले के कानूनी विवरणों पर टिप्पणी नहीं कर सकते।

## संक्षिप्त समाचार

### लेबनान में इजरायल के ड्रोन हमलों में चार लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के पूर्वी क्षेत्र में सीरिया से लगी सीमा पर एक गाड़ी को निशाना बनाकर किए गए इजरायली ड्रोन हमले में चार लोग मारे गए। लेबनान की सरक. ारी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि रविवार रात हुए हमले की जगह के पास के गांवों में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। एजेंसी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा टीमों ने गाड़ी के अंदर लगी आग बुझाई और चार लाशें निकालीं। अभी तक इजरायली सेना ने इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### एल साल्वाडोर की नौसेना ने जब्त की 6-6 टन कोकीन

**मेक्सिको सिटी।** एल साल्वाडोर की नौसेना ने 6-6 टन कोकीन ले जा रहे जहाज को पकड़ा है, जो देश के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती है। एल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने सोमवार को यह घोषणा की। इस कोकीन की कीमत करीब 16.5 करोड़ डॉलर है। बुकेले ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारी राष्ट्रीय नौसेना ने एल साल्वाडोर के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती को अंजाम दिया है। बुकेले के मुताबिक, यह अभियान एल साल्वाडोर के तट से 380 समुद्री मील (703.7 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में हुआ।

### मुक्त व्यापार समझौते के करीब ऑस्ट्रेलिया और ईयू: रिपोर्ट

**कैनबेरा।** ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत अपने अंतिम दौर में है और आने वाले हफ्तों में इस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के समाचार चैनल एबीसी न्यूज ने ईयू और ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सला वॉन डेर लेयन बचे हुए 'विवादास्पद मुद्दों' को हल करने के बाद समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, ये विवादास्पद मुद्दे लाल गोश्त के निर्यात से संबंधित हैं।

### रूस पर लगाए गए कनाडा के प्रतिबंध निरर्थक: स्टेपानोव

**वॉशिंगटन।** कनाडा में रूस के राजदूत ओलेग स्टेपानोव ने कहा है कि यूक्रेन सरकार को अपना समर्थन दिखाने के लिए कनाडा रूस पर प्रतिबंध लगा रहा है, लेकिन असल में इन पाबंदियों का कोई व्यावहारिक असर नहीं है। स्टेपानोव ने समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को दिए एक साक्षात्कार में रविवार को कहा कि कनाडा के एकतरफ़ा कदम कमजोरी की वजह से उठाए गए हैं। यह एक मनगढ़ंत कहानी है, ताकि दूसरे मौकों की कमी की वजह से यूक्रेन सरकार को समर्थन दिखाया जा सके।

# यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठाएगी रहमान सरकार!

## बांग्लादेश के 18 मंत्रियों की संपत्ति में इजाफा, यूनुस की प्रॉपर्टी 12 करोड़ हुई, पेरिस जाने की तैयारी में लगे हैं मोहम्मद यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद गठित मोहम्मद यूनुस सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में उछाल आया है। सरकार के मुखिया यूनुस की संपत्ति में एक साल में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यूनुस की संपत्ति अब कुल साढ़े 12 करोड़ रुपये हो गई है, इसमें लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये का उछाल आया है। अंतरिम सरकार के टाप 4 मंत्रियों में सबसे ज्यादा संपत्ति की वृद्धि यूनुस की हुई है।

दूसरे नंबर पर आवास मंत्री अदिलुर रहमान की संपत्ति में 1 करोड़ 23 लाख रुपये की वृद्धि हुई। यूनुस के 21 में से 18 मंत्रियों की संपत्ति बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार नए पीएम रहमान अंतरिम सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में इजाफे की जांच के लिए कमेटी गठित कर सकते हैं। इस सब के बीच यूनुस अब फिर से पेरिस में बसने की तैयारी में हैं। बता दें कि यूनुस बांग्लादेश के एकमात्र नोबेल अवार्ड विजेता हैं। बांग्लादेश में माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में बड़ा नाम यूनुस का शेख हसीना सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हुए थे। लेकिन यूनुस ने अपनी सरकार बनने पर केस वापस कर लिए थे। अगस्त 2024 में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस अंतरिम पीएम के तौर पर शपथ लेते हुए। तारिक रहमान की जीत के साथ ही यूनुस सरकार में आईटी मंत्री रहे फैज अहमद तैयब नीदरलैंड्स लौट गए हैं। फैज के कार्यकाल के दौरान प्ज सेक्टर में उनके द्वारा विदेशी कंपनियों के पक्ष में दिए गए कुछ फैसलों को लेकर आपत्तियां भी आई थीं।

उन पर अनावश्यक हाई-कैपेसिटी इक्विपमेंट खरीद के लिए कुछ कंपनियों को टेंडर जारी करने के भी आरोप हैं। यूनुस सरकार में पर्यावरण मंत्री सैयदा रिजवाना का कहना है कि फैज अपने परिवार के साथ नीदरलैंड्स में ही रहते हैं, वे यूनुस सरकार में शामिल होने के लिए बांग्लादेश लौटे थे। बांग्लादेश के नवनिर्वाचित पीएम रहमान ने रविवार देर शाम जमात के अमीर (प्रमुख) शफीकुर रहमान के साथ मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार रहमान ने संसद के सुचारु संच. ालन के लिए जमात के साथ समझौते पर सहमति भी बनाई है। बता दें कि जमात ने 32 सीटों में धांधली का आरोप लगाया है। दूसरी ओर सूत्रों के अनुसार ढाका में चीन और पाकिस्तान के दूतावासों में बैठकों के दौर तेज हो गए हैं।

पाकिस्तान से लगभग 6 वरिष्ठ आर्मी अफसर पिछले एक पखवाड़े से दूतावास में डेरा जमाए हुए हैं। जमात की हार के बाद पाकिस्तान रहमान सरकार के साथ संबंधों के लिए ग्राउंड वर्क में जुटा है। पूर्व में पाक कट्टरपंथी जमात का समर्थक रहा है। वहीं चुनाव में भारी बहुमत हासिल करने के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) नई सरकार बनाने की तैयारी में है। सरकार ने निर्वाचित सांसदों की आधिकारिक गजट अधिसूचना जारी कर दी है। पार्टी से 2 हिंदू सांसद भी चुने गए हैं। इनमें से ढाका-3 सीट से जीत दर्ज करने वाले गोयेश्वर चंद्र राय को नई कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। राय बीएनपी के प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। वह खालिदा जिया की बीएनपी सरकार में लगभग 30 साल पहले (1991-1996) राज्य मंत्री थे। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद समेत रक्षा मंत्रालय और दूसरे पांच मंत्रालय अपने पास रख सकते हैं। संविधान के अनुच्छेद 148 के मुताबिक, आधिका. रिक नतीजे आने के तीन दिन के भीतर निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ लेनी होती है। 13वें संसदीय चुनाव के निर्वाचित सदस्य मंगलवार को शपथ लेंगे, जबकि कैबिनेट भी उसी दिन बाद में शपथ लेगी। यह जानकारी चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने शनिवार को प्रेस ब्रीफिंग में दी। गोयेश्वर चंद्र राय को तारीक रहमान की कैबिनेट में मंत्री बनाया जा सकता है। गोयेश्वर चंद्र राय बांग्लादेश की राजनीति में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सबसे प्रमुख चेहरों में से एक माने जाते हैं। उनका जन्म 1 नवंबर 1951 को ढाका जिले के केरानीगंज में एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था।

वे 1978 से ही बीएनपी से जुड़े हुए हैं और वर्तमान में पार्टी की स्थायी समिति के सदस्य हैं, जो बीएनपी का सर्वोच्च नीति-निर्माण निकाय है। 1990 के दशक में खालिदा जिया की सरकार में उन्होंने राज्य मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां वे पर्यावरण, वन, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्रालयों के प्रभार में रहे। हाल ही में 12 फरवरी 2026 को हुए 13वें संसदीय चुनाव में उन्होंने ढाका-3 निर्वाचन क्षेत्र से बीएनपी के टिकट पर भारी बहुमत से जीत हासिल की, जहां उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को लगभग 17,000 वोटों से हराया। वे खुद को धरती का बेटा बताते हैं और जोर देते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू या अन्य अल्पसंख्यक अलग नहीं हैं, बल्कि सभी नागरिक समान अधिकारों वाले हैं। जिया परिवार से उनके गहरे संबंध हैं और नई सरकार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की संभावना है।



■ बांग्लादेश में हिंदू नेता को मंत्री बना सकते हैं रहमान, 30 साल पहले भी मिनिस्टर रहे थे गोयेश्वर, इस बार दो हिन्दुओं ने जीता चुनाव

### बांग्लादेश में 4 अल्पसंख्यक सांसद चुने गए, इनमें 2 हिंदू

**ढाका।** बांग्लादेश के आम चुनाव में 4 अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवार सांसद चुने गए हैं। इनमें दो हिंदू, जबकि दो अन्य बौद्ध समुदाय से हैं। हिंदू नेता में गोयेश्वर चंद्र राय और उनके समधी निताई राय चौधरी बीएनपी की टिकट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। निताई राय चौधरी बीएनपी के प्रमुख उपाध्यक्षों में शामिल हैं और शीर्ष नेतृत्व के वरिष्ठ रणनीतिक सलाहकार माने जाते हैं। दोनों ने जमात-ए-इस्लामी के प्रत्याशियों को हराया। तीसरे अल्पसंख्यक सांसद सा. चंग प्रू हैं, जो बंदरबन के पहाड़ी जिले से चुने गए। वे मरमा जातीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं और बीएनपी के वरिष्ठ नेता हैं। चौथे विजेता दिपेन दीवान रंगामाटी सीट से जीते। वे चकमा समुदाय से आते हैं, जो बौद्ध बहुल जनजातीय समूह है। निताई राय चौधरी 30878 वोटों से चुनाव जीतें। बीएनपी के कई नीति-निर्माताओं ने संकेत दिया है कि कैबिनेट बहुत बड़ा नहीं होगा। इसमें 30 से 40 सदस्य शामिल हो सकते हैं। इसमें 2001 की बीएनपी सरकार के पूर्व मंत्री, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य और नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। तारिक रहमान ने कैबिनेट गठन को लेकर वरिष्ठ नेताओं से परामर्श शुरू कर दिया है। हालांकि, किसे कौन सा मंत्रालय मिलेगा, यह शपथ ग्रहण के बाद ही साफ होगा। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि देश को कैबिनेट का अंतिम स्वरूप देखने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। पार्टी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को अगला राष्ट्रपति बनाया जा सकता है। हालांकि, नियुक्ति प्रक्रिया में समय लग सकता है।

## गाजा में पुनर्निर्माण को पांच अरब डॉलर देगा 'शांति बोर्ड': ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा शांति योजना में अंतर्राष्ट्रीय योगदान की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि शांति बोर्ड के सदस्य देशों ने क्षेत्र में मानवीय एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। ट्रम्प ने कहा कि इस पहल को 19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में 'डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान' में अंतिम रूप दिया जाएगा।

यहां 'शांति बोर्ड' के सदस्य बैठक करेंगे। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि शांति बोर्ड में असीम संभावनाएं हैं। वाशिंगटन डीसी के डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान में 19 फरवरी 2026 को शांति बोर्ड के सदस्य मेरे साथ होंगे जहां हम घोषणा करेंगे कि सदस्य देशों ने गाजा के मानवीय और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। साथ ही गाजा के लोगों के लिए सुरक्षा और शांति बरकरार रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्थाईकरण बल एवं स्थानीय पुलिस बल में हजारों कर्मी उतारने का भी वादा किया है। ट्रम्प ने अपने बयान में दावा किया कि उन्होंने अक्टूबर 2025 में गाजा संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने की एक योजना बनाई थी, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एकमत से स्वीकार कर लिया था। उन्होंने कहा कि उनकी पहल ने मानवीय राहत को 'रिकॉर्ड रफ्तार से' जरूरतमंदों तक पहुंचाया।

■ 19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में 'डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान' में अंतिम रूप दिया जाएगा

## बिल गेट्स फाउंडेशन पर घटिया टीकों को बढ़ावा देने का आरोप

**मॉस्को।** रूसी डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रिएव ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी अरबपति बिल गेट्स के फाउंडेशन ने निम्नस्तरीय टीकों को बढ़ावा दिया और बेहतर टीकों के इस्तेमाल में बाधा डाली थी। दिमित्रिएव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह टिप्पणी करते हुए दावा किया कि गेट्स फाउंडेशन ने फंडिग, अनुमोदन, सरकारी समर्थन और मीडिया प्रभाव के जरिए वैश्विक स्तर पर टीकों पर व्यापक नियंत्रण स्थापित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों को 'भ्रमित' किया गया और बेहतर टीकों को अपनाने से रोका गया। उन्होंने फाइनेंसियल टाइम्स की एक रिपोर्ट का हवाला दिया।

# 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया

## बीएलए 10 रिहा किए, 7 अभी भी कैद में, अदला-बदली के लिए 7 दिन की मोहलत

**इस्लामाबाद।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने रविवार को दावा किया कि उसने 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया है। इनमें से 10 को छोड़ दिया गया है, जबकि बाकी 7 को कैद कर लिया है।

इनके बदले बलूच लड़ाकों की रिहाई के लिए पाकिस्तान सरकार को एक हफ्ते की मोहलत दी गई है। यह दावा बीएलए की मीडिया विंग 'हक्काल' के नाम से जारी एक कथित बयान में किया गया है। पाकिस्तान की सेना या सरकार की ओर से इस पर तुरंत कोई आधिका. रिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बयान में इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का दूसरा चरण बताया है। बीएलए के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे। बयान में कहा गया कि उन्हें चेतावनी देकर रिहा किया गया है। बीएलए ने कहा कि बाकी 7 बंदी पाकिस्तान सेना की नियमित यूनिटों के सदस्य हैं।

बयान के अनुसार, उन्हें एक कथित 'बलूच नेशनल कोर्ट' में पेश किया गया। यहां उन पर आम नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई, जबरन गुमशुदगी में मदद और बलूच लोगों के खिलाफ नरसंहार में शामिल होने जैसे आरोप लगाए गए। बीएलए ने दावा किया कि सुनवाई के दौरान आरोपियों को जवाब देने का मौका दिया गया, सबूत पेश किए गए और बयान दर्ज किए गए। इसके बाद उन्हें दोषी ठहराया गया। बीएलए ने कहा कि दोषी ठहराए जाने के बावजूद इस्लामाबाद को 7 दिन का समय दिया जा रहा है, ताकि वह औपचारिक रूप से कैदी अदला-बदली की इच्छा जताए। बीएलए ने 25-26 अगस्त 2024 की रात ब बलूचिस्तान में बड़ा संगठित हमला किया। बीएलए ने इसे ऑपरेशन हेरोफ नाम दिया। ऑपरेशन हेरोफ के तहत बलूचिस्तान के 10 से ज्यादा जिलों में एक ही समय पर कार्रवाई की गई। बलूच भाषा में 'हेरोफ' का मतलब 'तूफान' होता है। बीएलए के निशाने पर पाकिस्तानी सुरक्षा बल, पुलिस, पंजाब प्रांत के श्रमिक और पुल-हाईवे जैसे बुनियादी ढांचे थे। प्रमुख इलाके मुसाखेल, कलात, बेला, मस्तुंग, बोलान और तर्बत रहे। इस हमले में बीएलए के साथ उसका आत्मघाती दस्ता 'मजीद ब्रिगेड' भी शामिल था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस हमले में कम से कम 73 लोगों की मौत हुई। इनमें 31 सुरक्षाकर्मी, 33 नागरिक और 14 हमलावर थे। बीएलए का दावा है कि इस ऑपरेशन 800 लड़ाके शामिल थे और 100 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई।



■ बीएलए के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे

# पाक के सिंध में सड़क दुर्घटना में छह की मौत



■ बचाव टीमों ने शवों को पास के अस्पताल पहुंचाया जहां सभी पीड़ितों की मौत की पुष्टि हो गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक कार और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई।

राहत एवं बचाव दल के अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा नौशहरो फिरोज जिले में हुआ जब प्रांत की राजधानी कराची जा रही एक तेज रफ्तार कार एक ट्रेलर से टकरा गई। अधिकारी ने कहा किब टक्कर बहुत जोरदार थी और कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सभी छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। बचाव टीमों ने शवों को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी पीड़ितों की मौत की पुष्टि हो गई। पुलिस ने कहा कि वे हादसे के सही कारण की जांच कर रहे हैं।

## खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस स्टेशन के बाहर धमाका, दो की मौत, 12 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को हुए एक धमाके में एक बच्चे सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमाका बन्नू जिले में मिरयान पुलिस स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे हुआ। रेस्क्यू 1122 के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बल और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। द डॉन की एक रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से कहा गया कि यह धमाका एक मोटरसाइकिल में लगे टाइम बम के फटने से हुआ। खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंदी ने एक बयान में धमाके की निदा की, मौतों पर दुख जताया और मरने वालों और उनके परिवारों के लिए दुआ की।

उल्लेखनीय है कि यह हाल के दिनों में सिंध में हुई पहली सड़क दुर्घटना नहीं है। इसी प्रांत में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हुए थे। इसके अलावा शुक्रवार को सिंध में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हुई थी।



